RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 24
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की जरूरत

राष्ट्रीय-11

# दिल्ली एनसीआर में बूंदाबांदी, बढ़ेगी ठंड

**● अगले 24 घंटे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम खराब रहेगा, कुछ इलाकों में छिटपुट से हल्की बारिश होने का अनुमान : आईएमडी**

**● रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी,**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में बादलों की आंख मिचौली के बीच सोमवार को बूंदाबांदी हुई। बारिश के बाद पिछले कुछ दिनों से जहरीला हवा में सांस ले रहे दिल्ली वालों को प्रदूषण से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। साथ विभिन्न इलाकों में हुई छिटपुट वर्षा से ठंड भी बढ़ेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक तेज हवा और हल्की बारिश से लोगों प्रदूषण से राहत मिलने की संभावना है। अगले दो से तीन दिनों तक इसी तरह की स्थितियां बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे तक पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव रहेगा। इसकी वजह से दिल्ली के कुछ इलाकों में छिटपुट से हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। साथ ही आने वाले दिनों में बादलों की आवाजाही देखी जाएगी। राजधानी दिल्ली में सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहने के बाद देर शाम हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके साथ ही एनसीआर के शहरों नोएडा, गाजियाबाद में भी बूंदाबांदी का सिलसिला जारी हो गया है। फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी शाम को हल्की बारिश से तापमान में गिरावट आई। हल्की बारिश से लोगों को प्रदूषण से राहत तो मिलेगी, साथ ही अब सर्दी भी बढ़ जाएगी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आरके जेनामनी ने दिल्ली में मौसम बिगड़ने के लिए एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली में बारिश के बाद रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी। इसके बाद दिल्ली एनसीआर के इलाकों में कोहरे की समस्या सामने आएगी। 28 नवंबर से दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब में कोहरा बढ़ेगा। इसका असर यातायात पर भी पड़ेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से दो डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से तीन डिग्री सेल्सियस कम है।



दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को हुई हल्की बरसात से अपने को बचाते लोग

दिल्ली एनसीआर के इलाकों में 1 दिसंबर तक आसमान में बादलों की आवाजाही बरकरार रहेगी। दो दिसंबर से आसमान बिल्कुल साफ नजर आएगा। हालांकि कोहरे की समस्या परेशान कर सकती है। मौसम विभाग ने मंगलवार से तीन दिसंबर तक सुबह के वक्त कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में कोहरे के कारण प्रदूषण की समस्या भी देखी जा सकती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यदि हवा की रफ्तार में तेजी नहीं हुई तो प्रदूषण की समस्या खत्म नहीं होगी। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जेनामणि का कहना है कि अरब सागर से जो नमी उठ रही थी उसमें कमी आ रही है। बादल उत्तर प्रदेश और मध्य भारत की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 36 घंटों में गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र मध्य और दक्षिणी राजस्थान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई है। आईएमडी ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए आंधी तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। गुजरात, उत्तरी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में 150 मिमी तक बारिश हुई है। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। अब यह सिस्टम कमजोर हो रहा है।

## प्रदूषण से राहत नहीं, कई इलाकों का एक्यूआई 400 के पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के कई हिस्सों में सोमवार को हल्की बारिश हुई। इससे वायु गुणवत्ता में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली का औसत एक्यूआई सोमवार रात नौ बजे 391 दर्ज किया गया। जबकि अन्य इलाकों की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार, हवा की गति धीमी होने और आसमान में बादल छाए रहने के कारण वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी के करीब पहुंच गई। आरके पुरम-408, पंजाबी बाग-440, आईआईओ-443, डीयू नार्थ कैंपस- 403, नेहरू नगर-418, अशोक विहार- 428, सोनिया विहार-430, जहांगीरपुर-418, रोहिणी-218, विवेक विहार-417, वजीरपुर-447, बवाना- 430 और मुंडका में एक्यूआई-449 दर्ज किया। राष्ट्रीय राजधानी के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में दिल्ली और उसके उपनगरों में धुंध की मोटी परत छाई रहने से सुबह आठ बजे दृश्यता घटकर 600 मीटर दर्ज की गई। ( शेष पेज 9 )

# तेलंगाना में 'रायथु बंधु' को लेकर राजनीति चरम पर पहुंची

**● चुनाव आयोग ने मतदान से दो दिन पहले योजना की वित्तीय सहायता पर लगाई रोक**

**● बीआरएस, कांग्रेस और भाजपा के बीच है कांटे की टक्कर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

**तेलंगाना** में विधानसभा चुनाव के मतदान से दो दिन पहले चुनाव आयोग ने मौजूदा केसीआर के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार को रायथु बंधु योजना के तहत रबी फसलों के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देने की अनुमति वापस ले लिया है। चुनाव आयोग के अनुसार इस संबंध में एक राज्य मंत्री ने सार्वजनिक घोषणा करके आचार संहिता का उल्लंघन किया। इसके साथ ही राज्य में बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

तेलंगाना में कांटे की टक्कर वाली उच्च स्तरीय चुनावी लड़ाई में, कांग्रेस और भाजपा राज्य में दो कार्यकाल वाले बीआरएस के नेतृत्व वाले चंद्रशेखर सरकार सीधे तौर पर हमला कर रही है। कांग्रेस ने एक दिन पहले बीआरएस के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिसमें कहा गया था कि अनुमति वापस लेना के.चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी के गैरजिम्मेदार और स्वार्थी दृष्टिकोण का परिणाम था, जबकि सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कर रायथु बंधु के वितरण रोकने को कहा है। भाजपा ने अपनी ओर से कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार राज्य में विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए तेलंगाना मीडिया में विज्ञापन दे रही है, क्योंकि उसने चुनाव आयोग से पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर और पार्टी नेता सुधांशु त्रिवेदी और ओम पाठक सहित एक भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को एक शिकायत सौंपी, जिसमें कहा गया कि कांग्रेस ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

राव ने कहा यह रायथु बंधु संवितरण का छठा वर्ष है। यह एक नियमित कार्यक्रम है। कोई नया कार्यक्रम नहीं है। अगर उन्हें लगता है कि रायथु बंधु को रोका गया तो उन्हें वोट मिलेंगे। राव ने पूछा आप (कांग्रेस) कितने दिन रोक सकते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 3 दिसंबर के बाद बीआरएस के सत्ता में लौटने पर किस्त जमा कर दी जाएगी, अन्य राज्यों के साथ चुनाव परिणाम की तारीख जहां इस महीने चुनाव हुए थे।

चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को कुछ शर्तों पर आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान रबी किस्त का वितरण करने की मंजूरी दे दी थी और चुनाव आचार संहिता के दौरान संवितरण का प्रचार नहीं करने को कहा था। राज्य के वित्त मंत्री द्वारा रबी किश्तों के वितरण के बारे में सार्वजनिक घोषणा करने के बाद, चुनाव आयोग ने सख्त संदेश देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अनुमति वापस लेने पर अपना निर्णय बताने को कहा। आयोग ने पाया है कि तेलंगाना सरकार के वित्त और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री टी हरीश राव ने न केवल एमसीसी (आदर्श आचार संहिता) के प्रावधानों का उल्लंघन किया है... बल्कि उपरोक्त शर्तों का भी उल्लंघन किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे चुनाव आयोग के पत्र में कहा गया है, योजना के तहत विज्ञप्ति को प्रचारित किया गया, और इस तरह चल रही चुनाव प्रक्रिया में समान अवसर को बाधित किया गया। ( शेष पेज 9 )

# सीएए का अंतिम मसौदा 30 मार्च तक होगा तैयार : मिश्रा

**● केंद्रीय गृहराज्य मंत्री के बयान पर टीएमसी ने पलटवार करते हुए इसे आगामी चुनाव के लाभ से जोड़ा**

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता



**केंद्रीय गृह** राज्य मंत्री अजय मिश्रा ने रविवार को उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि मतुआ समुदाय के लोगों के अनिश्चितता के दिन खत्म हो गए हैं क्योंकि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का मसौदा तैयार होने की अंतिम प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा था कि सीएए के कार्यान्वयन के संबंध में सभी नियम को अंतिम रूप दिया जा रहा है और जिसे अगले साल 30 मार्च तक पूरा होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री के नागरिकता संशोधन कानून के दावे वाले बयान के एक दिन बाद सोमवार को तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकसभा के आम चुनाव से पहले वोटों का ध्रुवीकरण करने की भगवा पार्टी की गंदी चाल बताया है। ज्ञात रहे कि सीएए का उद्देश्य अफगानिस्तान, बांग्लादेश और बांग्लादेश से आए हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान से भारत में प्रवेश किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि सीएए लागू होने के बाद कोई भी मतुआ समुदाय के लोगों की नागरिकता नहीं छीन पाएगा। इसके लिए पिछले कुछ वर्षों से तकनीकी जटिलताओं को सुलझाने का प्रयास चल रहा है। कुछ महीने बाद मतुआ स्थायी रूप से भारतीय नागरिकता के लिए पात्र हो जाएंगे। लगभग 80-90 लाख की संख्या वाले मतुआ बांग्लादेश के हिंदू अनुसूचित जाति के अप्रवासी हैं, जो आजादी के बाद धार्मिक उत्पीड़न के बाद भागकर भारत आ गए। हालाँकि समुदाय का एक बड़ा हिस्सा अभी भी उस देश में रहता है। मतुआ समुदाय के लोग बंगाल के 3-4 जिलों के वोटिंग पैटर्न पर जबरदस्त प्रभाव डालते हैं। इस समुदाय की उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, नादिया, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और उत्तरी दिनाजपुर जिले में में बड़ी आबादी है। भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर खुद मतुआ हैं और उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर के रहने वाले हैं। टीएमसी प्रवक्ता और सांसद ने केंद्रीय मंत्री के बयान को चुनाव से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण की चाल बताते हुए इसे खारिज कर दिया। शांतनु सेन ने सोमवार को कहा, मतुआ स्वाभिमानी लोग हैं जो कभी भी भाजपा के जाल में नहीं फंसेंगे जो सांप्रदायिक आधार पर मतदाता को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मतुआ पहले से ही भारत के नागरिक हैं। उन्होंने कहा, वास्तविक तथ्य यह है कि वे दशकों से इस देश में रह रहे हैं और वे यहां मतदान कर रहे हैं, उनके पास सभी पहचान पत्र हैं और उन्हें समान अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में वे नागरिकता को वैध बनाने के लिए कानून ला रहे हैं, कल वे देश की बची हुई आबादी के लिए कुछ और कानून लेकर आएंगे। यह मतुआ समुदाय को बेवकूफ बनाने जैसा है जिसका भाजपा फायदा उठाना के समान है और बीजेपी इसका फायदा उठाना चाहती है जिसका उसे चुनाव में करारा जवाब मिलेगा। वे एक बार फिर हारेंगे जैसे वे 2021 में विधानसभा चुनाव में हारे थे, क्योंकि जनता को भाजपा से ज्यादा ममता बनर्जी पर भरोसा है।

# अमेरिका में भारतीय राजदूत से की धक्का-मुक्की

## न्यूयॉर्क स्थित गुरुद्वारे में गुरु पर्व पर मत्था टेकने पहुंचे थे तरनजीत सिंह संधू, खालिस्तानी समर्थकों ने की बदसलूकी

**● सिख समुदाय के लोगों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अमेरिका** में गुरु पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गुरुपर्व पर न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में एक गुरुद्वारे में अरदास की। गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने उनके साथ धक्का-मुक्की की लेकिन सिख समुदाय के लोगों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल दिया। तरणजीत सिंह संधू ने रविवार को एक्स पर लिखा, लॉन्ग आइलैंड के गुरु नानक दरबार में अफगानिस्तान की संगत सहित स्थानीय संगत के साथ गुरुपर्व मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कीर्तन सुना, गुरु नानक के एकजुटता, एकता और समानता के शाश्वत संदेश के बारे चर्चा की, लंगर में शामिल हुआ और सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। खालिस्तानियों के विरोध की आशंका के बीच संधू का हिक्सविले गुरुद्वारे में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सूत्रों ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की करने की कोशिश की लेकिन सिख समुदाय के सदस्यों ने उन्हें बाहर निकाल दिया।



गुरु नानक जयंती समारोह पर न्यूयॉक स्थित लॉन्ग आइलैंड में स्थित गुरुद्वारा में बोलते हुए अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू।

संधू ने गुरुद्वारे में अपने बयान में सिख समुदाय के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अमेरिका में भारतीय राजनयिक उन्हें सभी सहायता और समर्थन प्रदान करेंगे। संधू के साथ इस मौके पर न्यूयॉर्क में महावाणिज्य दूत रणधीर जयसवाल और उप महावाणिज्य दूत वरुण जेफ भी थे। संधू ने भारत-अमेरिका साझेदारी में वृद्धि पर प्रकाश डाला जो स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, नई उभरती प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर या शिक्षा आदि क्षेत्रों से संबंधित है। इस अवसर पर गुरुद्वारा के सदस्यों और पदाधिकारियों ने भारतीय राजदूत का सम्मान किया।

संधू ने सिख गुरुओं, सिखों और अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संपर्कों के बारे में भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि अफगान सिखों ने दिखाया है कि प्रतिकूल स्थितियों का सामना कैसे करना है। संधू ने जिक्र किया कि तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा कर लेने के बाद अगस्त 2021 में सिख धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब के तीन सरूप काबुल से दिल्ली लाए गए थे। संधू के साथ खालिस्तान समर्थकों द्वारा धक्का-मुक्की करने की घटना के प्रसारित वीडियो के अनुसार, गुरुद्वारे में भ्रमण के दौरान कुछ खालिस्तान समर्थकों ने संधू को घेर लिया और इस वर्ष जून में कनाडा में मारे गए खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के बारे में सवाल किए। इससे पहले, संधू ने एक अलग पोस्ट में कहा कि उन्होंने शनिवार को न्यूयॉर्क में श्री गुरु रविदास मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास के प्रसिद्ध शबद में गुरु नानक देव जी का समानता और सभी के एक होने का संदेश है।

## क्विक न्यूज

### इजराइल-हमास संघर्ष विराम दो दिन बढ़ाने पर सहमत

**तेल अवीव।** कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम को अगले दो दिन के लिए बढ़ाने पर सहमति बन गई है। इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम के लिए वार्ता में मिस्र के साथ कतर प्रमुख मध्यस्थ रहा है। यह घोषणा युद्धरत पक्षों के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम के अंतिम दिन की गई है। दूसरी ओर हमास के साथ युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए गए 36 से अधिक फलस्तीनी कैदी वेस्ट बैंक पहुंचे, जहां उनका नायक की तरह स्वागत किया गया। मध्य रामल्लाह में सैकड़ों लोगों ने भूरे रंग की कैदी की पोशाक पहने हुए 39 युवाओ का स्वागत किया। भीड़ ने पुरुषों को अपने कंधों पर उठा लिया। कई लोगों ने विजय चिह्न दिखाए। उन्होंने हमास के हरे झंडे पकड़ रखे थे। हमास द्वारा गाजा पट्टी मे बंधक बनाकर रखे गए 17 लोगों को छोड़ने के बाद इजराइल में फलस्तीनी कैदियो को रिहा किया। युद्ध विराम समझौते के तहत अदला-बदली के दूसरे दौर के तहत इन बंधकों और कैदियों को रिहा किया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में दर्शन पूजन कर सभी देशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य, कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# चार छात्रों की मौत पर घिरी केरल सरकार

**● कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में भगदड़ में 60 हुए थे घायल, दो लोग गम्भीर**

**पायनियर समाचा सेवा।** कोच्चि

**केरल** में माकपा (सीपीआई-एम) के नेतृत्व वाली सरकार वर्ष 2016 के बाद से अपने आठ साल के कार्यकाल में सबसे गंभीर आपराधिक आरोपों में से एक का सामना कर रही है। कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (सीयूएसएटी) में शनिवार की रात हुई भीषण भगदड़ में चार छात्रों की जान चली गई। वहीं इस हादसे और भगदड़ में 60 लोग घायल हुए थे। 18 का इलाज चल रहा है। 7 आईसीयू में हैं जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। राज्य की मार्क्सवादी सरकार के खिलाफ मुखर संगठन विश्वविद्यालय बचाओ अभियान समिति संस्थान ने इस घटना के लिए अधिकारियों की गैर-जिम्मेदारी के साथ ही सरकार को भी घेरा है। इस संगठन ने सीयूएसएटी के कुलपति पीजी शंकरन को तत्काल पद से हटाने और युवा कल्याण बोर्ड के निदेशक पीके बेबी को निलंबित करने की मांग की है।

केरल उच्च न्यायालय के स्थायी आदेशों का उल्लंघन करते हुए आयोजित संगीत संध्या के दौरान यह दुर्घटना हुई। कोर्ट ने विश्वविद्यालय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए थे कि संगीत उत्सव जैसे कार्यक्रम केवल संकाय सदस्यों की प्रत्यक्ष निगरानी में ही आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कोई भी संकाय सदस्य मौजूद नहीं था और वे आपदा के घंटों बाद मौके पर पहुंचे। एसयूसीसी के अध्यक्ष आरएस शशिकुमार ने पायनियर को बताया



फाइल चित्र

कि कोर्ट का निर्देश 2015 में ओणम महोत्सव के दौरान एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र की घटना के बाद आया था। जो अकादमिक जगत के दो सम्मानित शिक्षाविद शशिकुमार और एम शजर खान, सचिव, ने कहा कि मार्क्सवादी सरकार ने राज्य के विश्वविद्यालयों में सभी संकाय और गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों के चयन और नियुक्ति को उलट दिया था। इसी के तहत सीपीआई-एम के सदस्य पीके बेबी को यूजीसी द्वारा निर्दिष्ट वेतनमान पर युवा कल्याण बोर्ड के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया। बेबी केवल एक गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्य था और विजयन के नेतृत्व वाली सरकार में एक शक्तिशाली मंत्री के निर्देश के आधार पर उसे इस पद पर नियुक्त किया गया था। शशिकुमार और शजर खान ने कहा कि उनके पास अनिवार्य योग्यता नहीं है। सरकार को उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर देना चाहिए। लेकिन पिनाराई विजयन सरकार ने जो किया है वह दुर्घटना के विवरण की जांच के लिए गठित समिति में बेबी को नियुक्त करना है। यह एक आरोपी को उसके खिलाफ मामले में न्यायाधीश के रूप में बैठाने जैसा है।

बेबी, एक मंत्रालयिक कर्मचारी को सहायक प्रोफेसर के रूप में नामित किया गया था और उसे वेतन के रूप में प्रति माह 2 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा था। शशिकुमार ने कहा, विवि बचाओ अभियान समिति बेबी को निलंबित करने और दुर्घटना की न्यायिक जांच का आदेश देने के लिए राज्यपाल, जो विवि के कुलाधिपति हैं, को ज्ञापन सौंप रही है। इस बीच सीयूएसएटी के छात्रों ने पायनियर को बताया कि संस्थान भविष्य के मार्क्सवादी नेताओं की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए एक प्रजनन स्थल बन गया है। एक पोस्ट ग्रेजुएट ने कहा, जो लोग मार्क्सवादी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। ( शेष पेज 9 )

# नशे के कारोबार में लिप्त 4 छात्र समेत 9 गिरफ्तार

## कोकीन, विदेशी गांजा, समुद्री गांजा, चरस तथा एमडीएमए समेत अन्य मादक पदार्थ हुआ बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है जो यहां के विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थ उपलब्ध कराता था। गिरफ्तार आरोपियों में चार नोएडा के एक नामी विश्वविद्यालय के छात्र हैं। जबकि पांच विभिन्न जगहों से मादक पदार्थ लाकर इन्हें उपलब्ध कराते है।

पुलिस ने उनके पास से मादक पदार्थ एमडीएमए, कोकीन, विदेशी गांजा, समुद्री गांजा, चरस तथा सफेद रंग का मादक पदार्थ का पाउडर आदि बरामद किया है। पुलिस उपयुक्त जोन प्रथम हरिश चंदर ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस ने बीती रात को एक सूचना के आधार पर एमिटी विश्वविद्यालय के पास से दर्शन जैन छात्र बीबीए एलएलबी एमिटी यूनिवर्सिटी, आदित्य कुमार छात्र एमिटी विश्वविद्यालय बीबीए एलएलबी, अपूर्ण सक्सेना छात्र अमेठी विश्वविद्यालय एमबीए, सागर बजाज छात्र एमबीए एमिटी विश्वविद्यालय तथा राजन, अक्षय, अमित सोम, नरेंद्र कुमार और सत्येंद्र श्रीवास्तव सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ एमडीएमए, शिलांग का गांजा, समुद्री गांजा, सफेद रंग के पाउच में पैक किया हुआ मादक पदार्थ आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे लोग विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से संपर्क करते हैं, तथा उन्हें मादक पदार्थ उपलब्ध कराते हैं। डीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि एमिटी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले चारों छात्र अन्य आरोपियों के साथ मिलकर देश-विदेश से गांजा, चरस, कोकीन, तथा एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ मंगवाते हैं।

ये लोग सोशल मीडिया के माध्यम से छात्र-छात्राओं से संपर्क करते हैं तथा उन्हें मादक पदार्थ सप्लाई करते हैं। उन्होंने बताया गिरफ्तार आरोपी काफी दिनों से इस अवैध कारोबार में संलिप्त थे।

डीसीपी ने बताया कि इनके पास से एक कार और दो दो पहिया वाहन भी बरामद हुआ है। इससे गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि इनसे मिली जानकारी के आधार पर कुछ अन्य लोगों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गोरख धंधे में छात्र-छात्राओं के अलावा यहां के विभिन्न विश्वविद्यालय के हॉस्टलों के वार्डन और अध्यापक तो संलिप्त तो नहीं हैं।

### नशीले पदार्थ के साथ पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने रविवार रात को तीन मादक पदार्थ तस्करों के पास से 72 किलोग्राम 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार राठी ने रविवार रात को एक सूचना के आधार पर बीटा-दो थाना क्षेत्र में परी चौक के पास एक दुकान के पास से लाखों रुपए मूल्य का 72 किलो और 300 ग्राम अवैध गांजा तथा गांजा तस्करों में इस्तेमाल एक कार बरामद की। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन मादक पदार्थ तस्करों चांद उर्फ चंदू, इरशाद तथा राशीद को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी आंध्र प्रदेश से गांजा खरीद कर लाते थे और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बेचते थे। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य मामले में दादरी थाने की पुलिस ने अलग अलग जगहों से सुभाष तथा रविंद्र सिंह नामक दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से साढ़े तीन किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### संविधान दिवस पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर गिरफ्तार

**नोएडा।** सोशल मीडिया पर कथित रूप से संविधान के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रविवार को संविधान दिवस पर यह कथित टिप्पणी की थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया, स्थानीय जारचा थाने में आरोपी के खिलाफ रवि कुमार नामक व्यक्ति ने रविवार रात को लिखित में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी की पहचान भानु उर्फ जएश के रूप में हुई जो बिसहड़ा गांव का निवासी है। आरोपी को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है जारचा के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी बेरोजगार है।

### गढ़ में 25 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**गाजियाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने पूर्वजों को दीपदान कर गंगा मे अस्था की डुबकी लगाई। गढ़मुक्तेश्वर खादर क्षेत्र में लगने वाले ऐतिहासिक व पौराणिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में दीपदान पर्व पर 25 लाख श्रद्धालुओं ने पड़ाव डालकर गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सडकों पर वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण लाखों श्रद्धालुओं को गंगा मेले तक पैदल सफर करना पड़ा। मेले का मुख्य स्नान आज सुबह 4 बजे से शुरू हो गया था। मेला क्षेत्र समेत गंगानगरी ब्रजघाट के तट पर रविवार की शाम तक 25 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके थे। दीपदान पर्व पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमडने से मेला मार्ग, गढ़ चौपला समेत अन्य संपर्क मार्गों पर वाहनों का दबाव बढने से गंगा तट तक जाने के लिए पैदल चलना पड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, प्रमोद नागर, प्रशासनिक अधिकारी देवीदास समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने दीपदान पर्व के मद्देनजर मेला क्षेत्र में मुख्य स्नानघाट समेत अन्य घाटों और बाजारों में लगातार निरीक्षण किया। रेखा नागर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को गंगा में लगाई गई बैरिकेडिंग समेत अन्य सुविधाओं पर लगातार नजर बनाए रखने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

### दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा मुन्ना भाई गिरफ्तार

**नोएडा।** लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) द्वारा आयोजित की गई स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा में दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहे एक व्यक्ति को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नितेश है। उन्होंने बताया कि नितेश, जालान सिंह नामक व्यक्ति की जगह परीक्षा दे रहा था। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्सिंग की परीक्षा कल सेक्टर 62 स्थित इंडस वैली स्कूल में चल रही थी। परीक्षा केंद्र के व्यवस्थापक ने नितेश को दूसरे की जगह पेपर देने के आरोप में पकड़कर सेक्टर 58 पुलिस के हवाले किया।

### प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

**गाजियाबाद।** सूर्य नगर गुरुद्वारा से गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व पर नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन पॉच पियारों की अगुवाई में तथा श्री गुरु ग्रंथ साहब की छत्रछाया में सूर्यनगर, रामपुरी, ब्रिजविहार, चन्द्रनगर, रामप्रस्थ होते हुए वापिस सूर्य नगर गुरुद्वारा पर समाप्त होगा। इस मौके पर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रनबीर सिंह भाटिया ने अल्पसंख्यक आयोग यूपी के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद विनय चौधरी, शशि खेमका, जय भगवान अग्रवाल, अनमोल खन्ना, आतंकवाद विरोधी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह जग्गी, लिंक रोड थाना प्रभारी प्रीति सिंह को सरोपा भेंट किया।

## ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों पर हमला, सर्विस हथियार लूटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गाजियाबाद में ग्रामीणों ने नोएडा पुलिस के कुछ कर्मियों पर कथित तौर पर हमला किया तथा उनसे एक सर्विस हथियार लूट लिया।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमले में नोएडा सेक्टर 63 थाने के दो पुलिस कर्मी घायल हो गए, जो रविवार को जांच के सिलसिले में गाजियाबाद के मसौता गांव गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि हमला एक निजी कार में सवार पुलिस टीम और कुछ स्थानीय लोगों के बीच पुलिया पर वाहन को गुजरने देने को लेकर बहस के बाद हुआ। गाजियाबाद के मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त नरेश कुमार ने कहा, नोएडा पुलिस की टीम नोएडा में दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में गाजियाबाद के मसूरी थाना क्षेत्र के मसौता गांव आई थी।

### लाउडस्पीकर बजाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में स्थित 188 सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर पुलिस द्वारा चेक किया गया, जिसमें 47 लाउडस्पीकर की ध्वनि की आवाज को मानक के अनुरूप करवाया गया तथा 17 लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए। इस मामले में 17 लोगों को नोटिस दिया गया एवं 21 लोगों के विरुद्ध 107/116 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि विशेष अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन के तहत विशेष अभियान चलाया गया।

## नोएडा में रईसजादों ने की स्टंटबाजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● पुलिस ने पांच गाड़ियों को किया जब्त, मामला दर्ज

पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में स्टंटबाजो के खिलाफ पुलिस लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। ऐसा ही मामला रविवार रात देखने को मिला, जब कुछ युवक गाड़ियों में सवार होकर स्टंटबाजी कर रहे थे और एक गाड़ी से कुछ युवक पैसे भी उड़ा रहे थे। इसकी सूचना ट्रैफिक पुलिस को मिली। इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी गाड़ियों को बिसरख थाना क्षेत्र में पकड़ लिया गया और पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया।

रविवार रात को आधा दर्जन गाड़ियां स्टंट बाजी कर रही थी। दरसअल सेक्टर-37 के पास से यह गाड़ियां निकली। इन गाड़ियों की खिड़कियों से बाहर युवक निकले हुए थे और स्टंटबाजी कर रहे थे। इसके अलावा एक गाड़ी से एक युवक नोट भी उड़ा रहा था। जब यह गाड़ियां सेक्टर 37 के पास से गुजरी तो किसी व्यक्ति के द्वारा इसका वीडियो बना लिया गया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो वायरल होते ही नोएडा की ट्रैफिक पुलिस हरकत में आ गई। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने तत्काल इन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र में इन सभी गाड़ियों को पकड़ लिया। इस दौरान वीडियो में दिख रही पांच गाड़ियों को सीज कर दिया गया और इन सभी गाड़ियों के करीब 33000 के चालान भी काटे गए।

हुड़दंग मचा रहे युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग दिल्ली से अपने दोस्त की बारात में आए हुए थे। इस दौरान यह लोग स्टंट बाजी करने लगे लेकिन नोएडा पुलिस की शख्ती के चलते इन्हें स्टंट बाजी करना भारी पड़ गया। नोएडा के डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव ने बताया कि कुछ युवकों के द्वारा गाड़ियों से स्टंट किया जा रहा था।

## 23वीं मंजिल से गिरकर आस्था की टूटी थी पांच हड्डियां

● पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा, मानसिक तनाव के चलते की थी आत्महत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में 23वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाली मेडिकल स्टूडेंट आस्था शर्मा की मौत शॉक व हेमरेज गहरा आघात लगना से हुई थी। बिजनेसमैन के फाउंटेन में इतनी ऊंचाई से गिरकर आस्था के शरीर की पांच हड्डियां टूट गई थीं।

ये बात पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उजागर हुई है। रिपोर्ट के अनुसार. गर्दन, सिर, कूल्हे, कंधे और कमर की हड्डियां टूटी पाई गई हैं। डॉक्टरों का मानना है कि आस्था जब फाउंटेन में गिरी तो उसकी नाक से खून बहा। जैसा घटनास्थल पर पड़े शव की तस्वीरों में भी दिख रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस में किसी भी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम इलाके में एडवांटेज सोसाइटी हैए जो इस शहर की सबसे पॉश है। 25 नवंबर की सुबह 11वें टॉवर के पास बिजनेसमैन अमित जैन के फाउंटेन में एक युवती का शव पड़ा मिला। उसकी पहचान आस्था शर्मा के रूप में हुई। वो गाजियाबाद के संतोष मेडिकल कॉलेज से बैचलर ऑफ डेंटिस्ट कर रही थी। आस्था 24 नवंबर को अपने फ्रेंड रोहित खन्ना के फ्लैट पर आई थी और उसी शाम को पौने 7 बजे के आसपास उसने 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि सोसाइटी वालों को आत्महत्या के बारे में अगली सुबह पता चला। पुलिस ने आस्था के परिजनों से बातचीत के बाद दावा किया कि वो काफी दिनों से डिप्रेशन में थी और इसकी दवाइयां भी ले रही थी। घटना के पांच दिन पहले से वो मोबाइल भी यूज नहीं कर रही थी। उसका मोबाइल दिल्ली के विकासपुरी स्थित घर पर मौजूद मिला है।

## मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● बदमाश के खिलाफ लूटपाट सहित 14 आपराधिक मामले हैं दर्ज

बिसरख थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के पुलिस मुठभेड़ के बाद एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (जोन द्वितीय) सुनिति ने बताया कि सोमवार सुबह बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस बदमाशों की तलाश में जांच कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल से दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस कर्मियों पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनका पीछा किया। लेकिन हड़बड़ाहट में उनकी मोटरसाइकिल गिर गई। पुलिस से खुद को घिरा पाकर बदमाश गोली चलाते हुए भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे एक बदमाश मनोज चतुर्वेदी घायल हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चतुर्वेदी दिल्ली के सदर बाजार का निवासी है। पुलिस ने बताया कि बदमाश का एक साथी मौके से भाग निकला। उन्होंने बताया कि बदमाश के पास से लूटा हुआ एक मोबाइल फोन, देसी तमंचा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। डीसीपी ने बताया कि उक्त बदमाश के खिलाफ लूटपाट सहित 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## कबाड़ के टाइल्स से बनेंगे फुटपाथ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने सीआरआरआई के साथ बैठक कर दी सहमति, देश का बनेगा पहला शहर

आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान सीआरआरआई से हाथ मिलाया है।

प्राधिकरण सीआरआरआई के साथ बहुत जल्द करार करने जा रहा है। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने में इस्तेमाल करने की भी तैयारी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष एसीईओ मेधा रूपम और अन्नपूर्णा गर्ग की मौजूदगी में सीआरआरआई की प्रस्तुतिकरण में इस पर सहमति बन गई है।

सीईओ ने सभी वर्क सर्कल को मॉडल रोड चिह्नित कर वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए हैं। अगर फुटपाथ बनाने में पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल हुआ तो ग्रेटर नोएडा ऐसा करने वाला देश का पहला शहर बन जाएगा। अच्छी सड़क ग्रेटर नोएडा की पहचान है।

इसे और बेहतर बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रयासरत है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर ईको फ्रेंडली तथा अधिक गुणवत्तापरक सड़कें बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीआरआरआई को सलाहकार एजेंसी के रूप में अपने साथ जोड़ने की तैयारी कर रहा है। प्राधिकरण अगले दो सप्ताह में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के साथ करार करने जा रहा है।

करार हो जाने पर केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा। प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलीथिन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा।

प्राधिकरण संस्थान को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी। ऐसे में ये पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होंगी। इसकी दरें कम होने से बचत भी होगी।


**इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
सीआईएन–एल10719डीएल1995पीएलसी277176
पंजीकृत कार्यालय : 288, बेसमेंट, एजीसीआर एन्क्लेव, दिल्ली–110092, भारत
कार्पोरेट कार्यालय : बी–16, द्वितीय तल, सेक्टर–2, नोएडा–201301, भारत
ई–मेल : info@integratedindustries.in वेबसाइट : www.integratedindustries.in मोबाइल : +91 9811060171 फोन : 011 45511351 फैक्स : 011 45511351

**फैक्स 02/2023–24 अ–साधारण सामान्य बैठक की सूचना, ई वोटिंग जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध ("कम्पनी") के सदस्यों की 02/2023–24 अ–साधारण सामान्य बैठक बुधवार, 20 दिसम्बर, 2023 को दोपहर 12.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("वीसी/ओएवीएम") के माध्यम से, ईजीएम में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित सदस्यों की गणना अधिनियम की धारा 103 के तहत गणपूर्ति के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

सर्कुलर्स के अनुपालन में, ईजीएम सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जिनकी ई–मेल आईडी'ज कम्पनी/रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेन्ट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट ("डीपी") के पास पंजीकृत हैं। सभी सदस्यों को ई–मेल भेजने का कार्य 27 नवम्बर, 2023 को पूरा किया जा चुका है। उपरोक्त दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट : www.integratedindustries.in, स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।

ई–मेल पता, मोबाइल नंबर तथा बैंक खाता आदेश पंजीकृत/अद्यतन करने की विधि

जिन सदस्यों की ई–मेल आईडी'ज पहले से कम्पनी/आरटीए/डीपी के पास पंजीकृत हैं, वे ईजीएम की सूचना में उपलब्ध कराए गए रिमोट ई–वोटिंग और ईजीएम में ई–वोटिंग हेतु अनुदेशों का पालन करें। जिन सदस्यों ने अपनी ई–मेल आईडी'ज पंजीकृत नहीं करवाई हैं, उनसे अनुरोध है कि उसका पंजीकरण, कम्पनी से सूचनाओं इत्यादि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए, नीचे वर्णित प्रक्रिया के अनुसार करवा लें :

- जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर भौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि एक विधिवत हस्ताक्षरित प्रपत्र आईएसआर–1, समर्थन दस्तावेजों के साथ कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड शेयर ट्रांसफर एजेन्ट–स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को उनके कार्यालय स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी–153/ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1, नई दिल्ली 110020, फोन : 011 40450193 197 ; अथवा ई मेल द्वारा admin@skylinerta.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in पर उपलब्ध है।
- जिन सदस्यों ने कम्पनी के इक्विटी शेयर अभौतिक रूप में धारण किए हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई मेल पता, मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के माध्यम से अपने संबंधित डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत/अद्यतन करवाएं।

**रिमोट ई–वोटिंग और ईजीएम में ई–वोटिंग हेतु अनुदेश**

उक्त अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 ("सूचीयन विनियमावली") के विनियम 44 के अनुसरण में, सदस्यों को ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डालने हेतु सुविधा, रिमोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से (ईजीएम से पहले) और ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से (ईजीएम में) उपलब्ध कराई जाएगी। वोट डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। ईजीएम में ई वोटिंग सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी, जो वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हैं तथा प्रस्तावों पर अपना वोट रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से नहीं डाला है। जो सदस्य ईजीएम से पहले अपना वोट रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं परंतु ईजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

1. ईजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन ई वोटिंग के रूप में इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा।
2. सदस्य(यों) के वोटिंग अधिकार कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग/ईजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का हकदार होगा।
3. कोई व्यक्ति, जो ईजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट ऑफ तिथि अर्थात बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023 को शेयरों का धारक है, वह अपने फोलियो नंबर/डीपी आईडी तथा क्लाइंट आईडी के उल्लेख के साथ एक ई–मेल evoting@nsdl.co.in अथवा info@skylinerta.com पर भेजकर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो अपनी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।
4. रिमोट ई–वोटिंग अवधि रविवार, 17 दिसम्बर, 2023 को पूर्वा. 09.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा मंगलवार, 19 दिसम्बर, 2023 को अप. 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद सदस्य को उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
5. इस अवधि के दौरान, भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल सकते हैं।
6. सदस्यों को ईजीएम में ई वोटिंग हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा ईजीएम में उपस्थित जिन सदस्यों ने ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ईजीएम में वोट डालने हेतु ग्राह्य होंगे।
7. जो सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु ईजीएम में पुनः वोट डालने हेतु ग्राह्य नहीं होंगे।
8. रिमोट ई वोटिंग, ईजीएम में ई वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया तथा विधि और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से ईजीएम में उपस्थित होने संबंधी अनुदेश ईजीएम की सूचना में दिए जा रहे हैं तथा कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
9. किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे गए प्रश्न (एफएक्यू'ज) देखें अथवा शेयरधारकों के लिए यूजर मैनुअल देखें अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर कॉल करें अथवा evoting@nsdl.co.in पर एनएसडीएल को अनुरोध भेजें, जो इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग संबंधी सभी शिकायतों का निवारण करेंगे।
10. निदेशक मंडल ने सुश्री लवलीन गुप्ता (एफसीएस नंबर 5287), अभ्यासरत कम्पनी सचिव, को ईजीएम के दौरान ई वोटिंग तथा ईजीएम से पहले रिमोट ई वोटिंग की प्रक्रिया के निष्पक्ष और पारदर्शी संवीक्षण के लिए संवीक्षक नियुक्त किया है।
11. परिणाम, ईजीएम के समापन के दो कार्य दिवस के भीतर घोषित किए जाएंगे और उनको संवीक्षक की समेकित रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट www.integratedindustries.in और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा बीएसई लिमिटेड को www.bseindia.com पर सूचित किए जाएंगे।

वास्ते इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
(पूर्वतः इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
हस्ता./–
दिनांकित : 28–11–2023 (प्रियंका)
स्थान : दिल्ली कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी



**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक, रीको, रानपुर, कोटा।**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या **जी-259, क्षेत्रफल 1500 वर्गमीटर, औद्योगिक क्षेत्र एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा** का हस्तांतरण दिनांक **14.11.2018** को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख, शपथ पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजो के जरिये प्रोपराईटरशिप **फर्म मैसर्स एल.के.इण्डट्रीज से पार्टनरशिप फर्म अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** के पक्ष में दिनांक 15.03.2019 को किया गया।
भूखण्ड संख्या **जी-266, क्षेत्रफल 1548** वर्गमीटर, औद्योगिक क्षेत्र **एग्रो फूड पार्क द्वितीय चरण, रानपुर, कोटा** का हस्तांतरण का हस्तांतरण दिनांक **16.11.2018** को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख, शपथ पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजो के जरिये प्रोपराईटरशिप **फर्म मैसर्स एम. बी. एग्रो फूड्स से पार्टनरशिप फर्म अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** के पक्ष में दिनांक **13.03.2019** को किया गया। **अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी**, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में क्रम संख्या **AAI-9802** से पंजीकृत है एवं **उक्त एलएलपी फर्म में कुल 11 पार्टनर्स थे।**
दिनांक **31.05.2020** को **अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** द्वारा प्रथम सप्लीमेंट्री एलएलपी एग्रीमेंट के माध्यम से उक्त फर्म में 11 पार्टनर में से 7 पार्टनर क्रमशः श्रीमती संगीता जैन, श्रीमती त्रिशिला जैन, श्रीमति अदिति जैन, श्रीमति आयुषी जैन श्रीमती पुष्पा जैन श्री अंकित जैन एवं श्रीमती मेधा जैन रिटायर हो गये है एवं 4 पार्टनर फर्म में क्रमशः, श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन शेष है।
उक्त दोनों **(भू०सं० जी–259 एवं जी–266)** हस्तांतरी भूखण्डों की **फर्म अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी** जरिये पार्टनर्स द्वारा शपथ पत्र, प्रथम सप्लीमेंट्री एलएलपी एग्रीमेंट दिनांक **31.05.2020**, सी.ए.प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के आधार उक्त भूखण्ड का संविधान परिवर्तन शेष रहे पार्टनर क्रमशः श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन के पक्ष में करने हेतु निवेदन दिनांक 05.10.2023 को किया गया है। यहां यह भी विदित है कि उक्त फर्म की एक पार्टनर श्रीमती त्रिशिला जैन की मृत्यु दिनांक 13.05.2023 को हो गई है।
भूखण्ड संख्या **जी–259 एवं जी–266, औ० क्षे० एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा (राजस्थान)** के संविधान परिवर्तन उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर **अमरधन स्पेश्यलिटी फीड्स एलएलपी पार्टनर्स** श्री कमलदीप जैन, श्री विकास जैन, श्री अंकुर जैन एवं श्री गर्वित जैन के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही अमल मे लाये जाने से पूर्व इस आम सूचना के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अगर किसी भी व्यक्ति / फर्म अथवा सरकारी / अर्ध सरकारी संस्थान अथवा वित्तीय संस्थान को भूखण्ड संख्या **जी–259 एवं जी–266, औ०क्षे० एग्रो फूड पार्क द्वितीय, रानपुर, कोटा (राजस्थान)** के संविधान परिवर्तन के सम्बंध में किसी प्रकार की यदि कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूत के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। कृपया विदित रहे कि दी गई मियाद निकलने के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी शिकायत, / आपत्ति पर कोई गौर नही फरमाया जायेगा और नियमानुसार प्राप्त उपरोक्त अंकित आवेदन पत्र / दस्तावेजों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार भूखण्डों के संविधान परिवर्तन की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक
रीको, रानपुर, कोटा



**सार्वजनिक सूचना**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि** B–16, सेक्टर–1, नोएडा, उ०प्र०, स्थित औद्योगिक भूखंड जो उप निबंधक कार्यालय प्रथम, नोएडा की बही सं० 1, जिल्द सं० 22, पृष्ठ सं० 324 से 347, क्र० सं० 840 दिनांक 28.11.1980 में पंजीकृत है, के मूल आवंटी श्री श्याम लाल बंसल द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयत दिनांक 03.02.2023 के अनुसार उनके मरणोपरांत उपरोक्त औद्योगिक भूखंड को उनके पुत्र श्री मनोज बंसल के पक्ष में नामांतरित किया जा रहा है।
इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है और उसके पास उक्त संपत्ति के मूल आवंटी द्वारा दिनांक 03.02.2023 के पश्चात पारित कोई अन्य पंजीकृत वसीयत है, वह वसीयत की सत्यापित प्रति के साथ और यदि कोई अन्य वसीयत न होने पर भी किसी को आपत्ति है तो इस संबंध में संबन्धित न्यायालय में वाद प्रस्तुत कर कृपया अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशित होने के **30 दिवस के अंदर** नोएडा प्राधिकरण के औद्योगिक विभाग में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात कथित भूखंड का नामांतरण वसीयतधारक के पक्ष में कर दिया जाएगा।

मनोज बंसल



**सार टेलीवेंचर लिमिटेड**
(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड)
सीआईएन : यू45202एचआर2019पीएलसी080514
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 346 ए, द्वितीय तल, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122016, हरियाणा
सम्पर्क : +91–8587050050, ई–मेल : info@sarteleventure.com

**30–09–2023 को समाप्त अर्द्ध–वर्ष हेतु पृथक्कृत अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 6 माह समाप्त 30–09–2023 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 30–09–2022 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 321.94 | 320.91 | 324.85 | 645.77 | 475.35 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व#) | 54.23 | 20.03 | 97.7 | 117.73 | 2.73 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 54.23 | 20.03 | 97.7 | 117.73 | 2.73 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 41.08 | 13.98 | 64.8 | 78.78 | 3.71 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 41.08 | 13.98 | 64.8 | 78.78 | 3.71 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 210 | 4.18 | 65.29 | 65.29 | 4.18 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 2673.14 | 11.89 | 823.13 | 823.13 | 11.89 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | |
| | 1. मूल | 0.52 | 6.7 | 10.04 | 18.47 | 1.78 |
| | 2. तनुकृत | 0.52 | 6.7 | 10.04 | 18.47 | 1.78 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। अर्द्ध–वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है। ये परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.sarteleventure.com पर भी उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणामों का सम्यक् पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी 27–11–2023 को आयोजित बैठक में किया गया है।

वास्ते सार टेलीवेंचर लिमिटेड
(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
तिथि : 27–11–2023 (राहुल सचदेव)
स्थान : हरियाणा प्रबंध निदेशक

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 नवंबर , 2023



# राजधानी के कई इलाकों में दो दिन जलापूर्ति रहेगी बाधित: जल बोर्ड

● केशोपुर और पीरागढ़ी चौक पर पानी के इंटरकनेक्शन के बंद रहने के कारण होगी परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के रोहिणी समेत कई इलाकों में बुधवार और बृहस्पतिवार को पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि केशोपुर और पीरागढ़ी चौक पर पानी के इंटरकनेक्शन के बंद रहने के कराण राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में बुधवार और बृहस्पतिवार को पानी नहीं आएगा।

बोर्ड ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि रोहिणी के सेक्टर, सात, आठ, नौ, 11, 13, 22, 23 और 25, मधुबन चौक, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, पश्चिम विहार, मेजर भूपेंद्र सिंह नगर, महावीर नगर, कृष्ण पार्क, जनकपुरी और उनके पास पास के इलाकों में 29 और 30 नवंबर को जलापूर्ति बाधित रहेगी।

बोर्ड ने कहा कि 29 नवंबर सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक केशोपुर नाला और पीरागढ़ी (रोहतक रोड) के बीच इंटरकनेक्शन के बंद रहने के कारण इन इलाकों में पानी नहीं आएगा या कम दबाव में पानी आएगा।

बोर्ड ने कहा कि लिहाज़ा लोगों से आग्रह किया जाता है कि वे अपनी ज़रूरत के हिसाब से पानी का भंडारण करके रख लें। उसने यह भी कहा कि अनुरोध पर ही पानी के टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# दूषित पानी की शिकायत का 48 घंटे में करे समाधान : आतिशी

● मंत्री ने डीजेबी सीईओ को लिखा पत्र, खराब पानी की आपूर्ति पर नपेंगे अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पॉश इलाके न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में दूषित पानी की समस्या पर ध्यान नहीं देने वाले दिल्ली जल बोर्ड अधिकारी व कर्मचारी नपेंगे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल मंत्री आतिशी मर्लेना ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखा है। है। पत्र में उन्होंने समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए शिकायत का 48 घंटे में समाधाने करने का निर्देश दिया है। साथ ही जल बोर्ड से मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। आतिशी ने कहा कि भविष्य में कोई लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आतिशी ने कहा उन्हें डी-ब्लॉक, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में पानी के दूषित होने के संबंध में गंभीर शिकायत मिली है। संलग्न तस्वीरों से पता चलता है कि इलाके के निवासियों को उनके नलों के माध्यम से गंदा पानी मिल रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। यह चौंकाने वाली बात है कि राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को साफ पानी नहीं मिल रहा है।

यह सुनिश्चित करना दिल्ली जल बोर्ड की जिम्मेदारी है कि दिल्ली के प्रत्येक निवासी को स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिले। अगर यह जिम्मेदारी पूरी नहीं हो रही है तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जल बोर्ड के सीईओ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दूषित पानी की समस्या का समाधान 48 घंटे के भीतर किया जाए और इस पर एक अनुपालन रिपोर्ट भी दी जाए।

# बकाया भुगतान न होने पर जलबोर्ड ठेकेदार हड़ताल पर

● संघ ने विरोध करते हुए जल रिसाव, जलापूर्ति के रखरखाव सहित अन्य कामों पर 27 नवंबर से लगाई रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ठेकेदार संघ के महासचिव विनय मंगला ने कहा कि बकाए का भुगतान न होने के कारण ठेकेदार सोमवार से हड़ताल पर हैं। उन्होंने दावा किया कि लगभग 1,150 ठेकेदार तब तक अपना काम बंद रखेंगे, जब तक सभी को भुगतान नहीं किया जाता।

उन्होंने कहा, यह एक खुली हड़ताल है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह एक सप्ताह तक चलेगी। दिल्ली जल बोर्ड ठेकेदार कल्याण संघ ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर कहा था कि ठेकेदार बकाए का भुगतान न किए जाने के कारण चल रहे सभी कार्यों को रोक देंगे। उन्होंने कहा, विस्तृत विचार-विमर्श और कोई विकल्प न मिलने के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जल रिसाव, जल संदूषण, जलापूर्ति के रखरखाव सहित अन्य कामों को 27 नवंबर से रोक दिया जाएगा। इस साल फरवरी से लंबित बकाए को लेकर 23 नवंबर को संघ की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। संघ ने कहा कि बकाया राशि प्राप्त होने के बाद ही ठेकेदारों द्वारा काम शुरू किया जाएगा। डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने कहा कि दिल्ली सरकार पिछले तीन महीनों से बोर्ड के लिए धन जारी कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। भारती ने कहा, जल मंत्री ने इस संबंध में वित्त विभाग को बार-बार निर्देशित किया है और यहां तक कि यह सुनिश्चित करने के लिए उपराज्यपाल को भी पत्र लिखा।

वित्त मंत्री के निर्देश के बावजूद वित्त विभाग ने पिछले तीन महीनों से धन जारी नहीं किया है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दावा किया था कि वित्त विभाग द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को धनराशि रोके जाने के कारण शहर मानव निर्मित जल संकट का सामना कर रहा है और उन्होंने इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। सरकारी सूत्रों मुताबिक, मंत्री ने उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में आरोप लगाया कि मुख्य सचिव की सलाह पर वित्त सचिव आशीष सी. वर्मा ने अगस्त से दिल्ली जल बोर्ड के सभी फंड रोक दिए हैं।

# दिल्ली में सीवेज शोधन संयंत्र परियोजनाओं में घोटाला : भाटिया



● राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाते हुए केजरीवाल का मांगा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली जल बोर्ड द्वारा संचालित सीवेज शोधन संयंत्रों के उन्नयन के लिए निविदा प्रक्रिया में घोटाले का सोमवार को आरोप लगाया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से तत्काल इस्तीफे की मांग की।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि दिल्ली जल बोर्ड ने शहर में पांच सीवेज शोधन संयंत्रों (एसटीपी) के उन्नयन और पांच अन्य के उन्नयन व क्षमता वृद्धि के लिए बोलियां आमंत्रित की थीं। भाटिया ने दावा किया कि परियोजनाओं की अनुमानित लागत करीब 1,500 करोड़ रुपए थी लेकिन ठेकेदारों को 1,938 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई दर से ठेके दिए गए। उन्होंने कहा, बोलियां आमंत्रित की गई थीं और कार्टेलाइजेशन के बाद ही निविदाएं दी गईं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी ईमानदार ठेकेदार को परियोजना न मिले। यह चिंताजनक है, अरविंद केजरीवाल आपने एक और घोटाला किया है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, अरविंद केजरीवाल के तंत्र को देखिए। एल। (सबसे कम) बोली 392 करोड़ रुपए की थी लेकिन ठेका 408 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई लागत पर दिया गया। प्रथम दृष्टया यह ठेका देने में 450-500 करोड़ रुपए का घोटाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई भ्रष्टाचार के पर्याय हैं और लूट में माहिर हैं तो वह सिर्फ और सिर्फ कट्टर बेईमान अरविंद केजरीवाल हैं।

उन्होंने कहा, ... अगर थोड़ी सी भी शर्म बची है तो अरविंद केजरीवाल को तुरंत दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, यह 2012-13 में आपकी ही राजनीति थी कि अगर किसी पर कोई आरोप लगता है तो उसे निर्दोष साबित होने तक तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मुद्दे को उठाते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और उपराज्यपाल वी के सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली जल बोर्ड द्वारा संचालित सीवेज शोधन संयंत्रों के उन्नयन के लिए निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की है। सचदेवा ने आरोप लगाया, सलाहकार द्वारा एकल उद्धरण के आधार पर अनुमानित लागत तैयार किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित लागत बाजार दर से अधिक थी। इस प्रक्रिया के दौरान मदों व कार्यों (मुख्य रूप से सिविल कार्यों) की दरें उच्च पक्षों के हिसाब से तैयार की गईं और उसके बाद 1,938 करोड़ रुपए में काम दिए गए, जो 1,508 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 28 प्रतिशत अधिक है।

भाटिया ने केजरीवाल को जांच होने देने की चुनौती देते हुए कहा कि डीजेबी के ठेके देने में भ्रष्टाचार साबित हो जाएगा। उन्होंने कहा, आपको लगता है कि आप भ्रष्टाचार करते रहेंगे और सुरक्षित रहेंगे।

# अर्श डल्ला गैंग के 2 शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पकड़े गए एक बदमाश के पैर में गोली लगी, दोनों पंजाबी सिंगर एली मंगत की हत्या की योजना बना रहे थे : धालीवाल

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने विदेश में छिपे गैंगस्टर अर्शदीप डल्ला के 2 गुर्गों को मुठभेड़ के बाद गिहरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजप्रीत सिंह उर्फ राजा उर्फ बम्ब और वीरेंद्र सिंह उर्फ विम्मी के रूप में हुई है। इस गोलीबारी में वीरेंद्र सिंह के दाहिने पैर में गोली लगी। घटना के बाद दोनों आरोपियों को इलाज के लिए एलबीएस अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि दोनों शूटरों का नाम राजप्रीत सिंह उर्फ राजा उर्फ बांब और वीरेंद्र सिंह उर्फ विम्मी को अक्षरधाम मंदिर, मयूर विहार के पास मुख्य सड़क से पकड़ा गया है। दोनों ही बदमाशों को अर्शदीप ने एक पंजाबी सिंगर एली मंगत की हत्या करने का काम सौंप गया था। इस सिंगर को मारने के लिए इन दोनों अक्टूबर, 2023 में कोशिश की थी लेकिन यह सभी नाकाम रहे थे क्योंकि सिंगर उस वक्त घर पर मौजूद नहीं थे। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने 5 राउंड गोलियां चलाईं थी। इनमें से दो गोली एक पुलिसकर्मी के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। इसके जवाब में पुलिस टीम ने आरोपियों पर छह राउंड गोलियां चलाईं। इस गोलीबारी में वीरेंद्र सिंह के दाहिने पैर में गोली लगी। इन दोनों कब्जे से एक रिवॉल्वरए एक पिस्टल, 6 कारतूस और एक हैंड ग्रेनेड और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने इनके सहयोगी सचिन भाटी के परिसर पर छापेमारी की। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में छापेमारी की थी। भाटी को पुलिस ने पकड़ा है। आशंका है कि उसके पास हथियारों का जखीरा है। राजप्रीत सिंह और वीरेंद्र सिंह पंजाब के रहने वाले हैं। इन दोनों के खिलाफ पहले से हत्या और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज है। हत्या के एक मामले में राजा को वर्ष 2017 में पैरोल मिली थी। इसके बाद से वह फरार था। विम्मी एक ज्वेलरी शॉप की दुकान के सामने फायरिंग करने और दुकान के मालिक से रंगदारी मांगने का आरोप में वांछित था।



सिखों के पहले गुरू गुरुनानक देव जी की जयंती पर बंगला साहिब गुरुद्वारे में श्रद्धालु की भारी भीड़। : रंजन डिमरी

# सफाई कर्मी की विधवा को 30 लाख का दें मुआवजा : उच्च न्यायालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नगर सरकार को एक सफाई कर्मचारी की विधवा को 30 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है जिसकी सीवर की सफाई के दौरान मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने महिला की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें कहा गया था कि उच्चतम न्यायालय के हालिया आदेश के अनुसार उसे अधिक मुआवजा दिया जाए। शीर्ष अदालत ने सीवर की सफाई करने के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों के आश्रितों को दिए जाने वाले 10 लाख रुपए के मुआवज़े को बढ़ा कर 30 लाख रुपए कर दिया था।

न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला वर्तमान मामले पर भी लागू होगा और राज्य सरकार से कहा कि वह दो महीने में महिला को बढ़ा हुआ मुआवज़ा दे। याचिकाकर्ता ने बताया था कि उसे 10 लाख का मुआवज़ा मिल गया है, लेकिन शीर्ष अदालत मुआवज़े को बढ़ाकर 30 लाख रुपए किया जाए।

# सिरफिरे युवक ने महिला पर चाकू से किया हमला, हालत नाजुक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शास्त्री पार्क इलाके में एक तरफा प्यार में एक युवक ने युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। चार माह पहले युवती की शादी अन्य युवक से हो जाने से आरोपी नाराज था। घटना के दौरान ही आस पास के लोगों ने आरोपी को दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घायल युवती को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी की पहचान गांव सकोर, किशनगंज, बिहार निवासी शाह बाबू (23) के रूप में हुई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 3.25 बजे पुलिस को ए ब्लॉक, बुलंद मस्जिद के पास एक युवती पर चाकू से हमला होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल महिला को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं लोगों ने युवती पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी शाह बाबू को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# एलजी ने आप की बनाई स्थायी समिति को किया भंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● वर्ष 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का बताया उल्लंघन

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का घोर उल्लंघन है। राजनिवास के एक आदेश में यह जानकारी दी गई।

सोमवार को मीडिया के साथ साझा किए गए एक नोट में उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आपराधिक मामलों में जांच की गुणवत्ता और उनके अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए आप सरकार द्वारा गठित मौजूदा स्थाई समिति को यह कहते हुए भंग कर दिया है कि यह 2014 के उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और केंद्र के बाद के दिशानिर्देशों का घोर उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थाई वकील (फौजदारी) की अध्यक्षता और अतिरिक्त स्थाई वकील की सदस्यता वाली मौजूदा स्थाई समिति को भंग करते हुए सक्सेना ने इसके पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसमें एक अतिरिक्त मुख्य सचिवाप्रधान सचिव (गृह) अध्यक्ष और प्रधान सचिव (विधि), निदेशक (अभियोजन) और विशेष पुलिस आयुक्त, सदस्य होंगे। समिति को रद्द करने पर दिल्ली सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अधिकारी ने बताया कि सक्सेना ने कहा कि मौजूदा समिति को जारी रखने का कोई कारण या औचित्य नहीं है और यहां तक कि उनके पूर्ववर्ती ने भी बार-बार इस पर आपत्ति जताई थी।

उन्होंने कहा कि उनके पूर्ववर्ती अनिल बैजल ने 11 मई 2017 के अपने नोट में शीर्ष अदालत के आदेश के अनुरूप समिति के गठन की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया और उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा 19 रवरी 2018, 22 जून 2018, 18 अक्टूबर 2018 और 31 मई 2019 को स्मरण पत्र जारी किए थे।

# स्कूलों में अकादमिक वर्ष में 220 कार्यदिवस हों : निदेशालय

● शिक्षा का अधिकार अधिनियम -2009 की धारा 19 के तहत एक कैलेंडर वर्ष में ध्यान रखने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शिक्षा निदेशालय की ओर से सोमवार को जारी परिपत्र में कहा गया है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में एक अकादमिक वर्ष में कम से कम 220 कार्यदिवस होने चाहिए।

परिपत्र में कहा गया है, शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा 19 के तहत स्कूली शिक्षा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के अनुसार शिक्षा निदेशालय के तहत संचालित सभी स्कूलों में कैलेंडर वर्ष (जनवरी से दिसंबर) में राजपत्रित/अनिवार्य/स्थानीय छुट्टियों की अधिसूचित सूचियों को ध्यान में रखते हुए एक शैक्षणिक वर्ष में न्यूनतम 220 कार्य दिवस अनिवार्य हैं। परिपत्र में कहा गया है कि शैक्षणिक वर्ष शुरू होने और छुट्टियों से पहले, सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 220 कार्य दिवस पूरे हो जाएं। निदेशालय ने कहा, उप जिला शिक्षा (डीडीई) अधिकारियों को यह सलाह भी दी जाती है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के तहत किसी भी स्कूल में अनिवार्य/स्थानीय छुट्टियों को मंजूरी देने से पहलेकड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा, गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त स्कूल भी अपने संबंधित प्रबंधन से छुट्टियों की मंजूरी प्राप्त करें।

इतने दिनों की पढ़ाई के लिए मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा कानून 2009 का हवाला देते हुए कहा है कि प्रत्येक मान्यता प्राप्त विद्यालय को एक शैक्षणिक वर्ष में उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए न्यूनतम इतने कार्य दिवसों का पालन करना होगा। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2023-24 की शुरूआत से पहले ही अन्य अवकाशों के लिए कैलेंडर भी जारी किया गया है। इसके अनुसार आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश 11 मई से 30 जून तक होंगे। इसमें 28, 29 व 30 जून शिक्षकों के लिए कार्य दिवस रहेंगे।

## बलात्कार के आरोपी डॉक्टर को जमानत, आईओ को फटकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बलात्कार के आरोपी एक चिकित्सक को जमानत देते हुए कहा कि सबूत बताते हैं कि आरोपी और कथित पीड़िता के बीच सहमति के आधार पर यौन संबंध थे।

अदालत ने निष्पक्ष जांच नहीं करने के लिए जांच अधिकारी (आईओ) को फटकार लगाई और तहकीकात के तरीके की जांच एक उच्च अधिकारी से कराने का निर्देश दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरेंद्र राणा उस चिकित्सक की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिस पर शादी के बहाने शिकायतकर्ता से बलात्कार और अप्राकृतिक यौनाचार करने का आरोप इस साल 31 मई को लगाया गया था। इसका संज्ञान लेते हुए कि शिकायतकर्ता ने अपनी आंतरिक जांच से इनकार कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## पार्क में पेड़ से लटका युवक का मिला शव

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में सोमवार सुबह पुलिस को पार्क में पेड़ से लटका युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर शव की पहचान करने के लिये आसपास के थानों और इलाके के लोगों से संपर्क कर रही है। पुलिस को मृतक युवक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस को लगता है कि युवक ने बीती रात खुदकुशी की थी। एनआईए पुलिस को उस वक्त पता चला जब सुबह पार्क में लोग टहलने के लिये आए थे। तभी उन्होंने पेड़ से लटके युवक को देखकर पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी थी। युवक की उम्र करीब 26 साल है।

## ट्रक ने बाइक चालक को रौंदा

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में सोमवार सुबह एक सडक़ हादसे में ट्रक ने बाइक चालक को रौंद दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर ट्रक कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक व्यक्ति की पहचान आशु(35)के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ बांकनेर गांव नरेला का रहने वाला था। नरेला पुलिस को वाई प्वाइंट पर सडक़ हादसा होने की पीसीआर कॉल मिली थी।

# बैंड की मधुर धुन, रंगारंग कार्यक्रमों से रेगेलिया-2023 समारोह बन गया यादगार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### रोटरी पब्लिक स्कूल सेक्टर-22 के वार्षिक उत्सव रेगेलिया में बच्चों ने मचाई धूम

### विशिष्ट अतिथि सांसद सुनीता दुग्गल ने रिश्तों की डोर मजबूत रखने का दिया संदेश

**ज्ञान** से लेकर विज्ञान तक, कला से लेकर संस्कृति तक, गीत से लेकर संगीत तक की विधाओं से मंझे कलाकारों की तरह बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। करीब महीने भर की कड़ी मेहनत से निखरे इन बच्चों ने बड़े कलाकारों की तरह से मंच पर धूम मचाई। अवसर था सेक्टर-22 रोटरी पब्लिक स्कूल के 37वें वार्षिक उत्सव रेगेलिया-2023 का।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पास्ट रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर कमल सांघवी, विशिष्ट अतिथि सिरसा लोकसभा से सांसद सुनीता दुग्गल, स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन पास्ट प्रेजिडेंट परमजीत सिंह ओबेरॉय, अध्यक्ष रोटरी सर्विस ट्रस्ट मनीष अग्रवाल, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रतिष्ठित सदस्य रोटेरियन विशिष्ट गणमान्य अतिथि समेत बच्चे व उनके अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों ने रंगारंग, प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में पहुंचे अतिथियों का तिलक लगाकर व स्कूल बैंड की मधुर धुनों के बीच अगुवाई करके



रोटरी पब्लिक स्कूल सेक्टर-23 के वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे और बैंड की धुन बजाते बच्चे।

कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। डायरेक्टर प्रिंसिपल संदीपा राय ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

चंद्र से चंद्रयान तक के कार्यक्रम की प्रस्तुति भी रही बेहतर

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्राथमिक कक्षा के बच्चों ने टेल्स एंड ट्वीट्स रचनात्मक कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुति दी। चांद से चंद्रयान तक-द ओडिसी नामक एक शानदार बैले प्रदर्शन में चंद्रमा से चंद्रयान मिशन तक की यात्रा को दर्शाया गया। यह एक मनमोहक, ज्ञानवर्धक कार्यक्रम था। रागा एंड रेगे-द म्यूजिकल मोजेक नामक संगीतमय फ्यूजन प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रैंड फिनाले चक धूम में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के विविध लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया।

### रिश्ते हमारी संस्कृति हैं, इन्हें बचाकर रखें: सांसद दुग्गल

**सांसद** सुनीता दुग्गल ने अपने संबोधन में रिश्तों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रिश्ते हमारी संस्कृति हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि हम न्यूक्लीनयर फैमिली ना बनें। बच्चों को इनोवेटिव जरूर बनाओ, लेकिन इससे बाहर की दुनिया भी उन्हें दिखाओ। उन्होंने बच्चों और मोबाइल के बीच दूरी बनाने की भी बात कही। मोबाइल रेडिएशन की वजह से बच्चों के शरीर में विकास आ रहा है। सप्ताह में एक दिन हमें मोबाइल का भी व्रत रखना चाहिए। ये रेडिएशन मनुष्य जनित हैं ना कि प्राकृतिक। उन्होंने बच्चों को कहा कि रोल मॉडल नीरज चोपड़ा, विराट कोहली को बनाएं। सांसद सुनीता दुग्गल ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि अगर हम उनको 25 प्रतिशत भी फोलो करेंगे तो 2040 तक डेवेल्पिंग कंट्री से डेवेलप कंट्री बन सकते हैं।

# विधायक सुधीर सिंगला ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ किया प्रदेशाध्यक्ष सैनी का स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला के नेतृत्व में सोमवार को भाजयुमो ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का स्वागत किया। इस दौरान भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी समेत वरिष्ठ पदाधिकारी व सेंकड़ों साथी मौजूद रहे।



प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं के साथ विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला सभी साथियों, कार्यकर्ताओं के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। जिला के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, पार्षद समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाकर उनका स्वागत, सत्कार किया। आरपी सिंह, मनीष सैदपुर, पर्व शर्मा, सोनू कुमार, नीरज यादव, राज सैनी बिसरवाल, गगनदीप सैनी, राजेश सैनी, सचिन देवतवाल, बिशम्बर शर्मा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विधायक सुधीर सिंगला के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने अपने ओजस्वी भाषण से सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर भारतीय जनता पार्टी को और अधिक ऊंचाईयों पर लेकर जाएंगे। हम सबका एक ही ध्येय होना चाहिए कि हम पार्टी हित में काम करें।

विधायक सुधीर सिंगला ने भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी समेत अनेक कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने के बाद कहा कि भाजपा जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को सदा सम्मान देती है। पार्टी के हित में काम करने वाले कार्यकर्ता ही ऊंचाइयों पर जाते हैं। विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विश्वास दिलाया कि गुरुग्राम में पार्टी को हर तरह से मजबूत किया जाएगा। उनकी ओर से पार्टी के उत्थान के लिए जो भी कार्यक्रम चलाए जाएंगे, गुरुग्राम का हर कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और मेहनत से उस काम को पूरा करेगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आने वाले चुनावों के लिए हम सबकी बेहतर तैयारियां हैं। च

हे नगर निगम के चुनाव हों या 2024 में होने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव, सभी के लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी तैयारी कर रखी है। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत बूथ स्तर तक और पन्ना प्रमुखों के माध्यम से पन्ना स्तर पर पार्टी को मजबूती दी गई है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को भी पार्टी से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जैसी मेहनत अब तक की है, भविष्य में और अधिक मजबूती से मेहनत करेंगे। ऐसा वे विश्वास दिलाते हैं।

## सैल्समेन को पीटने और नकदी लूटने पर मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र में सोहना ढ़ाणी में खोखा मालिक ने चार नामजद समेत दर्जनभर पर मारपीट करने तथा नकदी लूटने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

गांव रायसीना निवासी नवीन यादव ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि वह सोहना ढ़ाणी में शराब ठेका के पास ठंडा, नमकीन, बीड़ी और सिगरेट बेचने का खोखा चलाता है। पिछले तीन चार दिन से उसकी खोखा पर राजन, अशोक और प्रवीण आते है। उसके सैल्समैन अमित व अन्य के साथ बिना कारण के मारपीट करते हैं। उसकर नकदी को लूटकर ले जाते हैं। ऐसा आरोपियों ने रविवार को भी किया। नवीन यादव ने बताया कि आरोपी मनीष शर्मा के नाम पर यह लुटपाट कर रहे है। मनीष शर्मा को अपनी गैंग को चीफ बताते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मानेसर इंटर स्कूल प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**गुरुग्राम।** मानेसर इंटर स्कूल प्रतियोगिता के तीसरे सीजन का आयोजन नखड़ोला के स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. अशोक दिवाकर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डा. अशोक दिवाकर ने इस इंटर स्कूल प्रतियोगिता के तीसरे सीजन का सफल आयोजन करवाने के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में मानेसर क्षेत्र से रामानुजन गलोबल स्कूल, भगवती विद्या मंदिर, आरबीएस स्कूल, बीपीएस स्कूल, दी फॉर्च्यून स्कूल, राव किशन लाल स्कूल और विवेकानंद स्कूल के 700 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एकेडमिक के साथ-साथ स्पोर्ट्स, फाइन आर्ट्स आदि विषयों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की स्पर्धाएं हुई। मीसा के सदस्य राकेश कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, स्कूल संचालकों, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

### साढ़े 9 साल में पीएम मोदी ने किसानों को बनाया खुशहाल




**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने साढ़े 9 वर्षों में किसानों को खुशहाल और मजबूत किया है। मोदी सरकार देश के साढ़े 12 करोड़ किसानों के खातों में हर वर्ष 6 हजार रुपये प्रति किसान ट्रांसफर कर रही है। देश और प्रदेश के किसान समृद्ध हों इसके लिए मोदी सरकार लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। वे सोमवार को यहां भाजपा कार्यालय में अपने अभिनंदन समारोह के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा में भाजपा का संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। कांग्रेस की झूठ के सामने हमारे लाखों कार्यकर्ता छाती तानकर खड़े हैं और उनके झूठ को टिकने नहीं देंगे। कांग्रेस ने सदैव देश और समाज को बांटने का काम किया है। कांग्रेस की इस घटिया नीति को भाजपा के लाखों कार्यकर्ता कभी कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं की बौखलाहट इतनी बढ़ गई है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। 2024 में देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने का इंतजार कर रही है। भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ की गारंटी देने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी जो बोलते हैं, उससे अधिक करके दिखाते हैं। मोदी-मनोहर सरकार ने गरीबों को 5 लाख रुपये तक के इलाज की पक्की गारंटी दी है, जिसका लाभ करोड़ों गरीब उठा रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार के पारदर्शी शासन और जनकल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। उत्साहित जनता हरियाणा में तीसरी बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में पारदर्शी शासन दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी सोमवार को जब नागरिक अभिनंदन समारोह से जा रहे थे तो उन्होंने रास्ते में फूल विक्रेता दरबारी मिश्रा नामक व्यक्ति से मुलाकात की। यूपी के इलाहाबाद निवासी दरबारी मिश्रा के साथ पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ने उसे सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, विधायक एवं जिला प्रभारी दीपक मंगला, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव, सूरजपाल अम्मू उपस्थित रहे।

### गुरुग्राम के औद्योगिक क्षेत्र में गहराया बिजली संकट

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बिजली कटौती से उद्योगों का काम प्रभावित हो रहा है। लगभग 1100 औद्योगिक इकाइयों वाले इस इंडस्ट्रियल एरिया में रविवार को छह से सात घंटे की बिजली कटौती हुई। इससे बड़ी संख्या में फैक्टरियों में काम पूरी तरह से ठप रहा। उद्यमियों की शिकायत है कि पिछले कई दिनों से यहां दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) की ओर से लगातार बिजली काटी जा रही है। इससे उद्योग जगत को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसी समस्या को लेकर प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के गुरुग्राम अध्यक्ष पीके गुप्ता ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि एनजीटी के गाइडलाइन के अनुसार औद्योगिक क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए, इसके बाद भी डीएचबीवीएन द्वारा सेक्टर-37 औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बिजली की कटौती की जा रही है। बिजली निगम एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ाने का काम कर रहा है। जो औद्योगिक सेहत के साथ भयंकर खिलवाड़ है। डीएचबीवीएन द्वारा बिजली की इस प्रकार से मनमानी कटौती मेंटिनेंस और स्मार्ट ग्रिड प्राजेक्ट के नाम पर की जा रही है। रविवार को कई बार कट लगा जो कुल मिलाकर छह से सात घंटे की अवधि वाला रहा। इसके कारण उद्योगों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# इंडिया गठबंधन लोक सभा चुनाव में भाजपा को दिखाएगा आइना : जितेंद्र

**सोहना।** इंडिया गठबंधन के घटक दल शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के सुपुत्र आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का सोहना पहुंचने पर जोरदार किया गया स्वागत। प्रियंका चतुर्वेदी सोमवार की सुबह सोहना से वडोदरा राष्ट्रीय मार्ग से मथुरा के लिए गई थी।

सोमवार कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के घटक दल शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के सुपुत्र आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का सोहना पहुंचने पर फूलमाला देकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पीसीसी मेंबर पंकज भारद्वाज अपने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं सहित मौजूद थे।




जहां प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबन्धन के सभी घटक दल मिलकर आगामी लोक सभा चुनावो में भाजपा को हराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा को हराने और आइना दिखाने के लिए सभी विपक्ष के दल इंडिया गठबंधन के रूप में उसके सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा है। दो गठबंधन दल एक.दूसरे से चुनावी टक्कर की तैयारी में हैं। इंडिया गठबंधन को 26 विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त है। हालांकिए इसके अलावा कई ऐसे दल है जो किसी खेमे में नहीं गए है। ऐसा नहीं है कि इन पार्टियों के पास लोकसभा सीटें कम है। इसलिए गठबंधन का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के हुए विधान सभा चुनावों में भाजपा पूरी तरह पराजित है। उन्होंने अपनी हार मान ली है। भाजपा में टिकट के दौरान ही फूट सामने आ चुकी थी। राजस्थान में काफी विधायक भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े हैं। भाजपा उम्मीदवार की हार और कांग्रेस उम्मीदवार की जीत में अहम भूमिका निभायेंगे। यही हालात मध्य प्रदेशए छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में है। वहां भी कांग्रेस पार्टी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।

कांग्रेस की नियत और नीति में जनता विश्वास करती आई है। भाजपा ने देश की जनता को ठगने का कार्य किया है। आज जनता महंगाई से त्राहिमाम कर रही है। पांच राज्यों के हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा ने जातिवाद फैलाकर चुनाव लडने का संकल्प पत्र जारी किया है। कांग्रेस इसे कदापि नहीं होने देगी। कांग्रेस पार्टी के महासचिव राहुल गांधी द्वारा निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा सरकार की नींद पूरी तरह उड़ चुकी है। जनता सब जान चुकी है कि बदलाव निश्चित होकर रहेगा।

# गुरुनानक देव की जयंती धूमधाम से मनाई, लंगर और भंडारों में हजारों ने किया प्रसाद ग्रहण

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**गुरुनानक** देव का जन्म उत्सव पर गुरुद्वारा में गुरुवाणी के बाद चला लंगर में सैकड़ों की संख्यां में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुनानक देव का जन्म को प्रकाश पर्व के रुप में मनाया गया।

शहर के वार्ड-19 में स्थित मुख्य गुरुद्वारा पर गुरुनानक देवी जयंती मनाते हुए सोमवार की सुबह श्री सिंह साहिब गुरुद्वारा पर कीर्तन और गुरवाणी हुई। जिसमें उसके बाद दोपहर 12 बजे लंगर चालू किया गया। गुरुद्वारा कमेटी द्वारा तैयार किया प्रसाद को ग्रहण करने के लिए आस पास के लोगों समेत शहर से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार संतसिंह ने गुरुनानक जयंती के अवसर पर बधाई देते हुए कमेटी सदस्यों के सहयोग का आभार प्रकट किया।



सोहना के श्री सिंह साहिब गुरुद्वारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**व्यापारियों ने किया भंडारा :** गंगा स्नान के अवसर पर शहर के बाजार में स्थानीय व्यापारियों ने मिलकर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के नेता पंकज भारद्वाज ने प्रसाद वितरण की शुरुआत की। पंकज भारद्वाज ने प्रसाद वितरण और तैयार कराने में अहम योगदान दिया। उन्होने व्यापारियों की इस श्रद्धा को वर्षों पुराना बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रखने का ऐलान किया। भंडारे में करीब 3 हजार भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।



सोहना में गंगा स्नान के अवसर पर स्थानीय व्यापारियों द्वारा किए गए भंडारे में अहमं सहयोग देने वाले पंकज भारद्वाज का स्वागत करते हुए व्यापारी।

इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान अशोक गर्ग, पार्षद संदीप सिंगला पिंटू, गोपाल मणि जैन, राममणि, मास्टर पारस नाथ, टेक चन्द, शिरोमणि जैन, पत्रकार ललित जिंदल, सर्राफा यूनियन पूर्व प्रधान अशोक वर्मा, समाजसेवी अमित गर्ग, व्यापारी अनुज गुप्ता, पूर्व पार्षद नगेश मुखी, पूर्व पार्षद डॉक्टर सतीश तंवर, एडवोकेट अनुराग जिंदल, पंकज मंगला, एडवोकेट दीपक गोयल, भाजपा नेता चन्द्र मोंगिया, मनीष जैन, समाजसेविका मनिका जैन आदि के अलावा काफी संख्या में व्यापारीगण मौजूद थे।

# एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ ने अपने इंवेस्टिंग एप का विस्तार एडब्लूएस पर लाखों ट्रेडर्स तक किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### भारत के अग्रणी वित्तीय संस्थान ने एडब्लूएस इंडिया का अपना प्राथमिक क्लाउड प्रदाता बनाया

**अमेज़न.कॉम** कंपनी, अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने घोषणा की कि भारत में अग्रणी इंवेस्टमेंट सेवा प्रदाताओं में से एक, एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने अपना नया मोबाइल ट्रेडिंग एप, एचडीएफसी स्काई का लॉन्च दुनिया के सबसे विस्तृत और व्यापक क्लाउड पर कर दिया है। एचडीएफसी स्काई विश्व में 75 मिलियन ग्राहकों, और सभी एचडीएफसी ग्रुप कंपनियों, निवेशकों, और ट्रेडर्स को सेवाएं देता है, और शेयर, कमोडिटीज़, फ्यूचर्स, करेंसीज, इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग्स (आईपीओ), म्यूचल फंड्स, एवं एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की यूज़र-फ्रेंडली ट्रेडिंग संभव बनाता है।

ट्रेडिंग को निवेशकों के लिए ज्यादा पारदर्शी और आसान बनाने के लिए एचडीएफसी स्काई फ्लैट प्राइसिंग मॉडल पर काम करता है, और ट्रेडर्स से एक निश्चित, पूर्व निर्धारित शुल्क लेता है, फिर चाहे वो कितनी भी राशि का निवेश करें या फिर कितनी भी बार विनिमय करें। एडब्लूएस को अपना प्राथमिक क्लाउड प्रदाता बनाकर एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ मोबाइल ट्रेडिंग पसंद करने वाले टेक्नॉलॉजी के जानकार एवं बढ़ते हुए रिटेल निवेशकों को एक सुरक्षित, स्थिर एवं लो लेटेंसी ट्रेडिंग सेवा प्रदान कर रहा है। एडब्लूएस पर निर्मित, एचडीएफसी स्काई निवेशकों को प्रति सैकंड हजारों विनिमयों की दर से स्टॉक मार्केट की पहुँच प्रदान करता है। एडब्लूएस के साथ एचडीएफसी सिक्योरिटीज परिसर युक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुकाबले अपने वार्षिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट की लागत में 50 प्रतिशत की कमी लेकर आएगा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर और डिजिटल ऑफिसर, संदीप भारद्वाज ने कहा, ''एडब्लूएस ने हमें एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ में बिल्डर्स की संस्कृति का निर्माण करने में मदद की और हमें तेजी से प्रयोग करने में समर्थ बनाया ताकि हम अपने ग्राहकों के लिए इनोवेट कर सकें।'' उन्होंने कहा, ''अपने ग्राहकों को सुगम अनुभव प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है, और एडब्लूएस की स्केलेबिलिटी एवं विश्वसनीयता की मदद से हमने टेक्नॉलॉजी के जागरुक तेजी से बढ़ते हुए ग्राहकों को सुगमता से सेवाएं प्रदान की हैं। हमें खुशी है कि हमने एचडीएफसी स्काई जैसी अग्रणी सेवाओं की मदद से अपना 'टाईम-टू-मार्केट' काफी कम कर दिया है, और बाजार का नेतृत्व करते हुए अपने ग्राहकों को संपत्ति निर्माण करने में मदद करने के लिए समर्थ बने हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज़ अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने और उन्हें ज्यादा पर्सनालाइज्ड और टेलर्ड अनुभव प्रदान करने के लिए एडब्लूएस पर मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करने की संभावनाएं तलाश रहा है।

# भारतवर्ष संस्कृति और उच्च जीवन मूल्यों का राष्ट्र रहा है



**गुरुग्राम।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद हरियाणा की गुरुग्राम इकाई ने सांस्कृतिक संप्रभुता विषय पर प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया। इसमें हरियाणा प्रांत के एक हजार से अधिक अधिवक्तओं के साथ गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विधि विभाग के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पंकज जैन, बतौर अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वीरेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के महाधिवक्ता बलदेव राज महाजन, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डा. दिनेश कुमार, राष्ट्रीय महामंत्री डी. भारत कुमार, हरियाणा राज्य विधि आयोग सदस्य मुकेश गर्ग, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्रीहरि बोरिकर, उत्तर क्षेत्रीय मंत्री रणबीर सिंह खरकाली रहे। मुख्य न्यायाधीश पंकज जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष संस्कृति और उच्च जीवन मूल्यों का राष्ट्र रहा है। इस धरोहर का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। जिससे नर से नारायण तक की सफल यात्रा होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सांस्कृतिक संप्रभुता का संरक्षण और व्यवहारिक जीवन में इसका क्रियान्वयन जरूरी है। इससे हम अपने भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सभ्य और विकसित राष्ट्र संजोकर रख सकते हैं। अधिवक्ता समाज में गणमान्य है। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह चौहान कहा कि अधिवक्ता परिषद का नारा है न्याय मम धर्म: और लक्ष्य।

# चिकित्सा जगत के हीरोज को सम्मान- सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन ने आयोजित किया मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स का दूसरा संस्करण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सीताराम** जयपुरिया फाउन्डेशन के प्रतिष्ठित मेडिकल एण्ड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड्स के दूसरे संस्करण में चिकित्सा पेशेवरों को रु 90 लाख के पुरस्कार दिए गए। समाज के स्वास्थ्य और कल्याण में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में सोनाली बेंद्रे माननीय अतिथि थीं, कार्यक्रम का आयोजन एसजेएफ के चेयरमैन और कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक जयपुरिया द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में योगदान और इनोवेशन्स के लिए चिकत्सा जगत के दिग्गजों को सम्मानित किया गया। सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान और उनके प्रतिभाशाली पुत्रों अमान अली बंगश एवं अयान अली बंगश के परफोर्मेन्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, अप्रत्याशित समय के दौरान डॉक्टरों के साहस एवं नि:स्वार्थ कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान दिया। दूसरे संस्करण के लिए 12 पद्म पुरस्कार विजेताओं सहित 1000 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जो चिकित्सकों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभिन्न श्रेणियों में कुल नब्बे लाख रुपए के पुरस्कार दिए गए।

**हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2023 के विजेता :**

**1.** एक्सीलेंस इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए 50 लाख रुपए

प्रोफेसर (डॉ) जयराज दुराई पंडिअन- प्रोफेसर एंड हैड ऑफ न्यूरोलोजी और प्रिंसिपल/ डीन/ क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना, पंजाब



**2.** एमर्जिंग यंग लीडर इन मेडिसिन एण्ड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए 10 लाख रुपए

डॉ करण मदान- एडिशनल प्रोफेसर, डिपार्टमेन्ट ऑफ पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर एण्ड स्लीप मेडिसिन/ ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज़, नई दिल्ली डॉ दीपक पद्मनाभन- कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलोजिस्ट/ जयदेवा इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइन्सेज़ एण्ड रीसर्च, बेंगलुरु, कर्नाटक

**3.** एक्सेम्पलरी लीडरशिप इन रूरल मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड के लिए रु 10 लाख

डॉ रेगी एम जॉर्ज एवं डॉ ललिथा रेगी- मैनेजिंग ट्रस्टी एवं ट्रस्टी/ट्राइबल हेल्थ इनीशिएटिव, सिट्टीलिंगी, तमिलनाडु

**4.** श्रीमति गायत्री जयपुरिया वुमेंस मेडिसिन एण्ड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड के लिए रु 10 लाख

प्रोफेसर (डॉ) प्रतिभा सिंघी- प्रोफेसर और हैड ऑफ डिपार्टमेन्ट ऑफ पीडिएट्रिक न्यूरोलोजी/ अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेज़, फरीदाबाद, हरियाणा

**5.** अश्विनी कुमार लाइफटाइम अचीवमेंट प्रोफेसर गुरसरन प्रान तलवार, डायरेक्टर रीसर्चर/ तलवार रीसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 28 नवंबर, 2023



# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में दमखम दिखाएंगे पलवल के खिलाड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**जिला** खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम से जिला स्तरीय टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के पहले चरण में पलवल जिला से 177 खिलाडी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे है। जिनमें 95 लड़के व 82 लड़कियां शामिल है।

अनिल कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य स्तरीय

### खेल महाकुंभ के पहले चरण में पलवल जिले से 177 खिलाड़ी शामिल

खेल महाकुंभ का आयोजन पुरुष एवं महिला ओपन कैटेगरी और सीनियर आयु वर्ग के 23 खेलों में करवाने का निर्णय लिया है। खेल विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का पहला चरण 28 नवंबर से 30 नवंबर तक जिला पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर तथा कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है। दूसरा चरण चार



से छह दिसंबर तक जिला करनाल, रोहतक, फरीदाबाद तथा गुरुग्राम में करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि 23 खेल इवेंट में पलवल जिला के खिलाड़ी भी भाग ले रहे है। पहले चरण में 28 नवंबर से 30 नवंबर तक पंचकूला में वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हॉकी के इवेंट करवाए जाएंगे। अंबाला में बॉक्सिंग, स्वीमिंग, जिमनास्टिक, फुटबॉल का आयोजन किया जाएगा। यमुनागर में लॉन टेनिस, कुरुक्षेत्र में साइकलिंग का आयोजन किया जाएगा। दूसरे चरण में चार से छह दिसंबर तक रोहतक में कुश्ती, नेशनल स्टाइल कबड्डी, भारोत्तोलन का आयोजन होगा।

फरीदाबाद में शूटिंग, ताइक्वांडो, आर्चरी, जूडो का आयोजन होगा। करनाल में केनोइंग, टेबल टेनिस, रोविंग आयोजित की जाएगी। गुरुग्राम में फेसिंग का आयोजन होगा। जिसमें हरियाणा प्रदेश के करीब 12 हजार 342 खिलाड़ी भाग लेंगे। वालीबॉल खिलाड़ी मोनिका ने बताया कि उनकी टीम खेल के दौरान अच्छा प्रदर्शन करेगी और पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में पलवल जिले का नाम रोशन करेंगे। फुटबॉल खिलाड़ी जीया ने बताया कि सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। जिसके माध्यम से खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। वालीबॉल खिलाड़ी नमन ने बताया कि खेल महाकुंभ में उनकी टीम अच्छा खेलेगी और परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि पलवल जिले के खिलाड़ी हरियाणा में नाम रोशन करेंगे।

# 36 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहा स्कूल : मूलचंद शर्मा



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### आर्य विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**बल्लभगढ़** स्थित आर्य विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 36वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे केबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा, जिन्होंने पहले ध्वजारोहण और फिर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आर्य विद्या मंदिर के इस वार्षिक उत्सव की थीम रखी गई माटी के रंग, जिसमें सीनियर-जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। सीनियर विंग के छात्र छात्राओं की अद्भुत प्रस्तुतियों ने जहां सभी को रोमांचित किया, तो वहीं जूनियर विंग के नन्हे कलाकारों की अनूठी प्रस्तुतियों ने भी सभी के चेहरों को मुस्कान दी। कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों ने पूरे उत्सव कार्यक्रम की सराहना की।

मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने वार्षिक उत्सव में अपने संबोधन के दौरान विद्यालय के कामकाज व शिक्षा के स्तर की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 36 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में आर्य विद्या मंदिर अपनी अहम और सराहनीय भूमिका अदा कर रहा है। कम शिक्षा शुल्क में विद्यालय, विद्यार्थियों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्यरत है, जिसके लिए आर्य विद्या मंदिर, शिक्षक स्टाफ और स्कूल मैनेजमेंट सराहना के पात्र हैं।

वैदिक विद्या परिषद द्वारा स्थापित आर्य विद्या मंदिर ने साल 2022-23 में नर्सरी से 12वीं तक के अनेक होनहार व आर्थिक रूप से अक्षम विद्यार्थियों को एक करोड़ रुपये सेअधिक की फीस माफ कर मुफ्त शिक्षा दी व आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में अपने अहम योगदान के लिए अग्रसर है, जिसके लिए मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन को प्रोत्साहित किया।

स्कूल मैनेजमेंट ने मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिवादन किया। साथ ही स्कूल प्रबंधन द्वारा ऐसे छात्रों को भी सर्टिफिकेट व शील्ड देकर हौसला अफजाई की गई, जिन्होंने शिक्षा के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। साल 2022-23 में स्कूल का दसवीं का रिजल्ट 96.8 प्रतिशत रहा, विद्यालय के 153 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 12वीं के 110 विद्यार्थियों नें भी उत्कृष्ट अंक हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया। आर्य विद्या मंदिर के 36वें वार्षिक उत्सव के दौरान प्रबंधन कमेटी के सभी सदस्य सुरेश भडाना, महेंद्र बोहरा, शैलेंद्र बोहरा, अजय कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, हरीशचंद गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुभाष ग्रोवर, विजय कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार, सतीश कुमार, आर्य विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार व प्राइमरी इंचार्ज मोनिका शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में नगर कीर्तन की झांकी निकाली

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर उत्साह दिखाया

**केसीएम** पब्लिक स्कूल बंचारी में 554वें प्रकाश वर्ष पर गुरु नानक जयंती का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरु नानक देव जी सिखों के पहले गुरु माने जाते हैं। उनके जन्म दिवस को गुरु नानक जयंती के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने नगर कीर्तन में भाग लिया। विद्यालय परिसर में गुरुद्वारे का पंडाल सजाया गया। कक्षा नौवीं की मानसी तथा यशिका ने मंच संचालन किया। कक्षा नौवीं की छात्रा रितिका ने गुरु के महत्व को दर्शाते हुए गुरु पर्व के उपलक्ष्य में एक भाषण दिया। इस कार्यक्रम में पंच प्यारे भी बनाए गए। उनकी वेशभूषा ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा आठवीं एन की छात्रा दिवांशी ने गुरुपरब के उपलक्ष्य में कविता की प्रस्तुति दी तथा कक्षा सातवीं एन की छात्रा खुशी ने अरदास की। अध्यापिकाओं तथा कक्षा नौवीं की छात्राओं द्वारा शबद व भजन की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। पूरे विद्यालय में कड़ा प्रसाद का वितरण किया गया।

इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन अध्यापिका किरण दीवान, सीमा चौहान, अगम तथा पूजा सेठी द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देवदत्त भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने गुरुनानक जयंती की सबको लख-लख बधाइयां दीं।



# प्रशासन व वेल्फेयर एसोसिएशन स्पीड ब्रेकरों को दुरुस्त कराए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 21-ए** में मैत्री ब्लॉक के सामने, महिमा लेन के सामने, मदर डेयरी बूथ संख्या 968 के निकट एवं कई जगहों पर स्पीड ब्रेकर उखड़े हुए पड़े हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

सेक्टर 21-ए में गेट नंबर दो से गेट नंबर 10 के मार्ग से सैकड़ों वाहन तेज गति से निकलते हैं। युगल किशोर शर्मा ने बताया कि मैत्री ब्लॉक एवं एंजेल्स पब्लिक स्कूल के सामने छात्रों, अभिभावकों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का आवागमन होता है। डॉक्टर अशोक सिंघल ने बताया कि वह वरिष्ठ नागरिक हैं एवं दिल के मरीज हैं, उनका घर एंजेल्स पब्लिक स्कूल के सामने है। स्पीड



ब्रेकर टूटे हुए होने से उनके घर के सामने तेज गति के वाहनों से डर लगता है। ऐसे में सड़क पर स्पीड ब्रेकर न होना दुर्घटना का कारण बन सकता है। लोगों का कहना है कि इस जन समस्या की ओर प्रशासन एवं सेक्टर की वेलफेयर एसोसिएशन का ध्यान नहीं गया है। संस्था के पास फंड की भी कोई कमी नहीं है। प्रति माह सदस्य सेक्टर वासियों से 650/- रुपये सुरक्षा एवं साफ सफाई के नाम से वसूले जा रहे हैं। काफी समय से टूटे हुए एवं उखड़े पड़े हुए स्पीड ब्रेकरों को नहीं ठीक किया गया है।

# नाटक द्वारा जेआरसी ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शिक्षा** विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स, गाइड्स और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत नशा समाप्त करने की अपील करते हुए नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नशा करने से सेहत और मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है। नशा करने वाला अपने साथ अपने परिवार के लिए भी समस्या बन जाता है। जिससे स्वास्थ्य और पैसे दोनों का



विनाश होता है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि यदि उनके आसपास कोई नशा करता है तो उसे नशा मुक्ति केंद्र में लेकर आएं और उसका उपचार करवाएं। यहां रोगियों का नशा छुड़वाने का उपचार किया जाता है। अध्यापिका गीता, शालिनी, अजय गर्ग, जसबीर सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त स्वस्थ समाज बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि हरियाणा सरकार, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय समय पर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। देश से नशा समाप्त करने का उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। यह सत्य है कि नशीले पदार्थों के सेवन से पीड़ित व्यक्ति को पारिवारिक एवं सामाजिक अलगाव व लोगों की उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। इससे निश्चित रूप से उन्हें मानसिक और शारीरिक कष्ट एवं आघात पहुंचता है। उन्होंने कहा कि हम सब यह संकल्प करें कि हम किसी भी प्रकार का नशा न करते थे, न करते हैं तथा न भविष्य में करेंगे। अपने विद्यालय के मित्र, मोहल्ले के साथी, परिवार के सदस्यों एवं समाज के स्वजनों को भी इससे दूर रखेंगे, ताकि नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहायक हो सकें। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि नशा रूपी दलदल से बचने के लिए हमें अपने आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देनी, चाहिए ताकि कोई भी नशे की चंगुल में न फंसे। स्टाफ और विद्यार्थियों ने नशा नहीं करने और न दूसरों को करने देने का प्रण भी लिया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

# अयोध्या से आए पूक्षित अक्षत का पलवल में हुआ स्वागत

### अक्षत का हुडा सेक्टर-2 में हुआ भव्य स्वागत, पलवल के सभी घरों में भेजा जाएगा निमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अयोध्या** जी से आए हुए पूजित अक्षत का स्वागत पंचवटी मंदिर में पलवल शहर के सभी धार्मिक संस्थाओं ने किया। इन पूजित अक्षरों का स्वागत हरियाणा में पानीपत में किया गया और पानीपत से कालिदास विश्व हिंदू परिषद के प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख इन्हें लेकर के पलवल के पंचवटी मंदिर पर आए।

इन अक्षतों का स्वागत विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज मंगला व सह-संयोजक नवीन ने किया। इसके बाद पंचवटी मंदिर के महंत ऋषि कुमार ने इनका विधिवत रूप से पूजन किया और उसके बाद पंचवटी मंदिर के प्रमुख महंत श्रीकांत दास ने उन चावलों की विशेषता बताते हुए बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज हम उन पूजित अक्षतों का



स्वागत कर रहे हैं, जिनका प्रयोग अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के समय किया गया था। हमें बहुत संघर्ष और लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, उसके बाद यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

उसके बाद इस कार्यक्रम के संयोजक धीरज मंगला ने बताया कि यह पूजित अक्षत अयोध्या से आए हैं और इनको पंचवटी मंदिर से ले जाकर हुड्डा सेक्टर-2 मंदिर में रखा जाएगा और उसके बाद इन पूजित अक्षत को पलवल शहर के सभी घरों तक निमंत्रण के रूप में भेजा जाएगा। इसमें शहर की सभी धार्मिक संस्थाएं सहयोग करेंगी और यह कार्य एक जनवरी से 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

24 जनवरी के बाद आमजन के लिए राम मंदिर खुल जाएगा और फिर राम लाला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जा सकते हैं। उसके बाद पंचवटी मंदिर के प्रमुख महंत श्री कामतादास जी ने इन अक्षतों को देकर कलश यात्रा के लिए रवाना किया। यह कलश यात्रा पंचवटी मंदिर से चलकर के मीनार गेट होते हुए शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में शहर की सभी धार्मिक संस्थाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज मंगला, कार्यक्रम के सहसंयोजक नवीन, केपी सिंह पालक अधिकारी व जिला मीडिया संवाद मुकेश तेवतिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# ठंड के बावजूद काटी जा रही बिजली, उद्यमी परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ठंड** बढ़ने के बावजूद लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही है। नो पावर कट जोन होने के बावजूद रोजाना तीन से चार घंटे बिजली गुल रहती है, जिससे उद्यमियों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू होने से जनरेटर चला नहीं सकते हैं, जिससे उद्योगों में उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है। उत्पादन क्षमता में 20 से 30 फीसदी की गिरावट आई है। बिजली कंट्रोल रूम में कई शिकायतें दर्ज की गईं।

सरकार की तरफ से औद्योगिक नगरी फरीदाबाद से 24 घंटे बिजली सप्लाई के दावे किए जाते हैं। पिछले वर्ष मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहर में नो पावर कट जोन की बात कही थी, लेकिन स्थिति बिल्कुल अलग है। सरप्लस बिजली होने के दावों के बीच रोजाना 3 से 4 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। सरकार कहती है कि बिजली कट फाल्ट, ट्रिपिंग और ब्रेक डाउन के कारण लग रहे हैं, अघोषित बिजली कटौती रोकने के लिए निगम के पास कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं, जिससे मजबूरीवश उद्यमियों को डीजी सेट पर उद्योगों



को चलाने पड़ते हैं। शहर में छोटे-बड़े करीब 28 हजार उद्योग हैं। इनमें सबसे अधिक उद्योग आईएमटी, सेक्टर-24, 25, सेक्टर-58 और सरुरपुर क्षेत्र में स्थित हैं। कहने के लिए तो शहर में सरप्लस बिजली है, लेकिन मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होने के कारण लोड बढ़ते ही फाल्ट, ब्रेक डाउन, ट्रिपिंग हो जाती है। हालांकि ग्रैप लागू होने के कारण अनेक उद्योगों ने पीएनजी कनेक्शन ले लिए हैं।

बड़े उद्योगों ने ड्यूल फ्यूल किट और रेट्रोफिटिंग किट लगवा ली है, लेकिन अभी भी बिजली जाने पर 75 फीसदी उद्योग डीजल जनरेटर पर चलते हैं। सरुरपुर, सेक्टर 24, 25, न्यू डीएलएफ, कृष्णा नगर, एसजीएम नगर, गुरुकुल, डीएलएफ इंडस्ट्रियल एरिया में बिजली कट हो रहे हैं।

**बिजली** कट लगने से कंपनी में काफी काम प्रभावित होता है। प्लास्टिक और मोलडिंग मशीनों के बिजली जाने पर एक बार बंद होने के बाद दोबारा उसी तापमान पर पहुंचने में एक घंटे का समय लग जाता है। इस दौरान कर्मियों को खाली बैठना पड़ता है। इसका असर प्रोडक्शन पर पड़ा रहा है।

**- वीरभान शर्मा, अध्यक्ष, फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन**

**हमारी** प्लास्टिक के पाट्र्स बनाने की कंपनी है। पहले के मुकाबले बिजली व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है, लेकिन समस्या अभी भी बरकरार है। पीएनजी जेनसेट लेने की हमारी क्षमता नहीं, ड्यूल फ्यूट किट भी बाजार में करीब पांच लाख की है। उसके लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

**- रवि भूषण खत्री, तत्कालीन अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती**

**औद्योगिक** क्षेत्र सहित पूरे शहर में बेहतर बिजली आपूर्ति का प्रयास जारी है। शहर में कोई पावर कट नहीं लग रहा। फाल्ट होने की सूचना मिलने पर तुरंत सही कराया जाता है।

**-नरेश कक्कड़, अधीक्षण अभियंता, बिजली निगम**

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने क्षेत्र के बूथों पर शिविरों का किया निरीक्षण



**पलवल।** पलवल विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम शशि वसुंधरा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथों पर लगाए गए शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पलवल चुनाव कार्यालय के कानूनगो हसन मोहम्मद भी मौजूद रहे। उन्होंने पलवल के विधानसभा निर्वाचक क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर वोटर कार्ड बनवाने के लिए आयोजित शिविरों का निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देश दिए। पलवल विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम शशि वसुंधरा ने मतदाता पुर्निरीक्षण अभियान के क्रम अंतर्गत हाई स्कूल सरलागढ़ में बूथ नंबर 20, 21, 22, 23, 24 व बूथ नंबर 25, सिंचाई विभाग कार्यालय में बूथ नंबर 105, 106 व बूथ नंबर 107 तथा जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में बूथ नं. 108, 109, 110 व बूथ नंबर 111 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं सभी प्रकार के आवेदन पत्रों के साथ कार्य करते हुए पाए गए। निर्वाचक अधिकारी ने बीएलओ को मतदाता सूची में सम्मिलित होने की पात्रता रखने वाले शत-प्रतिशत लोगों को वोटर बनाने के निर्देश दिए। जिन पात्र लोगों के वोट किसी कारणवश नहीं बन पाए, उन्हें वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और उनका वोट बनवाएं।

### सरस्वती महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविका सम्मानित




**पलवल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जीजीडीएसडी महाविद्यालय पलवल में जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सहनशीलता जगाना रहा, ताकि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। शिविर में सरस्वती महिला महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाई से वाईआरसी काउंसलर डॉ. सोनिया भारद्वाज के प्रशिक्षण में नौ स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह व महेश मलिक ने प्रतिभागियों को रेडक्रॉस शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। सरस्वती महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी ने सभी स्वयं सेविकाओं की प्रशंसा करते हुए आगे भी इसी प्रकार कार्य करने के लिए प्रेरित किया। सभी के सहयोग से शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

### असावटी रेलवे स्टेशन पर मिला अधेड़ का शव

**पलवल।** रात्रि को स्टेशन मास्टर असावटी से सूचना प्राप्त हुई कि प्लेटफार्म नंबर-2 रेलवे स्टेशन असावटी पर एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर भीम सिंह एस इंचार्ज जीआरपी चौकी असावटी मौका पर पहुंचे व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पलवल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक का रंग सांवला व लंबूतरा चेहरा है व शरीर भारी है। मृतक ने लाल रंग की जैकेट व गले में गोल गले की नीली बनियान तथा नीचे कमर में सफेद रंग की कैपरी पहनी हुई है। मृतक की दाढी व सिर के बाल बढ़े हुए हैं। प्रथम दृष्टया इस अधेड़ की मौत कुदरती तौर पर होनी प्रतीत होती है। मृतक का रंग साफ, लंबूतरा चेहरा तथा आयु करीब 50-55 वर्ष है। मृतक की जमा तलाशी में कोई चीज बरामद नहीं हुई है। रेलवे पुलिस मृतक के स्वजनों के बारे में पता लगा रही है।

### एमवीएन के प्रोफेसर को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला



**फरीदाबाद।** फार्मा लोक दिल्ली ने नेशनल फार्मा समिट का आयोजन किया। जिसमें एमवीएन विश्वविद्यालय के एमिर्ट्स प्रोफेसर एसएच अंसारी को फार्मेसी क्षेत्र में महत्पूर्ण योगदान के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड मिलने पर वहां उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका अभिवादन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने बताया कि एसएच अंसारी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि हमें उनके साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। एसएच अंसारी का अनुसंधान में भी बहुमूल्य योगदान रहा है, जिसका अंदाजा उनकी 7218 साइटेशंस से लगाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, कुलाधिपति वरुण शर्मा ने इसकी प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के महान व्यक्तित्व का विश्वविद्यालय से जुड़ना विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि अन्य अध्यापकों के लिए भी बहुत लाभप्रद रहेगा।

### वेबिनार में सेवाभाव व प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**पलवल।** श्री गुरु नानक देव जी प्रकाशोत्सव तथा विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के उपलक्ष्य पर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. चरण सिंह तथा संचालन मास्टर मानिकचंद व ईश्वरराज द्वारा करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। मुख्य वक्ता पर्यावरणविद डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि गुरु नानक देव जी के जीवन से सेवाभाव व अच्छे मार्ग पर चलने की सीख लेनी चाहिए। मनुष्य अपने स्वार्थपूर्ण जीवन के लिए पशु-पक्षियों, पेड़-पौधों और जलस्त्रोतों को नष्ट कर निरंतर अपने सुख की खोज में भटक रहा है। सच्चा सुख जरूरतमंद लोगों की सहायता, बेजुबान जीवों तथा प्रकृति पर्यावरण के प्रति स्नेह तथा इनका संरक्षण व सेवा करने से ही मिल सकता है। गजेंद्र, सुरेश भार्गव तथा नीरज ने कहा कि हर व्यक्ति को सेवाभाव का संकल्प लेकर पर्यावरण बचाने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मास्टर थानसिंह, केशव, राहुल पांचाल, हंसराज, महेश आदि ने सभी अवसरों पर पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा को सार्थक प्रयास बताया गया।

### देवा बॉक्सिंग क्लब में राज्य महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता

**पलवल।** हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा चौथी इलाइट महिला प्रदेश चैंपियनशिप का आयोजन पलवल जिला में सात से 10 दिसंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश से सभी जिलों की बॉक्सिंग की महिला टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन देवा बॉक्सिंग क्लब नजदीक अगवानपुर मोड़ पर होगा। प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश हरियाणा बॉक्सिंग के अध्यक्ष रिटायर्ड मेजर सत्यपाल सिंधू की देखरख में किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला बॉक्सिंग संघ की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया ने दी। प्रतियोगिता का आयोजन सभी आयु वर्ग में किया जाएगा।

## सुरंग हादसा
### प्रतीक्षा बढ़ी

**उत्तरकाशी की सुरंग** में फंसे कर्मियों को अभी बाकी दुनिया से कट कर और ज्यादा समय बिताना पड़ेगा। विडंबना है कि उन तक पहुंचने के कुछ ही मीटर पहले मुख्य ड्रिलिंग मशीन इतनी टूट गई कि उसकी मरम्मत असंभव हो गई। अब उनके बचाव का प्रयास क्षैतिज रूप से सुरंग खोदने के बजाय ऊपर से सुरंग खोदने के माध्यम से हो रहा है। भले ही कोई इस क्षेत्र का विशेषज्ञ न हो, पर यह सवाल जरूर उठता है कि जब अधिकारी जल्दी से समस्या का समाधान करने की स्थिति में नहीं थे और वे इतनी तेजी से अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सहायता भी नहीं प्राप्त कर सकते थे तब उन्होंने उन सारे विकल्पों पर एकसाथ काम क्यों नहीं किया जो उनके पास पहले ही दिन से उपलब्ध थे? यह कोई 'ट्रायल एंड एरर' वाला मामला नहीं था कि जब एक उपाय विफल हो जाता तभी दूसरे का प्रयोग किया जाता। अप्राकृतिक स्थितियों में धरती की सतह के बहुत नीचे 41 लोगों की जान फंसी है। वे खामोशी से बैठे हैं, धैर्य से प्रतीक्षा कर रहे हैं, कुछ कर नहीं रहे हैं, पर आशा-निराशा तथा जीवन-मृत्यु के बीच झूल रहे हैं। अधिकारियों को पहले ही दिन से उन तक सभी ओर से और पूरी ताकत से पहुंचने का प्रयास करना चाहिए था। यदि उनके अपने परिवारों के लोग फंसे होते और उनका अपना जीवन बचाव प्रयासों की जीवन्तता और तात्कालिकता पर निर्भर होता तो शायद ऐसा होता। लेकिन मामला ऐसा नहीं है, इसलिए बचाव में 15 दिन से अधिक समय लग गया है। बचाव प्रयासों में मुख्य सहायक अर्नोल्ड डिक्स ने कहा है कि कर्मियों को क्रिसमस तक बाहर निकाल लिया जाएगा। इसका अर्थ है कि अभी तीन सप्ताह का समय और लगेगा। इस बीच पानी के रिसाव और ठंडे मौसम से पहाड़ी क्षेत्र में फंसे कामगारों का जीवन लगातार कठिन होता जा रहा है।



इस हादसे से न केवल आपातकालीन चुनौतियों, बल्कि कार्यस्थल सुरक्षा तथा श्रम कानून लागू करने पर भी ध्यान जाता है। इस हादसे से अनेक सवाल खड़े होते हैं। पहला, भारी मशीनरी और खासकर ड्रिलर व डाइनामाइट के प्रयोग वाली परियोजनाओं को परिस्थितिकीय रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में शुरू करने से पहले अवश्य ही पुनर्विचार करना चाहिए। दूसरा, यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसकी प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए? काफी समय बचाव कार्य की योजना बनाने तथा इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से संपर्क में बीत गया। यह विलम्ब सुरंग में फंसे श्रमिकों के लिए घातक हो सकता था। कार्यस्थल पर कामगारों की शिकायत है कि बड़ी भूमिगत परियोजनाओं के निर्माण में आपातस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक पलायन रूट और सुरंगों का निर्माण भी किया जाता है, पर इस मामले में उनकी योजना भी नहीं बनाई गई थी। तीसरा, इस हादसे की व्यापक जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही दुर्घटना की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्रवाई व आर्थिक जुर्माना लगाया जाना चाहिए। स्पष्ट है कि अपरिचित क्षेत्र में काम करने के लिए अधिकांशत: प्रवासी मजदूर लाए जाते हैं और उनको दैनिक आधार पर बहुत कम पैसे देकर लंबे समय तक काम कराया जाता है। इसलिए वर्तमान हादसे में फंसे कर्मियों और उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए क्योंकि इस आपदा में वे अपनी किसी गलती से नहीं फंसे हैं। उत्तरकाशी के इस सुरंग हादसे को कामगारों की सुरक्षा सीखने के मामले में एक 'केस स्टडी' बनाया जाना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से इस मामले में हमारा रिकार्ड बहुत अच्छा नहीं है। हम दुर्घटनाओं से वे सबक नहीं सीखते हैं जो हमें सीखने चाहिए।

# भारतीय संविधान की रचना

**भारत ने 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान सभा ने संविधान को 26 नवंबर, 1949 को पास किया था।**



**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, भारत के पूर्व अतिरिक्त सचिव हैं)



26 नवंबर को पूरे देश ने 'संविधान दिवस' मनाया। इस समय संवैधानिक इतिहास की याद आना स्वाभाविक है। गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने के बाद भारत 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र देश बना और 26 जनवरी, 1950 को सप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र का संविधान लागू होने के साथ वह एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणतंत्र बना। लेकिन संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को दो साल, 11 महीने और 17 दिन बैठकों के बाद संविधान को पास किया था। लोकतंत्र का अर्थ 'कानून का शासन' है और संविधान देश का सर्वोच्च कानून तथा सभी कानूनों का मूल है। राज्य के अंगों- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का जन्म संविधान से होता है, वे अपना अधिकार संविधान से प्राप्त करती हैं तथा संविधान के ढांचे के अंतर्गत अपने दायित्वों का निर्वाह करती हैं। इसलिए यह आवश्यक एवं इच्छित था कि स्वतंत्र भारत का अपना संविधान हो।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ही स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्र भारत के लिए संविधान की आवश्यकता पर जोर दिया था। महात्मा गांधी ने 1922 में ही जोर दिया था कि 'स्वराज ब्रिटिश संसद का मुफ्त उपहार नहीं होगा। यह भारत की पूर्ण आत्माभिव्यक्ति की घोषणा होगा जो संसद के कानून से अभिव्यक्त होगी।' जब यह स्पष्ट हो गया कि अंग्रेज अब ज्यादा समय तक हमें गुलाम बनाए रखने तथा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष को दबाने की स्थिति में नहीं हैं, तब 1946 में कैबिनेट मिशन ने एक संविधान सभा बनाने का निर्णय किया था जिसमें प्रांतीय लेजिस्लेटिव असेम्बलीज़ के माध्यम से 389 सदस्यों का चयन होना था। लेकिन देश के विभाजन के पश्चात संविधान सभा-सीए की संख्या घट कर 299 रह गई। सीए की पहली बैठक 9 दिसंबर, 1946 को हुई जिसमें सच्चिदानंद सिन्हा को सीए का अंतरिम अध्यक्ष चुनाव गया। वरिष्ठतम सदस्य श्री सिन्हा 1910 से सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली के सदस्य थे।

11 दिसंबर, 1946 को डा. राजेन्द्र प्रसाद को सीए का पहला अध्यक्ष चुना गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने असेम्बली का उद्देशिका प्रस्ताव पेश करते हुए सीए की दृढ़ व पवित्र प्रतिज्ञा प्रकट की थी कि वह भारत को एक स्वतंत्र संप्रभु गणराज्य घोषित कर उसके भावी प्रशासन के लिए एक संविधान बनाएगी। इस प्रस्ताव में घोषणा की गई थी कि 'संप्रभु स्वतंत्र भारत, उसके संघटक अंगों तथा सरकार के अंगों की सारी शक्तियां और अधिकार जनता द्वारा संचालित होंगे।' इसने 'भारत के सभी लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय, स्थिति व अवसर की समानता तथा विचारों, अभिव्यक्ति, धार्मिक विश्वास एवं पूजा की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने' की गारंटी दी थी। 14 अगस्त, 1947 को भारत विभाजन के साथ ही सीए एक संप्रभु संस्था बन गई। सीए की बैठकें सत्रों में हुईं। 9 दिसंबर, 1946 से 24 जनवरी, 1949 तक इसके कुल 12 सत्र हुए।

संविधान सभा-सीए के पांचवें सत्र की बैठक 14 अगस्त, 1947 को 11 बजे रात में हुई। वंदे मातरम गायन के बाद पंडित नेहरू ने अर्धरात्रि को अपना ऐतिहासिक 'ट्रिस्ट विध डिस्टिनी' भाषण देते हुए घोषणा की कि भारत जीवन और स्वतंत्रता में जाग गया है। उन्होंने संविधान सभा को याद दिलाया कि हमारी पीढ़ी के महानतम मनुष्य की इच्छा 'हर आंख से हर आंसू पोंछना है।' उन्होंने स्वीकार किया कि 'यह हमसे बहुत दूर हो सकता है, पर जब तक आंसू और पीड़ा रहेगी तब तक हमारा काम समाप्त नहीं होगा।' उन्होंने अपना भाषण इन पवित्र व गरिमामयी शब्दों से समाप्त किया, 'हमें स्वतंत्र भारत का वह आदर्श महल बनाना है जहां उसके सभी बच्चे पले-बढ़ेंगे।' आधी रात के बाद हर सदस्य ने शपथ ली वह स्वयं को भारत तथा उसकी जनता की सेवा के लिए समर्पित करेगा ताकि 'भारत की प्राचीन भूमि दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सके और भारत विश्व शांति तथा मानवता के कल्याण को आगे बढ़ाने में अपना स्वैच्छिक योगदान दे सके।'

संविधान सभा की बैठक पुन: 15 अगस्त, 1947 को दस बजे हुई। असेम्बली के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र प्रसाद भारत के गवर्नर जनरल लार्ड माउंटबेटन तथा लेडी माउंटबेटन के साथ एक प्रदर्शन में संविधान सभा में आए। अध्यक्ष ने विदेशी सरकारों से प्राप्त मुबारकवाद के पत्र पढ़े। इसके बाद लार्ड माउंटबेटन ने असेम्बली को संबोधित किया। उनके भाषण की समाप्ति पर तोपों की सलामी दी गई तथा संसद भवन पर यूनियन जैक के स्थान पर हमारा तिरंगा फहराया गया। सीए में 17 प्रतिष्ठित महिला सदस्यों के साथ महान स्वतंत्रता सेनानी, राजनयिक, प्रख्यात वकील, सामाजिक कार्यकर्ता तथा संवैधानिक विधि के विद्वान शामिल थे जो अपने समक्ष उपस्थित लक्ष्य की जटिलता और व्यापकता को समझते थे। प्रस्तावित संविधान के विभिन्न क्षेत्रों के लिए असेम्बली ने प्रमुख लोगों की अध्यक्षता में 22 समितियों का गठन किया। असेम्बली के संवैधानिक सलाहकार सर बी.एन. राव ने समितियों की विभिन्न रिपोर्टों तथा सीए की बहसों से संविधान का प्रारूप तैयार किया। इसमें 213 अनुच्छेद तथा 13 अनुसूचियां थीं। यह प्रारूप 29 अगस्त, 1947 को प्रारूप समिति को पेश किया गया। उसी दिन डा. अंबेडकर की अध्यक्षता में प्रारूप समिति का गठन किया गया था। समिति ने अगले दिन 30 अगस्त को अपना काम शुरू किया और उसकी 141 बैठकें की गईं। संविधान का प्रारूप अध्यक्ष को 21 फरवरी, 1948 को पेश किया गया और इसके बाद प्रांतीय सरकारों समेत अन्य से सुझाव प्राप्त करने के लिए वितरित किया गया।

इन सुझावों और टिप्पणियों पर प्रारूप समिति ने 23, 24 व 27 मार्च तथा 18 अक्टूबर, 1948 को विचार किया। प्रारूप समिति को स्वीकार्य सुझावों को संशोधित संविधान प्रारूप में शामिल कर अध्यक्ष को 26 अक्टूबर, 1948 को पेश किया गया। संविधान प्रारूप को सीए में 4 नवंबर, 1948 को डा. अंबेडकर ने एक ऐतिहासिक भाषण के साथ रखा। इसमें 316 अनुच्छेद व 8 अनसूचियां थीं। संविधान प्रारूप पर असेम्बली में बहस हुई तथा इसका 4 नवंबर, 1948 से 26 नवंबर, 1949 के बीच 114 बैठकों में अनिवार्य पाठ किया गया। कुल 7,365 संशोधन पेश किए गए, पर केवल 2,473 पर विचार कर उनको स्वीकार किया गया।

संविधान को पास कर, स्वीकार कर और 'हम भारत के लोग' द्वारा 26 नवंबर, 1949 को लागू किया गया। पास किए संविधान में 395 अनुच्छेद तथा 8 अनुसूचियां थीं। इसका अंतिम 12वां सत्र 24 जनवरी, 1949 को हुआ। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने एक बयान में कहा कि जन गण मन भारत का राष्ट्रगान होगा और भारत सरकार द्वारा अधिकृत परिवर्तनों के साथ वंदे मातरम राष्ट्रगीत होगा जिसने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इसे राष्ट्रगान की तरह समान सम्मान दिया जाएगा। 24 जनवरी, 1950 को सीए ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को निर्विरोध भारतीय गणतंत्र का राष्ट्रपति चुना जो 26 जनवरी, 1950 से प्रभाव में आया। उनके नाम का प्रस्ताव नेहरू ने किया तथा पटेल ने उसका समर्थन किया।

इसके बाद संविधान की तीन प्रतियां असेम्बली हाल में सभी सदस्यों के हस्ताक्षर के लिए रखी गईं जिनमें एक अंग्रेजी में हाथ से लिखी व चित्रकारों द्वारा सजाई गई, दूसरी प्रति अंग्रेजी में मुद्रित और तीसरी प्रति हिंदी में हाथ से लिखी थी। इस पर सबसे पहले राष्ट्रपति की इच्छानुसार प्रधानमंत्री नेहरू ने हस्ताक्षर किए और इसके बाद सभी 284 सदस्यों ने संविधान पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद राष्ट्रपति ने इन प्रतियों पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया तथा इसके बाद वंदे मातरम गाया गया। डा. राजेन्द्र प्रसाद ने असेम्बली को 26 नवंबर, 1949 को सूचना दी कि विजिटर्स गैलरी में उस समय 53,000 लोगों को आने की अनुमति दी गई जब सीए संविधान पर विचार कर रही थी। सीए पर 22 नवंबर, 1949 तक 63,96,729 रुपये खर्च हुए।

भारत 26 जनवरी, 1950 को गणतंत्र बन गया और सीए ने स्वयं को 1952 में पहली संसद के गठन तक स्वयं को तदर्थ संसद में बदल दिया। खुशी की बात है कि सरकार 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मना रही है। इस निर्णय का जन्म संसद के दोनों सदनों की 26 नवंबर, 2015 की बैठकों में हुआ जो डा. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जन्म जयंती मनाने के लिए आहूत की गई थीं।

# चीन के मकड़जाल में फंसता मालदीव

"राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया"

**के एस तोमर**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के द्वीपसमूह से सुरक्षा कर्मियों को वापस बुलाने के औपचारिक अनुरोध का उद्देश्य दीर्घकालिक रूप से चीन के लिए एक रणनीतिक स्थान बनाना हो सकता है, लेकिन विभिन्न मुद्दों के सहमत समाधानों पर चर्चा करने की उनकी तत्परता पड़ोसी (भारत) के साथ पुराने रिश्ते संरक्षण की आशा की किरण का संकेतक हो सकती है।

मुइज्जू द्वारा शुरू किए गए एक खुले चीन समर्थक चुनाव अभियान और बाद में विजेता के रूप में उभरने के बावजूद, एक नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने भारत से द्वीप से सुरक्षा कर्मियों को वापस लेने के लिए कहा, भारत ने सकारात्मक राजनयिक पहल के साथ जवाब दिया और केंद्रीय मंत्री किरेन रिज्जू को भाग लेने के लिए भेजा। नये राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में. भारत ने एक मैत्रीपूर्ण कदम उठाया क्योंकि यह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की पड़ोसी पहले नीति और सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के उनके दृष्टिकोण के अनुरूप था।

जनवरी 2022 में चीनी विदेश मंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, जिन्हें बढ़ावा मिलेगा क्योंकि मुइज़्ज़ी उन्हें लागू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। चीन इन समझौतों को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया में तेजी ला सकता है जिसमें दोनों देशों के बीच आपसी वीजा में छूट और मालदीव के लोगों को 30 दिन की वीजा मुक्त यात्रा की अनुमति देना, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और सामाजिक, आजीविका और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास शामिल है। परियोजनाएं माले पर चीन से पिछले ऋणों का 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया है, जिसे देश की नाजुक अर्थव्यवस्था पर दबाव कम करने के लिए पुनर्गठित किया जा सकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों का क्षेत्र की भविष्य की गतिशीलता पर असर पड़ना तय है क्योंकि मुइज्जू ने अपना अभियान प्रो चाइना और इंडिया आउट की थीम पर चलाया था, इसलिए भारत वर्तमान मधुर संबंधों के जारी रहने की उम्मीद नहीं कर सकता है। दो देशों के बीच. भारत ने मालदीव के साथ व्यापार का विस्तार किया है और 2108 के बाद से कई परियोजनाएं शुरू की हैं जब सोलिह ने राष्ट्र के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था, जिसने अब्दुल्ला अमीन के बीजिंग समर्थक टेम्पलेट के अंत को चिह्नित किया था। मुइज्जू की पार्टी, पीपुल्स नेशन कांग्रेस को भारी चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है, जिसने देश की धरती से सैन्य टुकड़ियों की वापसी सुनिश्चित करने और भारत के पक्ष में झुके व्यापार को संतुलित करने का वादा किया है।

मालदीव हिंद महासागर में 1200 द्वीपों का एक समूह है जो पूर्व और पश्चिम के बीच मुख्य शिपिंग मार्ग है। मुइज़्ज़ू ने इंडिया आउट अभियान पर ध्यान केंद्रित किया था और छोटे भारतीय सैन्य कर्मियों और निगरानी सैन्य विमानों को वापस भेजने का वादा किया था जो चीनी उपस्थिति के लिए जगह खोलेगा। दूसरा, मालदीव के किनारे महत्वपूर्ण समुद्री लेन संचार के साथ चीनी समुद्री और नौसैनिक गतिविधियों की निगरानी के लिए मालदीव-भारत रक्षा सहयोग से संबंधित एक समझौता खतरे में पड़ सकता है क्योंकि ड्रैगन मुइज़ी के तहत इसमें तोड़फोड़ करना चाहेगा।

तीसरा, चीन के स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स में नाशपाती (मालदीव) के शामिल होने के बाद चीन की बढ़ी हुई उपस्थिति मजबूत होगी। (मोतियों की माला% शब्द उन क्षेत्रों को दर्शाता है जहां चीन अपने अड्डे विकसित कर रहा है, जिसे %मोती% कहा जाता है। जो चीनी प्रांत हैनान द्वीप से ग्वादर तक फैला हुआ है।) मालदीव भारत के साथ सौदेबाजी के लिए चीन कार्ड का उपयोग कर रहा है लेकिन नए राष्ट्रपति ड्रैगन की प्रत्यक्ष भागीदारी की अनुमति दे सकता है।

चौथा, सी लेन ऑफ कम्युनिकेशन (एसएलओसी) को अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ेगा, लेकिन वे पश्चिम एशिया में अदन की खाड़ी और होर्मुज की खाड़ी और दक्षिण पूर्व एशिया में मलक्का जलडमरूमध्य के बीच समुद्री व्यापार प्रवाह के लिए भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का 50 प्रतिशत व्यापार और 80 प्रतिशत ऊर्जा आयात इन एसएलओसी को अरब सागर में पारगमन करता है।

5वां, 2022-23 के दौरान मालदीव को भारत का कुल निर्यात 476.75 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया, जो नई व्यवस्था के तहत भविष्य में प्रभावित होना तय है। 2018 में जब सोलिह ने सत्ता संभाली तो भारत ने 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, लेकिन मुइज़्ज़ू चीनी ऋण नीति को प्राथमिकता दे सकते हैं।

अंत में, मालदीव के पर्यटक स्रोत बाजार में भारत की हिस्सेदारी 23त्न है, जो प्रभावित हो सकता है यदि मुइज़्ज़ी तनावपूर्ण संबंधों का विकल्प चुनता है और चीन की ओर भारी झुकाव रखता है। मालदीव की 74 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद पर्यटन उद्योग से उत्पन्न संसाधनों पर निर्भर करती है।

अधिकतर विश्लेषकों का यहां पर यही मानना है कि मालदीव ने वर्ष 2011 में ही अल्प विकसित राष्ट्र (एलडीसी) होने का पूर्व से चला आ रहा का दर्जा खो दिया था, इसलिए उस परिस्थिति को ध्यान में रखकर देश के नए राष्ट्रपति को भारत और चीन से वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पूर्ववर्ती के विपरीत समान दूरी कूटनीति के सिद्धांत का पालन करने का प्रयास करना चाहिए जो कि हित में होगा। अपने देश के लोगों का. साथ ही, भारत को मुइज़्ज़ू के शासन के साथ बेहतर राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए सावधानी से चलना होगा, हालांकि यह चीन के पक्ष में भारी रूप से झुका हुआ होगा, जिसे क्षेत्र में असंतुलन पैदा करने की खुली छूट नहीं दी जा सकती।

## आप की बात

### पेंसिल से प्रारंभ

**स्कूल** में पहली बार एडमिशन दिलवाऐ जाने के बाद बच्चों के बैग में कापी और पेंसिल सबसे पहले अपना स्थान बनती है और फिर शुरू होता है जीवन के लिए संघर्ष। अनार का अ लिखने के लिए पेंसिल सहित हाथ पकड़ कर पहले बच्चे को पेंसिल चलाना सिखाया जाता है। धीरे-धीरे वह इसका अभ्यस्त हो जाता है। अब तो कई तरह की रंग बिरंगी पेंसिले बाजार में उपलब्ध है। प्राइमरी तक के बच्चों के लिए नई-नई तरह की रंगीन पेंसिले इकट्ठी करना उन्हें दोस्तों को बताना किसी खजाने से काम नहीं है। पेंसिल के लिखे को रबड़ से आसानी से मिटाया जा सकता है। यह उसकी सबसे बड़ी खासियत है और यही उसकी सबसे बड़ी खामी भी है। इसीलिए इसे किसी भी प्रकार के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर में उपयोग में नहीं लिया जा सकता। अब तो इलेक्ट्रॉनिक स्लेट पेंसिल आ गई है। हैरानी होती है कि एप्पल के आईपैड के साथ आने वाली पेंसिल की कीमत बहुत अधिक होती है। अब लैपटॉप के युग में प्राइमरी के बाद पेंसिल की उपयोगिता लगभग खत्म हो गई है। बिना स्याही के ही लैपटॉप पर सब कुछ टाइप किया जा सकता है। लेकिन पेंसिल और हाथ से लिखने का महत्व हमारे विकास के लिए हमेशा बना रहेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### रहस्यमयी बीमारी

**चीन** में रहस्यमयी बीमारी बच्चों पर कहर ढा रही है। विगत वर्षो में हम चीन से ही पैदा हुई कोरोना जैसी महामारी से गुजर चुके है और उस दौर के जख्म कहीं न कहीं आज भी हरे हैं। भारत मै भी इस रहस्यमयी बीमारी से बचाव के लिए एडवांईजारी कर दी। जिस तरह कोरोना काल में सावधानी बरती गई, उसी प्रकार बच्चों को भी मास्क व अन्य बचाव करने होंगे। बच्चों के भीड़ व समूह में जाने पर खास सतर्कता बरतनी होंगी। बच्चों की तबियत खराब होने या उसे बुखार होने पर डाक्टर से संपर्क करना व जरूरी जांच कराना आवश्यक है। हालांकि, चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ को सूचित किया है कि उसे किसी नये प्रकार के वायरस के संकेत नहीं मिले हैं, लेकिन चीन के अतीत के व्यवहार तथा उसकी अपारदर्शी व्यवस्था को देखते हुए उस पर जल्दी से विश्वास नहीं किया जा सकता है। कोरोना के समय विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा खासकर उसके अध्यक्ष की चीन के साथ मिलीभगत से उसकी साख दुनिया भर में तेजी से गिरी थी। अब उसे अपनी साख बहाल करने का अवसर मिला है। वैसे भारत समेत सारी दुनिया को इस बीमारी से सतर्क रहना होगा।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

**राजनीति** एवं वैश्विक घटनाक्रम पर स्पष्ट बात करने का मतलब आजकल कुछ लोगों की नजर में गुनाह हो गया है। राजनीतिक विचारधारा कोई भी हो दुनिया में कहीं भी हो रही घटना पर आम आदमी, पेशेवर, अदाकार, नौकरीपेशा या खेती करने वाले अपना विचार रख सकते हैं और इसे ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहा जाता है। क्या विचार रखने या पक्ष-विपक्ष में बातें करने का अधिकार केवल राजनेताओं व पत्रकारों के पास ही है? अगर ऐसा नहीं तो फिर किस आधार पर फ़िलिस्तीन के लिए समर्थन व्यक्त करने वाली इंस्टाग्राम स्टोरीज़ की एक श्रृंखला साझा करने के बाद अमेरिकी अभिनेत्री मेलिसा बैरेरा को स्क्रीम सीरीज की अगली कड़ियों से बतौर अभिनेत्री हटा दिया गया है? क्या जागरूक इंसान होने के नाते उन्हें फिलिस्तीन पर बोलने और लिखने का कोई अधिकार नहीं है? लगता है कि खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर मानने वाले व्हाइट हाउस को इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेना चाहिए। वैसे इसके कारण कुछ और हो सकते हैं, पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षा मिलनी चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कोच्चि हादसा

**केरल** में कोच्चि की सीयूएसएटी-कोच्चि यूनिवर्सिटी ऑफसाइंस एन्ड टेक्नोलॉजी में संगीत कार्यक्रम में भगदड़ मचने से 4 छात्रों की दुखद मृत्यु हो गई व 60 से अधिक छात्र घायल हो गए। करीब 2000 छात्र इस आयोजन में एकत्र हुए और केवल एक गेट होने से हादसा हो गया। कुलपति का कहना है कि बारिश, भीड़ अधिक होने तथा संगीत में उछलने-कूदने से घटना घट गई। हादसे का कोई भी कारण हो किन्तु 4 छात्रों की मौत व 60 से अधिक का घायल होना कहीं न कहीं व्यवस्था में लापरवाही का संकेत है। यूनिवर्सिटी को इतना बड़ा समारोह रखने के बाद उसकी व्यवस्था भी ठीक रखनी चाहिए थी। आखिर 4 छात्रों का जीवन असमय समाप्त होने से उनके परिजनों का भी भविष्य अंधकारमय हो गया। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार तथा विश्वविद्यालय को पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा देने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में आयोजनों में संभावित लोगों की संख्या को देखते हुए उपयुक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से

# सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए सकारात्मक जवाब देगी: मुख्यमंत्री

● सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के सुचारू संचालन के लिए सभी दलीय नेताओं से मांगा सहयोग

● उप्र विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 का विमोचन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगा। सत्र आरंभ होने से पहले सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सोमवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की ओर से शीतकालीन सत्र के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन की कार्यवाही के निर्बाध संचालन हेतु सभी दलों के सहयोग से सदन में सकारात्मक वातावरण बनेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाए बल्कि सदन में उपस्थिति भी रहें जिससे प्रदेश का विकास हो सके। सदन में हम सभी को मिलकर जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए। आज सदन की जिस नियमावली का विमोचन किया गया है, यह नियमावली सभी की सहमति से बनी है। हम सभी इसका पालन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने सत्र के सुचारु संचालन में सत्ता पक्ष के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि सदन जनाकांक्षाओं को रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुई समृद्ध चर्चाएं देश भर की विधानसभाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। सदन जितनी देर चलेगा, उतना ही लोकतांत्रिक मूल्यों की समृद्धि में सहायक होगा। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार सभी चर्चाओं में भाग लेते हुए सकारात्मक जवाब देगी तथा सुझावों के अनुरूप समाधान निकालने का प्रयास करेगी।

उन्होंने कहा कि सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि हम सब लोगों ने सदैव सदन को बढ़ चढ़कर चलाने का काम किया। जिसे देश दुनिया में सराहा गया। उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है जो दिन प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे प्रसन्नता हो रही है कि देश के विधानसभाओं में जब उप्र जैसे राज्य की चर्चा होती है तो यह व्यवस्था चमत्कारिक जैसे लगता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व जैसे व्यवहार करेगा परिणम वैसा ही होगा। दलीय नेताओं के सहयोग पर भी प्रसन्नता व्यक्त किया कि अब लोग विकास को अपना मुद्दा बनाते है। विधायक निवासों की सुरक्षा को लेकर प्रमुख सचिव गृह का ध्यानाकर्षण करते हुए पुख्ता इंतजाम किए जाने के भी निर्देश दिए। वहीं गरीबों कमजोर मरीजों के इलाज पर दिए गए अनुदानों पर सभी दलीय नेताओं ने इसकी सराहना की। उन्होनें कहा कि इसमें किसी के साथ भेदभाव नही किया जाना चाहिए। इस पर दलगत राजनीति नही होना चाहिए क्योंकि वे हमारे राज्य के नागरिक है। सदन को सुदृढ़ तरीके से चलाकर आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा संदेश देना चाहिए। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 2023 का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सभी के विचारों एवं सुझावों पर धन्यवाद देते हुए सभी से सदन चलाने में सहयोग के लिए अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है तथा उसी से प्रदेश विकास के पथ पर होगा। यह एक अच्छी परम्परा है। खन्ना ने कहा कि नेता सदन की मंशा के अनुरूप चर्चा कर ऐतिहासिक रूप से परम्पराओं का निर्वाहन किया जायेगा। सत्र सुचारू रूप से चलाने के आश्वासन का हम स्वागत करते हैं। बैठक में नेता प्रतिपक्ष की जगह समाजवादी पार्टी के सचेतक मनोज कुमार पाण्डेय ने बजट सत्र में अपने दल का पूरा सहयोग करने तथा सकारात्मक चर्चा किए जाने पर अपनी सहमति जताई। नेता अपना दल रामनिवास वर्मा, नेता लोकदल राजपाल बालियान, नेता सुहेलदेव पार्टी ओम प्रकाश राजभर, नेता निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के अनिल कुमार त्रिपाठी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा, जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता रघुराज प्रताप सिंह 'राजा भईया' एवं नेता बहुजन समाज पार्टी उमाशंकर सिंह सहित सभी दलीय नेताओं ने मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष को सदन चलाने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।

## अब नए 'स्पीच रिकग्निशन सॉफ्टवेयर' से लैस होगी यूपी विधानसभा

● कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीक का मिलेगा साथ, कई खूबियों से लैस होगा नया सॉफ्टवेयर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की उन्नति के लिए मॉडर्न टेक्नोलॉजी का व्यापक इस्तेमाल कर रही योगी सरकार अब प्रदेश की विधान सभा को भी उन्नत तकनीक से लैस करने की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा रही है। उल्लेखनीय है कि देश के कई प्रांतों में नेशनल 'ई-विधान एप्लिकेशन' के क्रियान्वयन के जरिए विधान सभा की कार्यवाही का डिजिटाइजेश किया जा चुका है। वहीं, उत्तर प्रदेश में भी सीएम योगी के नेतृत्व में मई 2022 में 'ई-विधान एप्लिकेशन' को विधान सभा में लागू किया गया था, जिसके बाद से अब तक के सभी सेशंस इसी एप्लिकेशन के जरिए कंडक्ट कराए गए हैं। ऐसे में, इस कड़ी में एक नवीन प्रयास के तहत विधान सभा को 'स्पीच रिकग्निशन सॉफ्टवेयर' से भी लैस करने की तैयारी चल रही है। जानकारी के अनुसार, यह सॉफ्टवेयर कई खूबियों से लैस होगा तथा इसके क्रियान्वयन के जरिए विधान सभा की कार्यवाही को और सुव्यवस्थित व सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। इस क्रम में, हाल ही में ई-टेंडर पोर्टल के जरिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट व खरीद को लेकर निविदा जारी की गई है। उत्तर प्रदेश विधान सभा सचिवालय, लखनऊ द्वारा स्पीच रिकग्निशन सॉफ्टवेयर की खरीद के लिए ई-निविदा के माध्यम से जो आवेदन मांगे गए हैं उसके अनुसार, यह सॉफ्टवेयर कई खूबियों से लैस होगा। विधानसभा सेशन के लाइव टेलीकास्ट के दौरान आने वाले ध्वनि संबंधी व्यवधानों के निस्तारण में यह सॉफ्टवेयर सक्षम होगा। इससे न केवल लाइव फीड्स बेहतर होंगी, बल्कि विधान सभा की कार्यवाही के दौरान की वीडियो आउटपुट में भी मदद मिलेगी। इससे मीडिया को भी सहूलियत होगी क्योंकि स्पीच रिकग्निशन प्रक्रिया के जरिए जेनरेटेड फीड्स अच्छी वीडियो व वॉइस क्वॉलिटी से युक्त होंगे। इस स्पीच रिकग्निशन सॉफ्टवेयर को उन्हीं टेक्नोलॉजी कंपनियों से डेवलप कराकर इस्तेमाल में लाया जाएगा जिनकी उत्तर प्रदेश में व्यापक उपस्थिति है।

## सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा के चरणों में शीश झुकाया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**मुख्यमंत्री** व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सोमवार को देव दीपावली पर तीनों लोक से न्यारी काशी पहुंचे। गंगा द्वार से प्रवेश करके गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंच कर बाबा के चरणों में शीश झुकाया। यहां उन्होंने विधि विधान से दर्शन-पूजन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट से सीधे नमोघाट पहुंचे थे। यहा से बजड़ा पर सवार होकर जलमार्ग से काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। सीएम ने सोमवार को बाबा काशी विश्वनाथ से सुखी व समृद्ध उत्तर प्रदेश की प्रार्थना की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धाम में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए। दर्शन-पूजन के दौरान मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, जयवीर सिंह, रवींद्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



इसके पहले सीएम ने श्रावण मास में भी तीन बार श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में पूजन-अर्चन किया था। अगस्त के बाद सितंबर में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों मंदिरों में पूजा की थी। 31 अक्टूबर को भी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में वंदन-पूजन किया था। इसके बाद कार्तिक पूर्णिमा पर 27 नवंबर को भी मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में शीश नवाया और बाबा से आशीर्वाद की कामना की।

## समस्याओं का त्वरित गति से हो निस्तारण: केशव

● उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय सात कालिदास पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित गति से निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने जन सुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं।

## कोई भी घटना होने पर सोशल मीडिया के माध्यम से हम तक जरूर पहुंचाएं: अजय

● प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया विभाग की संगठनात्मक बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बढ़ाया पदाधिकारियों का हौसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों का का हौसला बढ़ाया और कहा आप हमारे सिपाही है और डटकर लड़ रहे हैं, आपके हर दुख-सुख में हम आपके साथ रहेंगे। आपके क्षेत्र में, आपके जिले में कोई भी घटना होती है तो से सोशल मीडिया के माध्यम से हम तक जरूर पहुंचाएं। हम स्वयं वहां पहुंचेंगे। उन्होंने कहा की सोशल मीडिया आज लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का सशक्त साधन बन गया है।

अजय राय सोमवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रदेश स्तरीय सोशल मीडिया विभाग की संगठनात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को भाजपा के लोग तोड़ मरोड़ कर दुष्प्रचार कर रहे हैं हम सोशल मीडिया के माध्यम से ही उसका मुंह तोड़ जवाब दे सकते हैं और अपने गौरवशाली इतिहास की संरक्षा कर सकते हैं। सोशल मीडिया विभाग के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आयुष पांडे ने बताया कि भाजपा के झूठ फेक न्यूज़ को सोशल मीडिया के माध्यम से हम खुलासा कर सकते हैं और कांग्रेस की नीतियों और को जन-जन पहुंचने का कार्य सोशल मीडिया के माध्यम से ही सही ढंग से हो पाएगा। सोशल मीडिया की अध्यक्ष पंखुड़ी पाठक ने संगठन विस्तार पर चर्चा की और बताया कि कैसे ग्राम सभा स्तर तक संगठन को मजबूत कर सकते हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा कमेटी का हर जिले में गठन होग। ब्लॉक एवं बूथ स्तर तक सोशल मीडिया विभाग का विस्तार किया जाएगा।

## शिक्षक को निर्भीक व चरित्रवान होना चाहिए

● सपा शिक्षक सभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की आयोजित बैठक में पुरानी पेंशन बहाल समेत कई प्रस्ताव रखे गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** शिक्षक सभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक सोमवार को लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर 9 में सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, डॉ. फिदा हुसेन अंसारी ने सम्बोधित किया। उक्त सभी को नेताजी स्मृति सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

शिक्षक सभा को सम्बोधित करते हुए उदय प्रताप सिंह ने इस बात पर बल दिया कि जहां शिक्षक का सम्मान नहीं होता वहां देश की उन्नति नहीं होती है। शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा गैरबराबरी है। शिक्षक बच्चों को संस्कार देने के साथ समाज में परितर्वन लाने का भी काम करता है। शिक्षक को निर्भीक, स्वाभिमानी एवं चरित्रवान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और पंथनिरपेक्षता परस्पर जुड़े हैं। संविधान में इनकी गारंटी दी गई है। उन्होंने अपनी एक कविता का पाठ भी किया। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि शिक्षकों की लोकतंत्र बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज में सबको न्याय मिले, सद्भाव बढ़े, नया समाज बने जहां नफरत न हो, इसके लिए शिक्षक ही जागरूक कर सकता है। उन्होंने कहा लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लम्बी है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय तथा समाजवादी व्यवस्था का संघर्ष जारी है। वे लगातार इस कोशिश में रहते है कि सबको आगे बढ़ाने का अवसर मिल सके। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में है। माता प्रसाद पाण्डेय ने शिक्षा के व्यवसायीकरण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी. पाण्डेय ने सभी स्तरों पर शिक्षकों में संवाद और बूथों पर शिक्षकों की सक्रियता पर बल दिया।

शिक्षक सभा की बैठक में उपाध्यक्ष मणींद्र मिश्र मशाल द्वारा प्रस्तुत एवं डॉ. मान सिंह एमएलसी द्वारा समर्थित राजनीतिक आर्थिक प्रस्ताव में कहा गया है कि देश में शिक्षा और शिक्षकों की चुनौतियां लगातार गंभीर होती जा रही है। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा से जुड़ी शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकारों का रवैया बेहद निराशा जनक है। पुरानी पेंशन का लागू न होना शिक्षकों के भविष्य को अनिश्चित बना रहा है।

## प्रदेश सरकार ने साढ़े छह साल में 5 हजार किमी सड़क का बिछाया जाल

● कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए खर्च किये नौ हजार करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर युद्धस्तर पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर पिछले साढ़े छह साल में गांव, तहसील, ब्लॉक मुख्यालय, अंतरराष्ट्रीय-अंतरराज्यीय सीमा वाले मार्ग, चीनी मिल क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं धर्मार्थ मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण पर युद्धस्तर पर काम हुआ है। इस दौरान प्रदेशभर में 5 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया गया है। इसके लिए योगी सरकार ने करीब नौ हजार करोड़ की धनराशि खर्च की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालते ही पीडब्ल्यूडी को प्रदेश में कनेक्टिविटी को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। शासन ने पीडब्ल्यूडी को 26 तहसील मुख्यालयों और 153 ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन मार्ग से जोड़ने के निर्देश दिए थे। इसके लिए विभाग को 1617 किलोमीटर की सड़क के लिए 2653 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई थी। वहीं विभाग की ओर से 26 तहसील मुख्यालय और 131 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ दिया गया है जबकि शेष 22 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। इनमें से 16 ब्लॉक मुख्यालय में 99 प्रतिशत, 3 ब्लॉक मुख्यालय में 74 प्रतिशत, 2 ब्लॉक मुख्यालय में 24 प्रतिशत और एक ब्लॉक मुख्यालय में 49 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। वहीं पीडब्ल्यूडी ने शेष 1 तहसील और 10 ब्लॉक मुख्यालय को दो लेन से जोड़ने के लिए 48 किलोमीटर की सड़क के लिए 174 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसी तरह 25 शहरों से होकर गुजरने वाले अंतरराष्ट्रीय-अंतरराज्यीय सीमा वाले मार्गों के विकास के लिए 94 मार्ग स्वीकृत किए गए हैं। यहां पर 1126 किलोमीटर की सड़क के लिए 2171 करोड़ की धनराशि दी गई। इनमें से 81 मार्ग का काम पूरा कर लिया गया हैए जबकि 13 मार्गों पर काम चल रहा है, जहां 6 मार्गों का काम 99 प्रतिशत और 7 मार्गों का काम 24 प्रतिशत पूरा कर लिया गया। वहीं 250 से अधिक आबादी के गांवों को मुख्य मार्ग (.5 किलोमीटर से कम दूरी) से कनेक्ट करने के लिए 1928 कार्य स्वीकृत किए गए। ऐसे में 2107 किलोमीटर की सड़क के लिए 1679 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई। इनमें से 563 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। वहीं 1087 अनजुड़े गांवों को मुख्य मार्ग से कनेक्ट करने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। इसी तरह प्रदेश के चीनी मिल परिक्षेत्र में मार्गों के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 1074 कार्यों को चिन्हित किया गया है। ऐसे में 1127 किलोमीटर की सड़क के लिए 384 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। इन कार्यों की शासन से हरी झंडी मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं दूसरे चरण में 626 मार्गों के लिए 200 करोड़ खर्च किए जाएंगे।



औद्योगिक/ लॉजिस्टिक पार्क के लिए सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और निर्माण के लिए 2 कार्य स्वीकृत किए गए। ऐसे में 139 करोड़ से 9.6 किलोमीटर के मार्ग का काम चल रहा है। वहीं पीडब्ल्यूडी को औद्योगिक विकास विभाग की ओर से 21 कार्यों को कराने के लिए 1922 करोड़ का प्रस्ताव मिला है। इसी तरह धर्मार्थ कार्य के तहत सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण के लिए 36 कार्य स्वीकृत किए गए, जहां 2316 करोड़ से 174 किलोमीटर की सड़क का कार्य चल रहा है।

## सीएम के निर्देश चल रहे अभियान में धार्मिक स्थलों से उतरवाए गए 3238 अवैध लाउडस्पीकर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों पर लगे अवैध लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यत्रों के खिलाफ 23 नवंबर से 22 दिसंबर तक एक माह का अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में डीजीपी विजय कुमार के निर्देशन में सोमवार को प्रदेश के समस्त जनपद व कमिश्नरेट में प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अभियान चलाकर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने धार्मिक स्थलों से 3238 लाउडस्पीकर उतरवाए। जिन स्थलों पर मानक से अधिक ध्वनि विस्तार पाया गया तो उन्हें कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रदेश में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर लगे 61399 ध्वनि विस्तारक यंत्र और लाउडस्पीकर को चेक किया गया। 7288 यंत्रों और लाउडस्पीकर की आवाज को कम किया गया। 3238 लाउड स्पीकर को हटवाया गया। इसके अलावा पुलिस टीम ने निर्धारित ध्वनि मानक सीमा का उल्लंघन कर रहे लोगों को सचेत करते हुए आवाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की संख्या मानक के अनुसार रखने के लिए नोटिस दी गई है। पुलिस मुख्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त विशेष अभियान व कार्रवाई की सम्यक मानिटरिंग तथा निरंतर अनुश्रवण सुनिश्चित किया गया।

## पूर्वांचल के युवाओं को हुनरमंद बनाने को गीडा में खुलेगा स्किल डेवलपमेंट सेंटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

गीडा के स्थापना दिवस पर सीएम योगी के समक्ष नाइलिट से एमओयू का होगा आदान-प्रदान

**पूर्वी** उत्तर प्रदेश के युवाओं को इसी अंचल के उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल बनाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोला जाएगा। गीडा की पहल पर यह सेंटर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा खोला और संचालित किया जाएगा। गीडा के स्थापना दिवस समारोह (30 नवंबर) पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष इस स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए एमओयू (समझौता करार) का आदान-प्रदान किया जाएगा। इसी समारोह में प्लास्टिक पार्क के उद्यमियों को कच्चा माल उपलब्ध कराने के लिए गैस ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के साथ भी समझौता करार का हस्तांतरण होगा।

गीडा के 34वें स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने के साथ उपलब्धियों से परिपूर्ण कर यादगार बनाने की जोरदार तैयारी की जा रही है। इसमें निजी क्षेत्र की करोड़ो रुपये की निवेश परियोजनाओं की सौगात तो मिलेगी ही, रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को उद्योग अनुकूल बनाने की तरफ भी कदम बढ़ाया जाएगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा कौशल विकास प्रशिक्षण देकर इस क्षेत्र के युवाओं को यहीं रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसके दृष्टिगत नाइलिट के साथ एमओयू किया जा रहा है। इस एमओयू का आदान प्रदान गीडा दिवस पर सीएम योगी के सामने किया जाएगा। स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए गीडा की तरफ से नाइलिट को 9280 वर्ग मीटर स्थान मय निर्मित भवन के निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

यहां स्थानीय युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में नए सेक्टर जैसे इंफ ॉर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी (आईटी), आर्टीफि शियल इंटेलिजेंस (एआई), मशिन लर्निंग आदि के लिए भी ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे स्थानीय युवा बदलते समय के साथ रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बन सकेंगे।

सीईओ गीडा, अनुज मलिक ने बताया कि गीडा के स्थापना दिवस पर महत्वाकांक्षी प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट को और गति मिलेगी। प्लास्टिक पार्क में लगने वाली यूनिट्स को परियोजना स्थल पर ही गेल की तरफ से कच्चा माल सुलभ होगा। इसके लिए 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एमओयू का आदान-प्रदान संपन्न होगा। गीडा की तरफ से प्लास्टिक पार्क प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे सेक्टर-28 में 88 एकड़ विकसित किया गया है। यहां प्लास्टिक उद्योग की 92 इकाइयों के लिए स्थान एवं समस्त आवश्यक अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें लगभग 5000 व्यक्तियों को रोजगार मिल सकेगा। गीडा द्वारा प्लास्टिक पार्क में 35 उद्यमियों को भूखण्ड आवंटन की कार्रवाई की जा चुकी है। इस आवंटन में लगभग 165 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है।

प्लास्टिक पार्क में गीडा द्वारा परियोजना स्थल पर सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंगएंड टेक्नोलॉजी (सीपेट) के सेंटर के लिए भी 5 एकड़ निशुल्क भूमि उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गयी है। सीपेट का सेंटर खुलने से प्लास्टिक पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को कुशल कारीगरों की उपलब्धता सुनिश्चित होने के साथ उनके द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सकेगी।

# दहेज प्रथा पर हुआ मंथन

**● दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने का लिए संकल्प**




**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**महिला** कल्याण उप्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में डीपीओ संजय कुमार निगम के निर्देशन में सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर देहात में दहेज प्रथा समस्या, निवारण विषय पर विचार गोष्ठी हुई। इस परिचर्चा में शामिल सुपरवाइजर , आंगनवाड़ी, पंचायत प्रतिनिधि ने प्रतिभाग किया तथा दहेज प्रथा पर अपने अपने विचार रखे। दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने का संकल्प लिया गया।

महिला कल्याण अधिकारी आर्य मित्रा बिष्ट ने कहा कि दहेज प्रथा संपूर्ण मानवता के लिए घातक है और यह बुराई ही देश में घटते लिंगानुपात का मुख्य कारण है। बेटी को इतना पढ़ाओ कि दहेज देना नहीं पड़े एवं बेटे को इतना पढ़ाओ कि दहेज लेना नहीं पड़े। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नम्बरों 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्य मंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, के बारे में एवं वन स्टॉप सेन्टर, के बारे में महिलाओं को जागरूक किया।

संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी ने कहा कि दहेज लेना-देना दोनों कानून अपराध है। ऐसे अपराध नहीं करने के लिए बालिकाओं को अपने परिजनों को प्रोत्साहन करना चाहिए। इस मसले पर संवेदनशीलता के साथ दहेज को दूर भगाने के प्रति गंभीर चिंतन करना होगा।

जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने दहेज रूपी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने को जिम्मेदारी लेनी होगी और आगे आकर सच्चे नागरिक का फ़र्ज़ अदा करना होगा। उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), 181 महिला हेल्प लाइन, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर से रीमा वर्मा, बाल विकास पुष्टाहार की सुपरवाइजर नागमणि, आंगनवाड़ी केंद्र की पूनम प्रजापति सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# मनोगंगा में कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़े श्रद्धालु, मेले में पुलिस प्रशासन रहा सतर्क



**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**मनोगंगा** में प्रत्येक पूर्णिमा पर कार्तिक माह के इस पर्व पर घाटो के किनारे मेले लगे,जिसमे मोहम्मदी, बरबर,ऊचौलिया सहित अन्य घाटो पर गनगमेले मे श्रद्धालु सुबह 4 बजे से ही मनोगंगा में अपनी मनोकामना को लेकर पहुचने लगे, बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया मनोगंगा पर कार्तिक मास का मेला लगा,सिरसा घाट पर विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह पहुचे और मेले का उदधाटन किया,

मिली विधिवत जानकारी के अनुसार कार्तिक माह को धार्मिक दृष्टि से बहुत-ही पुण्यदायी माना गया है। साथ ही इस महीने में पवित्र नदी में स्नान दान तुलसी पूजा का भी विशेष महत्व है। कई साधक भगवान श्री हरि की कृपा प्राप्ति के लिए कार्तिक माह में प्रतिदिन स्नान करते हैं। कार्तिक स्नान करने वाले साधक को शरीर पर तेल नहीं लगाना चाहिए। स्नान के बाद तुलसी में जल देकर परिक्रमा करें। साथ ही, शाम के समय तुलसी पर घी का दीया जलाएं,इसी मनोगंगा में लगे कार्तिक मास के मेले को देखने के लिए दूर दराज से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, सुबह 4 बजे से देर शाम तक चलता रहा मेला,मेले मे उपजिलाधिकारी सहित पुलिस बल भी मौजूद रहा

# ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के पांचवे दिन हुए रोमांचक मुकाबले



**संवाददाता।** गोकर्णनाथ खीरी

**स्वर्गीय** अरविन्द गिरि ऑल इंडिया फुटबॉल टूर्नामेंट के आज पांचवे दिन रोमांचक खेल जारी। प्रथम मैच सहारा क्लब लखनऊ व बारवानी फुटबॉल क्लब (मध्य प्रदेश) द्वितीय मैच तमिलनाडु पुलिस व यूनाइटेड क्लब सिवान (बिहार) प्रथम मैच में सहारा क्लब लखनऊ 3-0 से विजयी घोषित।

तमिलनाडु पुलिस के खिलाड़ी अरविन्द ने मैच शुरू होने के लगभग 15 मिनट में ही यूनाइटेड क्लब सिवान की टीम पर पहला गोल दागा। इस मैच में सिवान की टीम की ओर से खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी अत्यंत आकर्षण का केंद्र रहे।

खेल के अंतिम समय में तमिलनाडु पुलिस ने दूसरा गोल सिवान की टीम पर दागा इस तरह तमिलनाडु पुलिस की टीम 2-0 पर पहुंची। तीसरा गोल भी तमिलनाडु पुलिस की टीम ने सिवान की टीम पर किया जोकि सिवान टीम के लिए अत्यंत घातक रहा किन्तु खेल के अंतिम चरण में सिवान की टीम को मिले पेनल्टी शॉट में फिलिप नाम के विदेशी खिलाड़ी मौका न गवाते हुए तमिलनाडु पुलिस पर एक गोल कर 3-1 के स्कोर को बनाया।

स्टेडियम में मौजूद खेलप्रेमियों ने इस गोल के लिए शोर मचाते हुए फिलिप का अत्यंत उत्साहवर्धन किया। इस तरह तमिलनाडु पुलिस 3-1 से विजयी रही

मैच के दौरान कमेंट्री राजेन्द्र निषाद व ज्ञानेंद्र उर्फ गप्पू गिरि ने किया। मुख्य अतिथि विजय शुक्ल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गोला टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि, मधुसूदन गिरि, अवधेश मिश्रा, रामगुलाम पांडेय, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, बजाज चीनी मिल के अवनी पांडेय, डॉ. पीयूष शुक्ल, विश्वनाथ सिंह, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, पंकज गुप्ता, जैनुद्दीन अंसारी, भोली गिरी, रामरक्षपाल राजपूत, अफसर अली, संजय वर्मा, रामू तिवारी, नवनीत वर्मा, अन्नू दीक्षित सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

कल सेमीफाइनल में तमिलनाडु पुलिस, गोरखपुर, सहारा क्लब लखनऊ, गौरीफंटा इलेवन की टीम खेलेंगी इन चारो टीमो से जो भी दो विजेता टीम होंगी वह 29 नवम्बर को फाइनल मैच खेलेंगी।

# जेएलएमडीजे इण्टर कालेज में मनाया गया 76वां एनसीसी दिवस

**संवाददाता।** सीतापुर

**खैराबाद** के जे. एल. एम. डी. जे. इण्टर कालेज में एकता और अनुशासन दौड़ का आयोजन करके 76 वां एनसीसी दिवस मनाया गया। विद्यालय के जूनियर डिवीजन एनसीसी प्रभारी शिव मूर्ति ने कैडेटों को संबोधित करते हुए एन. सी. सी. की ऐतिहासिक पृष्टभूमि और एनसीसी दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजित श्एकता और अनुशासन दौड़श् को 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर के नायब सुबेदार प्रदीप कुमार सिंह ने रवाना किया। विद्यालय के जूनियर व सीनियर डिवीजन के 80 कैडेटों ने इस दौड़ में प्रतिभाग किया । एनसीसी कैडेट श्भारत माता की जयश, श्वन्देमातरम्श, श्हमारा ध्येय - एकता और अनुशासनश् श्हमारा लक्ष्य दृ एकता और अनुशासन का उदघोष करते हुए कालेज से नगर भ्रमण करते हुए वापस कालेज पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर डिवीजन एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट सुनील कुमार सिंह तथा 22 यूपी बटालियन एनसीसी सीतापुर के हवलदार सूरज पल्ली ने उपस्थित रह कर कैडेटों का मार्ग-दर्शन और उत्साह वर्द्धन किया। इस दौड़ को सफ्ल बनाने में कैडेट अभय प्रताप सिंह, कैडेट राहुल जोशी, कैडेट सूरज,,शिवम ,सचिन, कैडेट मोहन लाल, कैडेट केदार नाथ , कैडेट आदर्श कुमार, कैडेट सुमित,कैडेट अमन यादव आदि ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया ।

# मानस मेले का कन्यापूजन भंडारे के साथ हुआ समापन

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** के लालबाग पार्क में चल रहे विशाल मानस मेले का कन्यापूजन और भंडारे के साथ समापन हो गया। मानस मेला के अंतिम दिन हर रोज की तरह यज्ञाचार्य विजेंद्राचार्य ने यज्ञ अनुष्ठान किया। इसके बाद ओम प्रकाश शास्त्री द्वारा भागवत कथा और गौरी पूजन किया गया। दोपहर में श्रदालुओ को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस बीच कथा व्यास साध्वी ऋचा मिश्रा द्वारा रामकथा का वाचन किया गया। मंच संचालन अनिल कुमार तिवारी ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी व उनके सहयोगियों व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी मुनेन्द्र अवस्थी ने आरती की। अंत में शिव बालक त्रिवेदी, आकाश राय, विजय शुक्ला, पूनम चतुर्वेदी और सचिन त्रिपाठी ने साध्वी ऋचा मिश्रा को राम दरबार भेट कर विदाई दी। इस दौरान विश्वम्भर दयाल तिवारी, भानू चतुर्वेदी, कमलेश पांडेय, शिव गोपाल बाजपाई, पंकज पाण्डेय, जीवेश रत्न तिवारी, आकाश राय, विजय शुक्ला, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, कृष्ण बिहारी अवस्थी, अवधेश शुक्ला, दिनेश मिश्र, महिपाल सिंह, अशोक प्रजापति, विजय कुमार अवस्थी, कमलेश मेहरोत्रा, डॉ शान्ति स्वरुप रस्तोगी, अम्ब्रीश दीक्षित, शशिकला मिश्रा, गायत्री तिवारी और लक्ष्मीकांत बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# यातायात जागरुकता माह का समापन 30 नवबंर को

**● डीएम अनुज सिंह और एसपी चक्रेश मिश्र समापन रैली का सरोजनी वाटिका से सुबह 9 बजे शुभारंभ करेगें**

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर** में 1 नवबंर को शुरु हुए यातायात जागरुकता माह का 30 नवबंर को समापन कर दिया जाएगा। इस माह की शुरुआत जागरुकता अभियान रैली से हुई थी और अंत समापन रैली से किया जाएगा। डीएम अनुज सिंह और एसपी चक्रेश मिश्र समापन रैली का सरोजनी वाटिका से सुबह 9 बजे शुभारंभ करेगें, जिसका समापन पूर्वान्ह 11 बजे रैली के पुलिस लाइन पहुंचने पर कर दिया जाएगा। इस यातायात माह में जागरुकता लाने के लिए कार्यक्रम तो बहुतेरे किए गए लेकिन उनका सुफ्ल धरती पर उतरना अब तक बाकी है। कुल मिलाकर कह सकते है कि वही रफ्तार बेढंगी जो पहले थी वो अब भी है। दूसरे नजरिए से देखे तो यातायात माह लोगों को यातायात नियमों के पालन पर संजीदा भले ही न कर पाया हो सरकारी खजाने को भरने में जरुर कामयाब रहा है। एक नवंबर से 24 नवंबर तक हुई कार्रवाई के संबन्ध में यातायात पुलिस द्वारा जारी आंकड़े बताते है कि जिले के सभी थाना क्षेत्रो, जीआरपी और यातायात पुलिस द्वारा इस अवधि में 16 हजार 962 चालान किए गए इन सभी वाहनों पर किए गए जुर्माने की धनराशि एक करोड़ 83 लाख 40 हजार 500 रुपये है।

# मोटर साइकिल से गिर कर महिला रसोइया की हुई मौत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला कस्बा के समीप ग्राम घरथनिया के पास 48 वर्षिय महिला सुशीला देवी पति सुरेश चन्द गुप्ता निवासी ग्राम मुरादपुर की बाइक से गिर कर मौके पर मौत हो गयी,मृतिका अपने बेटे अरुण गुप्ता के साथ फतेपुर एक शादी समारोह में जा रही थी। अचानक बाइक का संतुलन खराब होने की वजह से पीछे बैठी महिला का बैलेंस बिगड़ गया जिससे सिर के बल जा गिरी व मौके पर मौत हो गयी,बताया जा रहा है कि महिला अपने ही ग्राम मुरादपुर के उच्च प्राथमिक विद्यायल में रसोइयां के पद पर तैनात थी।पुत्र द्वारा एम्बुलेंस को फोन किया गया जिससे गोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत होने की पुष्टि की,परिवार जनों शव का पोस्टमॉर्टम के लिए गोला पुलिस को सूचना दी गयी है,मौके पर गोला पुलिस पहुंच कर शव को जिला मुख्यालय पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी।



# जेल में प्रकाश उत्सव पर गुरु नानक को याद किया

**संवाददाता।** शाहजहांपुर




**जेल** में महान समाज सुधारक, महान दार्शनिक व सिक्ख धर्म के संस्थापक गुरुनानक की 554 वीं जयन्ती धूमधाम से मनाई गई।

गुरुनानक भारतीय उप महाद्वीप के आध्यात्मिक प्रकाशक थे।जिनकी दी गई शिक्षा विविध समुदायों के बीच एकता व समझ को बढ़ाती है।गुरुनानक का जीवन आध्यात्मिक जागरण व सामाजिक सुधार की एक उल्लेखनीय यात्रा से चिन्हित थी।उनकी शिक्षाएं ईश्वर की एकता व सम्पूर्ण मानवता की एकता पर जोर देती है।

इस पावन पर्व पर सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब,उत्तराखंड के कीर्तनीय जत्था व स्थानीय गुरुद्वारा कुटिया साहिब के कीर्तनीय जत्थेदारों द्वारा गुरु शिक्षा से बंदियों को लाभान्वित किया गया। गुरु कीर्तन द्वारा आध्यात्मिक व सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।आनन्द साहिब का पाठ व गुरु अरदास के बाद कार्यक्रम के अगले चरण में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के द्वारा सभी बंदियों।को गुरुदारे का कड़ा परसाद हलवे के रुप में भेंट किया। इसके अलावा सभी बंदियों को चाय-बिस्कुट भेंट किया।

इसके बाद गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सौजन्य से सभी बंदियों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें मटर-पनीर की सब्जी, हलवा व रोटी की व्यवस्था की गई।

सभी बंदी कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुश हुए। और प्रसाद व लंगर चखकर बहुत खुश हुए। सन्मार्ग पर चलने की शिक्षा पाकर संतुष्ट हुए।

# अमृत स्नान कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**शासन** की मंशा के अनुरूप महापौर महोदया श्रीमती अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रथम बार नगर निगम ने हनुमत धाम स्थल स्थित घाट पर अमृत स्नान कार्यक्रम का आयोजन किया । इस मौके पर जिसमें नगर वासियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा हनुमत धाम पर स्थित घाट पर स्नान कर पूजन किया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देशन में नगर निगम टीम द्वारा नदी एवं घाट को स्वच्छ रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने, पूजा सामग्री को अर्पण कलश में डालकर बहाने का संकल्प दिलाया गया। अमृत स्नान कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने अपने-अपने माध्यम से नगर निगम शाहजहांपुर व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरिवंश दीक्षित, चन्द्रवीर सिंह सागर उपस्थित रहे।



# पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक ने किया काव्य संग्रह का विमोचन

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**प्रदेश** के पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक और कई विश्वविद्यालयों के उपकुलपत रहे प्रो0 मंजूर अहमद ने मशहूर सूफी बुजुर्ग के काव्य संग्रह कुल्लियात ए सागर का विमोचन करते हुए कहा कि उनकी शायरी में सूफीत्तव, मानववाद और मानवीय मूल्यों के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ ईश्वर तत्व की प्रमुखता है, जो आज के दौर में अत्याधिक प्रसांगिक है।

अपने समय के उर्दू और फारसी भाषा के बेहतरीन शायर स्व0 साग़र मियां के काव्य संग्रह उल्लियात ए सागर का विमोचन करते हुए प्रदेश के पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक प्रो0 मंज़ूर अहमद ने कहा कि सूफी संत होने के कारण साग़र मियां की शायरी मानवीय संस्कारों का ताना बाना बुनती हैं। उनकी शायरी में उच्चतम मानवीय मूल्यों के संरक्षण के साथ मानवता और प्रेम उत्पन्न करने वाली कविताएं लिखीं। उन्होंनें कहा कि साग़र मियां साहित्यकारों और शायरों को राह दिखाने वाली वह मशाल थे जिसने लोगों के दिमागों को रोशन किया। पूर्व उपनिदेशक, सूचना विभाग, हामिद अली खां ने कहा कि सागर मियां के कलाम में जिगर मुरादाबादी की शायरी का झलक नज़र आती है। उत्तर प्रदेशक उर्दू अकादमी से आए डॉ0 सईद अहमद ने कहा कि यह काव्य संग्रह बेहतरीन शायरी का नायाब नमूना है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी मो0 रईस अंसारी के अलावा शहर काज़ी सैयद आरिफ अब्दुल्ला, उत्तर प्रदेश हज सेवा समिति के सदस्य अब्दुल खालिक सिद्दीकी, मशहूर शायर साहिल फैजाबीदी, अधिवक्ता अभिषेक दीक्षित, डॉ0 मो0 हनीफ, फरीदउद्दीन अहमद, चौ0 मो0 नदीम, अब्दुल वली सिद्दीकी, शमशाम अली खां आदि ने भी इस मौके पर अपने विचार व्यक्त कर हज़रत सागर मियां की ज़िदगी के विभिन्न पहलुओ और काव्य संग्रह की समालोचना करते हुए साग़र मियां की रचनाओं को उच्च कोटी का बताया। कार्यक्रम का संचालन सज्जादानशीन और इस काव्य संग्रह के प्रकाशक मो0 मुईज़ साग़री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मौजूद हाफिज़ मुकीम, हाफिज़ शाह आलम, हाफिज़ फरहानुल हक, फरहान सागरी, दावर रज़ा आदि ने अपने अपने कलाम भी पेश किए।

# संविधान दिवस पर छात्रों को संविधान का महत्व बताया

**शाहजहांपुर।** जी एफ़ कॉलेज में आज 74वां संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने कहा कि देश की शासन व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए संविधान महत्वपूर्ण है,साथ ही यह गणतंत्र राष्ट्र का आधार भी है।देश की प्रशासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमों का निर्माण संविधान द्वारा किया जाता है।संविधान के अनुसार मूल शक्ति प्रत्येक राष्ट्र की जनता में निहित होती है।डॉ रईस अहमद ने संविधान सभा की पृष्ठभूमि के साथ-साथ मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।



कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम अधिकारी डॉ कौसर जमाल ने संविधान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी एवं रेंजर्स-रोवर्स के वालंटियर्स जाहिद अली, सानिया,फातिमा, रोली एवं बबली का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस ने धार्मिक स्थलों के लाउड स्पीकर किए चेक

**संडीला( हरदोई )।** पुलिस की टीम ने प्रात: 5 बजें नगर की गई मस्जिदों में जाकर वहां लगे लाउड स्पीकरों का निरीक्षण किया और आवाज़ को मानकों के अनुसार रखने के निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक नित्यानंद सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम प्रात: 5 बजे से नगर की कई मस्जिदों में पहुंची और वहां अज़ान के समय प्रयोग किए जाने वाले लाउड स्पीकरों की फ्रीक्वेंसीं को चेक किया। प्रभारी निरीक्षक का कहना था कि लाउड स्पीकर की फ्रीक्वेंसी 35 से 45 डेसिबिल तक ही रहनी चाहिए। इसके अलावा प्रात: 5 बजे से लेकर 8 बजे तक इस नियम का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक से जब यह पूछा गया कि क्या यह आदेश केवल मस्जिदों में प्रयोग किए जाने वाले लाउड स्पीकर के लिए है या अन्य सभी धर्म स्थलों के लिए? तो उनका कहना था कि यह आदेश सभी धर्म स्थलों मंदिर, मस्जिद अथवा गुरुद्वारों के लिए है। किसी एक धर्म के लिए यह आदेश नहीं है।

# तोगड़िया ने पूरे देश में हनुमान चालीसा केंद्र खड़े करने का किया जोरदार आह्वान

**संवाददाता।** बरेली

**सीबीगंज** के गांव खड़ौआ में काफ़िले के साथ पहुचे डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया ने बरेली के सीबीगंज में एक हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की दुनिया के सभी धर्म किसी न किसी नाम पर साप्ताहिक इकट्ठे होकर के अपने मध्य व धर्म को मजबूत करते हैं और किसी न किसी रूप में हिंदू समाज को नुकसान पहुंचाते हैं हमारा हिंदू समाज एकत्र नहीं हो पाता इसलिए आज कमजोर है इसलिए अब मेरा लक्ष्य पूरे भारतवर्ष के गांव बबल के स्तर पर एक लाख हनुमान चालीसा केंद्र खड़ा करना है हम पूरे भारत में जगह-जगह हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करेंगे जिस हिंदू एकत्रीकरण होगा वह हिंदू सशक्त होगा हिंदुओं को सशक्त होने की अब वास्तव में आवश्यकता है क्योंकि भारत के कई राज्यों में हिंदू सशक्त और एकत्र नहीं हुआ उसका परिणाम सभी के सामने है कई राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गया है। प्रदेश टोली में प्रदेश संगठन मंत्री हरेंद्र कुमार सिंह प्रदेश महामंत्री सुनील बाबू गुप्ता , प्रदेश मंत्री अर्पित भामाशाह एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम बिल्सी विभाग अध्यक्ष पंकज गुप्ता , जिला अध्यक्ष अमित गंगवार ।भ्च् व राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार, जिला मंत्री हरीश कुमार, आदेश गंगवार जिला मंत्री, दीपक गंगवार जिला उपाध्यक्ष, संजू गुप्ता जिला मंत्री, हरेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष,सनी पटेल जिला मंत्री, राजेश गंगवार तहसील महामंत्री ,अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मन की बात का 107 वा एपिसोड लोगों ने टीवी और एलसीडी पर देखा और सुना

**बरेली ।** फ्तेहगंज पश्चिमी में 26 नवंबर को प्रधानमंत्री की मन की बात का 107 वां एपिसोड लाइव प्रसारण हुआ लोगों ने बड़े चाव से देखा और सुना। जानकारी के अनुसार आज धनेटा आशीर्वाद रेस्टोरेंट मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 107 वें एपिसोड टीवी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण देखने के लिए भाजपा मंडल महामंत्री डॉक्टर नरोत्तम मौर्य के द्वारा एक बहुत बड़ी टीवी एवं एलसीडी लगाई गई जिससे सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं ग्रामीण और आने जाने वाले यात्री सभी लोग प्रधानमंत्री की मन की बात के कार्यक्रम को देख सके और सुन सकें। धनेटा में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम देखने और सुनने के लिए मीरगंज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, जिला मंत्री मंजू कोरी, मंडल महामंत्री डॉ नरोत्तम मौर्य, जिला संयोजक बाबूराम कश्यप, हरिराम लोधी, महेश राजपूत, रामचंद्र वर्मा, एंग लाल वर्मा, सुनील कुमार कोरी, मनोज कुमार गंगवार, शेखर कुमार, प्रेम शंकर दरोगा आदि भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीणों मौजूद रहे सभी ने कार्यक्रम को टीवी स्क्रीन पर प्रसारित हो रहे मन की बात कार्यक्रम को बड़ी भारी संख्या में लोगों ने बड़े शौक से देखा सुना। इसी तरह कस्बा फ्तेहगंज पश्चिमी लोधी नगर स्टेशन रोड पर कमला ट्रेडर्स शोरूम पर भी व्यापार मंडल अध्यक्ष भाजपा नेता हरीश कातिव ने भी प्रधानमंत्री जी की मन की बात का 107 वा एपिसोड सुनने और देखने के लिए बड़ी टीवी एलसीडी लगवाई, शोरूम पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने और देखने के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, जिला महामंत्री सोमपाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव शर्मा, भारत विकास परिषद रोहिलखंड पूर्वी प्रांत के प्रांतीय महासचिव राहुल यदुवंशी, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, सौरभ पाठक, डॉ मुदित सिंह, ठाकुर संजीव सिंह, पंकज शर्मा, बंटी मौर्य, आकाश गंगवार, गुड्डी सिंह, मिथिलेश कश्यप आदि कस्बे के लोग मौजूद रहे।

# अंततः वन विभाग जागा अवैध आरा मशीन संचालक के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

**संडीला( हरदोई )।** दंबग अवैध आरा मशीन चालक द्वारा वन विभागकर्मी की पिटाई के प्रकरण में अंतत: वन विभाग जाग गया। न केवल अवैध आरामशीन सीज़ कर दी गयी बल्कि संचालक के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करा दी गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गदौरा में एक दबंग व्यक्ति नन्हें सिंह द्वारा अवैध आरामशीन का संचालन किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर फॉरेस्टर अमन सिंह ने चतुर्थ श्रेणी कर्मी मुंशीलाल को मौके पर भेजा, जहां मुंशीलाल के अनुसार नन्हें सिंह तथा अन्य लोगों द्वारा उसे बुरी तरह पीटा और अपमानित किया गया। इसकी सूचना देने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों ने इस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले की जानकारी होने पर समाचार पत्र में इसका प्रकाशन 24 नवंबर को होने के बाद हंगामा मच गया और डिप्टी रेंजर ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर गयी जहां अवैध मशीन संचालित होते हुए फिर मिली। इसपर इस अवैध मशीन, डीज़ल इंजन और अन्य सामग्री को जब्त करने के साथ परिसर को भी सील कर दिया गया। बाद में विभाग द्वारा दी गयी तहरीर पर अवैध आरामशीन संचालक नन्हें सिंह के विरुद्ध समुचित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गयी।

# कार्तिक पूर्णिमा के दिन पंचनद संगम पर लाखों लोगों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

● क्षेत्रीय विधायक ने किया विराट मेले का उद्घाटन



**संवाददाता।** रामपुरा, जालौन

**जनपद** के सर्वाधिक महत्वपूर्ण तीर्थ क्षेत्र पंचनद संगम में कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान किया, जनपद जालौन स्थित पंचनद स्थल विश्व मे पांच नदियों का एक मात्र संगम है। यहां प्रतिवर्ष कार्तिक की पूर्णिमा पर स्नान पर्व के साथ विराट मेला का आयोजन होता है। इस वर्ष इस मेला का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन द्वारा किया गया इससे पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर एवं श्री बाबा साहब मंदिर प्रबंध समिति के सहयोग से सुंदरकांड का आयोजन हुआ।

सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा की सुबह 3 बजे से पंचनद संगम के पवित्र जल में इटावा, औरैया, मैनपुरी, भिंड, मुरैना, जालौन, कानपुर झांसी सहित अनेक जनपदों के लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान कर श्रद्धा की डुबकी लगा मंदिर तट पर स्थित सिद्ध संत श्री मुकुंदवन बाबा साहब महाराज के दर्शन करके पान बताशा पुष्प व प्रसाद अर्पित किए। ज्ञात हो कि इस वर्ष पंचनद पर यमुना का जलस्तर कम होने से नदी के किनारे बड़े-बड़े खुरदुरे खतरनाक पत्थरों के कारण स्नान होने में परेशानी एवं दुर्घटना होने की संभावना थी । जिलाधिकारी जालौन व पुलिस अधीक्षक जालौन ने कई अधिकारियों को साथ साथ लेकर संगम स्नान से पूर्व व्यवस्थाओं को देखकर उन्हें अपर्याप्त मानते हुए अधीनस्थों को स्नान घाट के प्रबंधों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी माधौगढ़ शशिभूषण सिंह, क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई, खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी, एसएचओ रामपुरा भीमसेन पोनिया एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह सेंगर ने दिन रात एक करके 24 घंटे में बहुत खराब नदी के तट को बहुत सुविधाजनक एवं सुंदर बना दिया।

# देशभर के तीर्थों से लौटे साधुओं का बुंदेली सेना ने किया स्वागत



**चित्रकूट।** साइकिल से देशभर के तीर्थों के भ्रमण पर गए निर्मोही अखाड़ा के दो साधू 15 हजार किमी की यात्रा पूरी कर धर्मनगरी लौटे। साधुओं के लौटने पर बुंदेली सेना ने मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में साधुओं का स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। कंबल, शाल, रामनामी भेंट किये।

सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि निर्मोही अखाड़ा के दो साधू छविरामदास व रामदास 25 मार्च को भारत भ्रमण पर गए थे। लगभग साढे आठ महीने उन्होंने साइकिल से 15 हजार किमी की यात्रा की। भारतवर्ष के 12 ज्योर्लिंग व हिन्दुओं के चार प्रमुख तीर्थों बद्रीनाथ, द्वारिका, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम समेत सैकड़ों तीर्थों के दर्शन किये। देश के एक दर्जन से ज्यादा राज्यों से होकर साइकिल यात्रा गुजरी। रविवार की देरशाम भारत के सभी तीर्थों की साइकिल यात्रा पूरी कर दोनो साधू धर्मनगरी पहुंचे। उन्होंने भरतकूप के दर्शन किये। कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। मत्तगजेंद्रनाथ जी की आरती में शामिल हुए। आरती बाद मंदिर में दोनो साधुओं का बुंदेली सेना ने पुजारी विपिन बिहारी की अगुवाई में स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाई गईं।

# गुरु नानक जयंती पर संविधान जागरूकता समारोह एवं बौद्ध महोत्सव का हुआ आयोजन

● मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य



**संवाददाता।** फतेहपुर

**राष्ट्रीय** बौद्ध चेतना संस्थान के तत्वाधान में संविधान दिवस, वीरांगना झलकारी बाई जयंती एवं गुरु नानक जयंती के अवसर पर संविधान जागरूकता समारोह एवं राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव का आयोजन पूर्व डिप्टी एसपी शिव स्वरूप की अध्यक्षता व कैलाश बौद्ध के संयोजन में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि विधान परिषद के सदस्य एवं पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के अलावा दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने शिरकत की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व न्यायाधीश बीडी नकवी, पूर्व विधायक रामसजीवन निर्मल, विधायक ऊषा मौर्य, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, मान सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी, केपी राहुल साहित्यकार आदि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि स्वामी प्रसाद मौर्य एवं रामपाल गौतम ने जनता को संबोधित करते हुए संवैधानिक अधिकारों को जानने के लिए और उनकी रक्षा के लिए संविधानिक दायरे में रहते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था से संविधान को मानने वालों को देश की गद्दी पर पहुंचाने के लिए लोगों को आवाहन किया। जिससे इस देश के एससी/एसटी, ओबीसी, धर्म परिवर्तित अल्पसंख्यकों के मान सम्मान और स्वाभिमान के साथ-साथ लोकतंत्र की रक्षा हो सके।

### स्वामी प्रसाद मौर्य को हिंदू महासभा ने दिखाए काले झंडे

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने सनातन विरोधी स्वामी प्रसाद मौर्य के जनपद आगमन पर पटेलनगर चौराहे में विरोध करके मुर्दाबाद के नारे लगाकर काले झंडे दिखाए। महासभा के कार्यकर्ताओं को सभास्थल नहर कॉलोनी गेट से पुलिस प्रशासन ने अंदर नहीं जाने दिया जिससे नाराज होकर कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर चौराहे में ही अपना विरोध दर्ज कराया।

# पराली न जलाएं किसान, निराश्रित गोवंश स्थलों पर जाकर करें दान: उप निदेशक



**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा पराली जलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के परिपालन में आज उप कृषि निदेशक, रामबचन राम द्वारा ग्राम - जोरावरपुर, विकासखंड - मैथा मे कृषकों से पराली को जलाने के स्थान पर निराश्रित गोवंश स्थलों पर दान करने की अपील की गयी। किसानों को अवगत कराया गया कि फसल अवशेष/पराली जलाने से जहॉ एक ओर पर्यावरणीय क्षति, मृदा स्वास्थ्य एवं मित्र कीटों पर कुप्रभाव पड़ता है

वहीं दूसरी ओर फसलों एवं ग्रामों में अग्निकाण्ड होने की भी सम्भावना होती है। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी के तापमान में वृद्धि होने से मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, मिट्टी में उपस्थित सूक्ष्म जीव नष्ट होते है जिससे जीवांश के अच्छी प्रकार से सडने में भी कठिनाई होती है। पौधे जीवांश से ही पोषक तत्व लेते है तथा इससे फसलों का उत्पादन भी कम होता है। अत: पराली किसी भी दशा में न जलाये।

किसान भाइयों को यह भी अवगत कराया गया कि सर्वोच्च न्यायालय ने फसल अवशेष जलाये जाने पर पूर्णत: रोक लगाते हुए इस दण्डनीय अपराध की श्रेणी में रखा है।

# डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर प्रयागराज के माफ़िया डान अतीक व अशरफ के हत्यारों को कड़ी निगरानी में रखने के निर्देश जेल अधीक्षक को दिये। सोमवार को डीएम-एसपी ने जिला कारागार के निरीक्षण दौरान सीसीटीवी कैमरा संचालन, बैरक नंबर 21-22, महिला बैरक व हाई सिक्योरिटी बैरक देखी। उन्होंने कैदियों से खानपान आदि की जानकारी ली। बैरकों की तलाशी करवाई। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों का संचालन सही ढंग से होता रहे, इसका विशेष ध्यान दें। मेन्यू के अनुसार नाश्ता-भोजन कैदियों को मिलना चाहिए।

# सदर विधायक व मंत्री ने महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को वितरित किये स्मार्ट फोन






**संवाददाता।** जालौन

**सेठ** वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में बीए बीएससी फाइनल वर्ष के छात्र छात्राओं को 608 स्मार्टफोन केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा व सदर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने संयुक्त रुप से वितरित किये। इस दौरान उन्होंने कहा सभी छात्र छात्रायें इस स्मार्टफोन के माध्यम से सरकार की योजनाओ लाभ लेकर आगे प्रगति कर सकते हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा व सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने संयुक्त रूप से स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रदेश की योगी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार द्वारा हर क्षेत्र में विकास किया गया है छात्रों के लिए भी कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है इसके माध्यम से वह और अधिक ऊंचाईयों तक पहुंच सकते हैं। इस दौरान 608 स्मार्टफोन वितरित किए गए उन्होंने सभी छात्रों को स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाई दी।

दूसरी ओर लक्ष्मीचरण हुब्बलाल महाविद्यालय करसान में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण कर योगी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया।

लक्ष्मीचरण हुब्बलाल एवं डा. नरेन्द्र द्विवेदी शिक्षा महाविद्यालय, घासीराम कालका प्रसाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संयुक्त रूप से स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। सर्वप्रथम सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, प्रबंधक इंजी. प्रभाकर अवस्थी, डा. भास्कर अवस्थी, डा. अर्चना अवस्थी, डा. साधना अवस्थी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन अम्बरीश बाजपेई ने किया। मुख्य अतिथि विधायक गौरीशंकर वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन देकर उन्हे इंटरनेट की दुनिया की दुनिया से अवतग कराया।

# धूमधाम से मनाया गुरु नानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व



**फतेहपुर।** सिक्ख समुदाय के गुरू गुरूनानक देव जी का 554वां प्रकाश पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। गुरूद्वारा परिसर में चल रहे सबद कीर्तन पाठ का जहां समापन हुआ वहीं विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित लोगों को गुरूनानक देव जी के जीवन-दर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

ज्ञानी गुरुवचन सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को जगत गुरु गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव मनाया जाता है। गुरुनानक देव जी का अवतरण संवत 1469 में कार्तिक पूर्णिमा के दिन माता तृप्ता देवी जी पिता मेहता कालू के घर ननकाना साहिब में हुआ। गुरुनानक देव जी की महानता के दर्शन बचपन से दिखने लगे। गुरुनानक देव जी ने 11 साल की उम्र जनेऊ धारण करवाने की रीत का पालन किया जा रहा था उसका विरोध किया और कहा कि पंडित जी जनेऊ पहनने से हम लोगों का दूसरा जन्म होता है जिसको आप आध्यात्मिक जन्म कहते है तो जनेऊ भी किसी और किस्म का होना चाहिए। जो आत्मा को बांध सके।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर किया स्नान



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**गंगा** के आधा दर्जन से अधिक घाटों पर आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर करीब एक लाख गंगा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर मंदिरों में पूजा अर्चना की। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि परंपरागत कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर फर्रुखाबाद जिले के समीपवर्ती जनपदों में मैनपुरी, आगरा शाहजहांपुर हरदोई, बदायूं आदि क्षेत्रों से प्रमुख गंगा पांचाल घाट पर गंगाश्रद्धालुओं की भीड़ ट्रेनों, बसो तथा निजी वाहनों में कारों, जीपो, मोटर साइकिलो व अन्य वाहनों से आज देर रात्रि से तड़के और पूरे दिन गंगा में डुबकी लगाने के लिए शुरू रही।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कार्तिक पूर्णिमा पर गंगापांचाल घाट पर शांतिपूर्ण ढंग से गंगा श्रद्धालुओं का गंगा स्नान करने के लिए भारी वाहनों का करीब 2 से करीब 3 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर रूट डायवर्जेंट कर दिए जाने से, गंगा स्नान शांतिपूर्ण ढंग से सोमवार तड़के से देर सायकाल तक चलता रहा। खबर है कि गंगा श्रद्धालुओं ने जिले के प्रमुख पांचाल घाट के अलावा श्रगीरामपुर घाट, ढाईघाट, रानीघाट, विश्रांत भैरव घाट वरगदियाघाट, टोका घाट,कचहरी घाट आदि सभी घाटों पर करीब 1 लाख श्रद्धालुओं द्वारा गंगा में डुबकी लगाकर मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।

### डीएम ने किया सीएचसी बरौन का औचक निरीक्षण



**फर्रुखाबाद ।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण मं पता चला कि ओपीडी में 39 मरीजों को देखा गया है। दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया। उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया निरीक्षण के दौरान डॉ अफसर रईस, डॉ सुरेन्द्र सिंह, डॉ रितू सिंह, सुमित रंजन आपरेटर, अंजली स्टाफ नर्स व अन्य उपस्थित मिले।

# कौशलेंद्र यादव बनाए गए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**फर्रुखाबाद।** पूर्व प्रदेश सचिव कौशलेन्द्र यादव को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के निर्देश पर प्रदेश महासचिव बनाया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस पूर्व प्रदेश सचिव कौशलेन्द्र यादव को बड़ी जिम्मेदारी दी। कौशलेन्द्र यादव युवावस्था से राजनीति में सक्रिय हो गये थे। वह 1985 से लेकर 1990 तक नेकपुर कला सोसाइटी के डायरेक्टर रहे। 1989 में वह बद्री विशाल डिग्री कालेज के छात्र संघ अध्यक्ष चुने गये। साल 2000 में वह जिला पंचायत सदस्य चुने गये। 2001 में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव एक वोट से हार गये। इसके बाद 2009 में कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कौशलेन्द्र नें कांग्रेस की सदस्यता ले ली।

# सपा के वोटों की संख्या बढ़ाने में जुट जाएं सभी कार्यकर्ता: राघव दत्त



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी महानगर फर्रुखाबाद की एक बैठक समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास में महानगर के सभी फ्रंटल के अध्यक्षों के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्री राघव दत्त मिश्र ने एवं संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्र अपने सभी फ्रंटल महानगर अध्यक्षों एवं समाजवादी साथियों के साथ सर्वप्रथम गुरु नानक जी की जयंती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात, बैठक की अध्यक्षता कर रहे राघव दत्त मिश्र ने कहा की सभी फ्रंटल के महानगर अध्यक्ष वोट पुनरीक्षण के कार्य में जुट जाएं एवं 1 तारीख तक अधिक से अधिक वोट बढ़ाकर सारे फॉर्म महानगर सपा को सौंपे । श्री मिश्रा ने कहा फ्रंटल के सभी महानगर अध्यक्ष जल्द से जल्द महानगर के जिन जिन बूथों के प्रभारी निष्क्रिय हों, उन बूथों को रेखांकित कर एक सप्ताह के भीतर सभी बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम सौपें। जो सक्रिय होंगे वही अब पार्टी में पदों पर रहेंगे एवं श्री मिश्रा ने कहा सभी महानगर अध्यक्ष 10 दिन के अंदर अपनी महानगर की कार्यकारिणी महानगर समाजवादी पार्टी को सौंपे।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान परिणय बंधन में बंधे दस जोड़े




**अमौली, फतेहपुर।** धर्म संस्कार महोत्सव श्री विष्णु महायज्ञ एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह में दस युगलों ने वरमाला पहनाकर अपना जीवन साथी चुना और अग्नि के फेरे लिए। विभिन्न स्थानों से आये लोगों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद के साथ उपहार भी भेंट किए। सोमवार को धर्म संस्कार महोत्सव श्री विष्णु महायज्ञ एवं सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया जिसमें विनीता देवी संग सत्यम, ज्योति संग उत्तम, लक्ष्मी संग सोनू, उर्वशी संग दिलीप, सुषमा संग रमाकांत, पूजा संग संदीप, पूनम देवी संग सुनील कुमार, शिवानी संग राजेश कुमार, रीता संग नीलकांत व श्री कान्ती संग अनुज कुमार ने अग्नि के फेरे लिए। इन युगलों के वरमाला डालने पर बज रहे गीत सिया रघुवर कोमल कमल नयन को पहनाओ जयमाला ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। महोत्सव के अंतिम दिन जन सैलाब उमड़ पड़ा। सात फेरे लेकर दस जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरूआत किया। विवाह की पूरी प्रक्रिया आकर्षण का केंद्र रही। इधर आये हुए बारातियों ने बैण्ड बाजा व डीजे पर नाचे। उपहार स्वरूप सभी जोड़ों को बेड, अलमारी, रजाई गद्दा, तकिया, टंकी सहित सभी बर्तन, बिछिया, सिंगार का पूरा समान, शाल, साड़ी सहित अन्य कई सामान भेंट किये गए।

# पेज एक का शेष

## प्रदूषण से...

वहीं, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता 800 मीटर थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक अधिकारी ने कहा कि हवा की गति में मामूली वृद्धि और हल्की बारिश से दिन के दौरान मामूली राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि शहर में इस तरह की प्रतिकूल वायुमंडलीय परिस्थितियां दो से तीन दिनों तक बनी रह सकती हैं।

## तेलंगाना में...

मंत्री ने कथित तौर पर कहा था कि भुगतान सोमवार को किया जाएगा। उन्होंने कहा था, किसानों का नाश्ता और चाय पूरा होने से पहले ही राशि उनके खाते में जमा कर दी जाएगी। पत्र में, आयोग ने निर्देश दिया कि एमसीसी की मुद्रा के दौरान चल रही रायथु बंधु योजना के तहत रबी सीज़न की किस्त के संवितरण के लिए 25 नवंबर, 2023 के अपने पत्र के माध्यम से दी गई अनुमति तुरंत वापस ले ली जाएगी और योजना के तहत कोई संवितरण नहीं होगा। चुनाव आयोग ने बताया कि अनापत्ति इस आधार पर दी गई थी कि यह योजना एक चालू योजना है और पिछले पांच वर्षों में अक्टूबर-जनवरी के दौरान रबी किस्तें वितरित की गई थीं। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा कि तेलंगाना पर शासन करने वाले के अलावा किसी और को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, जिन्होंने सत्ता पर बने रहने की अपनी हताशा में किसानों का बकाया देने से इनकार कर दिया है। बीआरएस एमएलसी के कविता ने सबसे पुरानी पार्टी की गंदी राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना कोई चुनावी वादा नहीं है बल्कि यह योजना चल रही है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सचिन पायलट सहित पार्टी नेताओं ने चुनावी राज्य में कई सार्वजनिक बैठकें कीं क्योंकि अभियान मंगलवार को समाप्त हो जाएगा।

## चार छात्रों...

उन्हें सीपीआई-एम की छात्र शाखा एसएफआई के नेताओं द्वारा प्रताड़ित और प्रताड़ित किया जाता है। शशिकुमार ने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विश्वविद्यालय के मामलों के संबंध में सीपीआई-एम सरकार की लाइन पर नहीं चलने के अपने रुख पर कायम हैं। शशिकुमार ने कहा कि सीयूएसएटी के कुलपति भी राज्य के अन्य कुलपतियों की तरह मार्क्सवादी खेमे के अनुयायी हैं। राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान प्रतिनिधियों को राज्यपाल पर शारीरिक हमला करने के लिए उकसाने के लिए राज्य में एक विश्वविद्यालय के कुलपति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह याद किया जा सकता है कि कुछ समय पहले केरल विवि में एक महिला सहा. प्रोफेसर के साथ एसएफआई नेता ने मनगढ़ंत कैश वाउचर पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर दुर्व्यहार और मारपीट की थी। महिला शिक्षक को उसके केबिन में बंद कर दिया गया। और उक्त नेता द्वारा धमकी दी गई, जिसे बाद में संसद सदस्य (राज्यसभा) के रूप में नामित किया गया था। हालाँकि वह नियमित रूप से मुख्यमंत्री के साथ देखे जाते हैं, लेकिन राज्यपाल के हस्तक्षेप के बावजूद पुलिस ने उन्हें हिरासत में नहीं लिया है।

# आरेडिका में मनाया गया संविधान दिवस



रायबरेली। भारतीय संविधान की 74वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज दिनांक 26ण11ण2023 को आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्च अधिकारियों के साथ संविधान की ष्उद्देशिकाष् का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल पर ही संविधान की ष्उद्देशिकाष् का पाठ किया।

ज्ञात हो कि आज के दिन 26 नवम्बर 1949 को भारत के संविधान को संविधान सभा द्वारा अधिनियमित एवं आत्मार्पित किया गया था और इसके कुछ उपबंधों को तत्काल प्रभाव से इसी दिन से लागू कर दिया गया तथा 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान पूर्ण रूप से लागू हुआ। इसके अतिरिक्त प्रशासनिक भवन में भारतीय संविधान के निर्माण में महापुरुषों द्वारा किए गये महत्वपूर्ण योगदान पर चित्रप्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के द्वारा संविधान की ष्उद्देशिकाष् एवं ष्मौलिक कर्तव्योंष् की जानकारी के साथ.साथ संविधान निर्माताओं के संघर्षोंए कार्यकुशलता और महत्वपूर्ण योगदान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसीए मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री संजय कुमार कटियारए प्रधान मुख्य अभियंता श्री राजेश अग्रवालए प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता श्री हरीश चंद्र सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संविधान की ष्उद्देशिकाष् का पाठ किया।

# प्रयागराज से लखनऊजा रही रोडवेज की बस में लगी आग, यात्री बाल-बाल बचे

प्रयागराज। प्रयागराज से लखनऊजा रही रोडवेज की शताब्दी बस में सोमवार की शाम आग लग गई जिसके बाद सभी यात्री तेजी से बस से उतर गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार को शाम 4:48 बजे बेली अस्पताल के सामने यूपी रोडवेज की बस में आग लग गई। उन्होंने कहा कि आग लगने की सूचना पर आग बुझाने वाले दो वाहनों को तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दमकल की गाड़ियों ने एक घंटे में आग को पूरी तरह से बुझा दिया। बस में आग लगने पर सवारी सकुशल बाहर निकल गईं जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पांडेय ने बताया कि बस में आग लगने की वजह प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है।

### वन क्षेत्र में बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**लखीमपुर खीरी।** दक्षिण वन प्रभाग के महेशपुर रेंज में सोमवार सुबह बाघ के हमले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। मृत व्यक्ति का शव शारदा नहर शाखा के पास से बरामद किया गया, जहां बाघ और तेंदुए की उपस्थिति बताई गई है। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र दक्षिण खीरी वन प्रभाग के महेशपुर रेंज के जंगलों के करीब है। मृतक की पहचान खीरी जिले के हैदराबाद थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी राजेश कुमार वर्मा के रूप में की गई। दक्षिण खीरी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) संजय बिस्वाल ने बाघ के हमले में राजेश कुमार की मौत की पुष्टि की। गश्त करने वाली कई टीम को बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने और उसे वापस वन क्षेत्र में पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पहुंचे डीएफओ बिस्वाल ने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और पीड़ित परिवार को नियमानुसार उचित सहायता प्रदान की जाएगी। पहले ही ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया था क्योंकि यह गन्ने की कटाई का मौसम है। और बाघ आरक्षित वन क्षेत्रों के करीब खेतों में आश्रय ले सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार, 28 नवम्बर, 2023



# इजराइली पोत जब्त करने वालों को अमेरिकी नौसेना ने पकड़ा

● हूती समर्थित यमन से मिसाइल दागी गईं



भाषा। दुबई

**यमन के तट** के पास रविवार को इजराइल से जुड़े एक टैंकर को जब्त करने के बाद उसे छोड़ने वाले सशस्त्र हमलावरों को अमेरिकी नौसेना ने पकड़ लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हूती-नियंत्रित यमन से दागी गई दो बैलिस्टिक मिसाइल अदन की खाड़ी में टैंकर की सहायता कर रहे एक अमेरिकी युद्धपोत के पास गिरीं। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब इजराइल-हमास युद्ध के बीच पोतों पर हमले जारी हैं। पोत का प्रबंधन करने वाली जोडियाक मैरिटाइम कंपनी ने सोमवार को कहा कि फॉस्फोरिक एसिड ले जा रहे सेंट्रल पार्क पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और उसके चालक दल के सभी 22 सदस्य सुरक्षित हैं। इनमें बुल्गारिया, जॉर्जिया, भारत, फिलीपीन, रूस, तुर्किए और वियतनाम के नागरिक शामिल हैं। लंदन स्थित जोडियाक मैरीटाइम इजराइली अरबपति ईयाल ओफर के जोडियाक समूह का हिस्सा है।यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार ने हमले के लिए ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को दोषी ठहराया, लेकिन देश की राजधानी सना पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोहियों ने पोत को रोके जाने या मिसाइल हमले की घटनाओं की जिम्मेदारी फिलहाल नहीं ली है। जोडियाक मैरिटाइम , अमेरिकी एवं ब्रितानी सेनाओं और निजी खुफिया फर्म एम्ब्रे ने कहा कि हमलावरों ने अदन की खाड़ी में लाइबेरिया के झंडे वाले सेंट्रल पार्क पोत पर कब्जा कर लिया था। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने सोमवार सुबह एक बयान में कहा कि अर्ले बर्क श्रेणी के विध्वंसक पोत यूएसएस मेसन सहित उसके बलों और सहयोगियों ने हमलावरों की कार्वाई का जवाब दिया और उनसे टैंकर को छोड़ने को कहा। सेंट्रल कमांड ने कहा, पांच हथियारबंद हमलावर इसके बाद पोत से उतरे और उन्होंने अपनी छोटी नौका के जरिए भागने का प्रयास किया लेकिन मेसन ने हमलावरों का पीछा किया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अंततः आत्मसमर्पण करना पड़ा। सेंट्रल कमांड ने हमलावरों की पहचान उजागर नहीं की है, लेकिन उसने कहा कि सोमवार तड़के हूती के नियंत्रण वाले यमन से एक मिसाइल दागी गई। यूएस सेंट्रल कमांड के एक बयान में कहा गया है कि मिसाइल पोतों से लगभग 10 मील (16 किलोमीटर) दूर समुद्र में गिरीं। सेंट्रल कमांड ने कहा, एमावी सेंट्रल पार्क ने खतरे में होने की सूचना दी थी, जिसके बाद यूएसएस मेसन उसके बचाव की कार्वाई कर रहा था, तभी मिसाइल दागी गई। उसने कहा कि इस घटना में किसी भी पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई हताहत हुआ है।लंदन स्थित जोडियाक मैरीटाइम इजराइली अरबपति ईयाल ओफर के जोडियाक समूह का हिस्सा है।

## हमास ने चार वर्षीय एबिगेल एडन को रिहा किया: बाइडन

**नानटुकेट (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास द्वारा बंधक बनाई गई चार वर्षीय अमेरिकी बच्ची एबिगेल एडन को इजराइल-हमास युद्ध विराम समझौते के तहत रिहा किए जाने की रविवार को पुष्टि की। बाइडन ने रविवार को संवाददाताओं से कहा, शुक्र है कि वह घर लौट आई है। काश, मैं भी उसे गोद में उठाने के लिए वहां होता। एबिगेल के पास इजराइल और अमेरिका की दोहरी नागरिकता है। बाइडन ने कहा कि वह इजराइल में सुरक्षित है। एबिगेल इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के तहत रिहा की जाने वाली पहली अमेरिकी नागरिक है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने बाद में बताया कि राष्ट्रपति ने अमेरिका एवं इजराइल में रह रहे बच्ची के परिवार के सदस्यों से फोन पर बात की।

## ईयू, अरब देशों की स्पेन में बैठक, फलस्तीनी राजनयिक ने गाजा में शांति के लिए अपील की

**बार्सिलोना।** शीर्ष फलस्तीनी राजनयिक ने यूरोपीय संघ के सदस्यों और मध्य पूर्वी और उत्तरी अफ्रीकी देशों की एक बैठक में गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष विराम को बढ़ाने पर जोर दिए जाने का अनुरोध किया। रियाद अल-मल्की ने बार्सिलोना, स्पेन में राजनयिकों की बैठक के दौरान संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्पेनिश में कहा, हमें यह पता लगाना होगा कि आवश्यक दबाव कैसे लागू किया जाए ताकि इजराइली सरकार निर्दोष लोगों को मारना जारी न रखे। इजराइल भूमध्यसागरीय देशों के संघ द्वारा आयोजित और यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल और जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग नहीं ले रहा है। बैठक में 42 प्रतिनिधिमंडलों में से कई का प्रतिनिधित्व उनके विदेश मंत्री कर रहे हैं। पिछले वर्षों में यह आयोजन काफी हद तक यूरोपीय संघ और अरब दुनिया के बीच सहयोग का एक मंच बन गया है। सोमवार की बैठक को इसकी स्थापना के 15 साल बाद संघ की भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना था, लेकिन सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले और गाजा पट्टी में इजराइल की कार्वाई के बाद से इस यह मुद्दा इसके केंद्र में है।बोरेल ने कहा कि उन्हें इजराइल की अनुपस्थिति पर खेद है।

## क्विक न्यूज

### अपना अनाज दुनिया तक पहुंचाने का नया तरीका अपना रहा हे यूक्रेन

**कीव।** मध्य यूक्रेन के एक भंडारण सुविधा केंद्र से अनाज को काला सागर स्थित बंदरगाहों की ओर भेजने की क्वायद शुरू कर दी गई है।अनाज से भरे कार्गो को एक नए शिपिंग गलियारे के माध्यम से दुनिया के अन्य देशों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। युद्ध के दौरान खाद्यान्न के निर्यात की अनुमति देने संबंधी संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले समझौते से रूस के हटने के बाद से निर्यात रुका था।खाद्यान्न सुविधा केंद्र के महानिदेशक रोमन आंद्रेइकिव ने कहा, यह कठिन था, लेकिन हम काम करते रहे... हमने यह रास्ता निकाला है कि हम अपने भागीदारों को आवश्यक खाद्यान्न की आपूर्ति कैसे करें। सेना द्वारा संरक्षित यूक्रेन के नए गलियारे ने अब उसे गोदाम खाली करने और गतिविधि बढ़ाने की अनुमति दे दी है। रूसी हमले और काला सागर में उतरा रहे विस्फोटक पदार्थों के खतरे के बावजूद बड़ी संख्या में यूक्रेनी जहाज काला सागर स्थित बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। इन जहाजों में अनाज, धातु और अन्य सामान लदे हैं। ब्रिटेन की सरकार ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र और तुर्की की मध्यस्थता में किए गए समझौते से हटने के बाद, रूस ने यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों और अनाज के बुनियादी ढांचे पर हमला किया है, जिससे 10 लाख से अधिक लोगों को एक वर्ष तक खिलाने के लिए पर्याप्त अनाज नष्ट हो गया है। रूस के अधिकारियों ने गलियारे पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन मॉस्को ने इस गर्मी में चेतावनी दी थी कि यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों की ओर जाने वाले जहाजों को हथियार ले जाते हुए माना जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि सहयोगी देश काला सागर में उनके वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा में मदद के लिए अपने जहाज उपलब्ध कराने पर सहमत हुए थे, लेकिन वहां अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की आवश्यकता थी।

### थाईलैंड और श्रीलंका के अलावा अब मलेशिया भी देगा भारतीयों को वीजा-मुक्त प्रवेश

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने एक दिसंबर से भारतीय एवं चीनी नागरिकों को 30 दिन का वीजा मुक्त प्रवेश दिए जाने की घोषणा की है। थाईलैंड और श्रीलंका ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हालिया सप्ताह में इसी प्रकार की घोषणाएं की थी। इब्राहिम ने कहा कि वर्तमान में खाड़ी देशों और तुर्किए एवं जॉर्डन सहित अन्य पश्चिम एशियाई देशों को यह सुविधा प्राप्त है तथा अब यह भारत और चीन को भी दी जाएगी। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी बरनामा के अनुसार, इब्राहिम ने साथ ही कहा कि वीजा छूट के दौरान कड़ी सुरक्षा जांच की जाएगी। इब्राहिम देश के वित्त मंत्री थी है। प्रधानमंत्री ने कहा, मलेशिया आने वाले सभी पर्यटकों और आगंतुकों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। सुरक्षा एक अलग मामला है। यदि किसी व्यक्ति का आपराधिक रिकॉर्ड है या किसी से आतंकवाद का खतरा है तो उसे प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह सुरक्षा बलों और आव्रजन के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस समय आठ आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) देशों को सामाजिक यात्राओं, पर्यटन और व्यापार के उद्देश्य से मलेशिया में 30-दिवसीय वीजा-मुक्त प्रवेश दिया जा रहा है।

### रूस ने मेटा के प्रवक्ता को वांछित सूची में शामिल किया

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिकी प्रोद्योगिकी कंपनी मेटा के प्रवक्ता को वांछित सूची में शामिल किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय द्वारा बनाए गए एक ऑनलाइन डेटाबेस से यह जानकारी सामने आई।मेटा, सोशल मीडिया मंच फेसबुक और इंस्टाग्राम की मालिकाना कंपनी है।रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास और स्वतंत्र समाचार कंपनी मीडियाजोना ने सबसे पहले इसका खुलासा करते हुए बताया कि मेटा संचार निदेशक एंडी स्टोन को रविवार को वांछित सूची में शामिल किया गया। रूसी अधिकारियों द्वारा अक्टूबर में मेटा को आतंकवादी और चरमपंथी संगठन के रूप में वर्गीकृत करने के कुछ सप्ताह बाद यह कदम उठाया गया।हालांकि, रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों में जांच का विवरण या स्टोन के खिलाफ आरोपों की जानकारी साझा नही की गई। मेटा की तरफ से भी इस मामले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही आई है।रूस की स्वतंत्र समाचार वेबसाइट मीडियाजोना के मुताबिक, स्टोन को फरवरी 2022 में वांछित सूची में शामिल किया गया था, लेकिन उस समय अधिकारियों ने इससे संबंधित कोई बयान नहीं दिया तथा इस सप्ताह तक इससे जुड़ी कोई रिपोर्ट मीडिया में नही आई।इस साल मार्च में रूस की संघीय जांच समिति ने मेटा में एक आपराधिक जांच शुरू की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के बाद कंपनी क कार्वाई रूसियों के खिलाफ हिंसा भड़काने जैसी थी।रूस के सैनिकों के यूक्रेन जाने के बाद स्टोन ने मेटा की घृणा भाषण नीति में अस्थाई बदलाव की घोषणा की थी। इसी बयान में, स्टोन ने कहा था कि रूसी नागरिकों के खिलाफ हिंसा के आह्वान पर प्रतिबंध रहेगा।मीडियाजोना ने रविवार को दावा किया कि रूस की एक अदालत ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप में स्टोन के खिलाफ इस महीने की शुरूआत में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। रिपोर्ट में जानकारी के स्रोत का जिक्र नही किया गया।

## पोप को फेफड़ों की समस्या के लिए नसों से एंटीबायोटिक्स दी जा रही हैं : वेटिकन

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस को फेफड़ो में सूजन का उपचार करने के लिए नसो के माध्यम से एंटीबायोटिक्स दी जा रही है और उनके कुछ कार्यक्रमों में कटौती की गई है। वेटिकन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि उन्हे निमोनिया या बुखार नही है। फ्रांसिस ने रविवार को खुद बताया था कि वह सूजन की समस्या से पीड़ित है। उन्होने बताया कि इस वजह से वह सेंट पीटर स्क्वायर में लोगों का स्वागत करने के लिए अपने साप्ताहिक कार्यक्रम में शामिल नही हुए। इसके बजाय, उन्होंने वेटिकन मैदान पर होटल के चैपल से लोगों को अपना आशीर्वाद दिया। वेटिकन के प्रेस कार्यालय के निदेशक, माटेओ ब्रूनी ने सोमवार को एक लिखित बयान में कहा कि सूजन के कारण फ्रांसिस को सांस लेने में कुछ दिक्कतें हो रही है। फ्रांसिस का अगले महीने 87वां जन्मदिन है।

## भारतीय मूल के पूर्व सांसद दवे शर्मा ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में पहुंचे

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की संसद में 2019 में पहले भारतीय मूल के सांसद के रूप में निर्वाचित हुए दवे शर्मा न्यू साउथ वेल्स लिबरल सीनेट के चुनाव में जीत गए और राजनीति में लौट रहे है। शर्मा (47) पूर्व विदेश मंत्री मैरिस पायने की जगह लेंगे जिनकी सीनेट से सेवानिवृत्ति हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियन एसोसिएटिड प्रेस ने यह जानकारी दी। शर्मा ने न्यू साउथ वेल्स के पूर्व मंत्री एंड्रयू कान्स्टेंस को हराया है। इससे पहले वह 2022 तक सिडनी की वेंटवर्थ सीट से सांसद थे लेकिन उस साल चुनाव हार गए थे। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन की खबर के अनुसार, उन्हें रविवार को अंतिम मतदान में 251 मत मिले और कांस्टेंस को 206 मत हासिल हुए।

## फलस्तीनी मूल के तीन लोगों पर गोलीबारी मामले में एक संदिग्ध गिरफ्तार

**वर्मोण्ट (अमेरिका)।** अमेरिकी पुलिस ने वर्मोण्ट विश्वविद्यालय के परिसर के समीप थैंक्सगिविंग समारोह में शनिवार शाम को शामिल हुए फलस्तीनी मूल के तीन युवाओं पर गोली चलाने वाले एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बर्लिंगटन पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि ब्यूरो ऑफ अल्कोहल, टोबैको, फायरआर्म्स एंड एक्सप्लोसिव्स के कर्मियो ने बर्लिंगटन में गोलाबारी वाले इलाके में छापेमारी के दौरान रविवार को तीन बजकर 38 मिनट पर 48-वर्षीय जेसन जे. ईटोन को गिरफ्तार किया।

## उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में एक व्यक्ति की मौत, 21 घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 सुरक्षाकर्मियों सहित 21 लोग घायल हो गए।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Mohit Kumar S/o Shri Arun Chauhan R/o Village Mubarakpur Post Surajpur, Greater Noida, Distt.:- Gautam Buddhnagar U.P.-201306, have declare that Mohit Chauhan and Mohit Kumar are one and same person. My correct name is Mohit Kumar.

PD(205)C

## ब्रिटेन : महिला के बोलने के भारतीय लहजे का मजाक बनाने के आरोप में पुलिसकर्मी दोषी करार

**लंदन।** उत्तरी इंग्लैंड के एक पुलिस अधिकारी को एक महिला के बोलने के भारतीय लहजे का मजाक बनाने के मामले में अनुशासनात्मक न्यायाधिकरण ने दुर्व्यवहार का दोषी करार दिया है। महिला ने घृणा अपराध की सूचना देने के लिए वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस कॉल सेंटर में फोन किया था।पैट्रिक हैरिसन को दुर्व्यवहार के मामले में पिछले महीने सुनवाई के दौरान दोषी पाया गया और न्यायाधिकरण ने कहा कि अगर आरोपी ने पुलिस कांस्टेबल के रूप में वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस से इस्तीफा नहीं दिया होता तो उसे बर्खास्त कर दिया जाता।घटना पिछले साल नवंबर की है, जब महिला ने अपने बोलने के लहजे का कांस्टेबल द्वारा मजाक बनाए जाने पर पुलिस को फोन किया। महिला का नाम केवल एसए बताया गया।न्यायाधिकरण द्वारा सुनाए गए फैसले के मुताबिक, 29 नवंबर 2022 को पुलिस कॉल सेंटर में कांस्टेबल हैरीसन ड्यूटी पर था। उस वक्त हैरीसन ने एसए को फोन किया, जिसने नफरत की वजह से हुए अपराध की सूचना देने के लिए पुलिस को फोन किया था।

## भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु करार पूरी तरह प्रभाव में नही : अमेरिकी विशेषज्ञ





भाषा। वाशिंगटन

**भारत और** अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु समझौता होने के 18 साल से अधिक समय बाद भी बड़ी द्विपक्षीय साझेदारी के साथ-साथ इसकी पूरी क्षमता और वादे अभी तक मूर्त रूप नहीं ले सके हैं। एक शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ ने यह दावा किया है। टाटा चेयर फॉर स्ट्रेटेजिक अफेयर्स और प्रतिष्ठित कार्नेगी एनडाउमेंट फॉर इंटरनेशन पीस के वरिष्ठ शोधवेत्ता एशले जे टेलिस ने कहा कि भारत ने अभी तक उन बाधाओं को दूर नहीं किया है जो अमेरिका से परमाणु रिएक्टरों की खरीद को रोकती हैं, वहीं अमेरिका दूरदर्शिता के साथ नीति पर खरा नहीं उतर सका है। उन्होंने कार्नेगी एनडाउमेंट फॉर इंटरनेशन पीस के सोमवार को प्रकाशित मुखपत्र में लिखा कि 2005 में हुए असैन्य परमाणु समझौते को अंततः फलीभूत करने की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की महत्वाकांक्षा भारत को अमेरिकी परमाणु रिएक्टरों की बिक्री के साथ समाप्त नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय, इसका लंबे समय से चली आ रहीं अमेरिकी नीतियों में संशोधन होने तक विस्तार करना चाहिए जो भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम के अस्तित्व को गहन तकनीकी सहयोग के लिए एक ऐसी बाधा बना रही हैं जिनसे पार पाना मुश्किल हो रहा है। टेलिस ने कहा, जहां तक भारत की बात है तो वह परमाणु करार के लागू होने के दौरान की गईं लिखित प्रतिबद्धताओं के अनुरूप उन अवरोधों को लंबे समय से दूर नहीं कर पाया है जो अमेरिका से परमाणु रिएक्टरों की उसकी खरीद को रोक रहे हैं। जहां तक अमेरिका की बात है तो एक अलग ही तरह की चुनौती है कि वह दूरदर्शिता के साथ नीतियों पर खरा नहीं उतर रहा। उन्होंने कहा कि बाइडन की सितंबर में हुई भारत यात्रा के बाद संयुक्त घोषणापत्र में कहा गया कि दोनों नेताओं ने परमाणु ऊर्जा में भारत-अमेरिका सहयोग को सुविधाजनक बनाने के अवसरों का विस्तार करने के लिए दोनों पक्षों की संबंधित संस्थाओं के बीच गहन विचार-विमर्श का स्वागत किया, जिसमें सहयोगात्मक रूप से अगली पीढ़ी के छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर की प्रौद्योगिकियों का विकास भी शामिल है।

### भारत दुनिया के लिए जो मायने रखता है, वह बताने का प्रयास किया: निवर्तमान महावाणिज्यदूत रणधीर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में, भारत के निवर्तमान महावाणिज्यदूत रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्होने दुनिया को यह बताने का प्रयास किया है कि भारत आज दुनिया के लिए क्या मायने रखता है। भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्यो ने भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधो को बढ़ावा देने मे जायसवाल के प्रयासो की सराहना की और उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। भारतीय समुदाय के कई संगठन जायसवाल के सम्मान मे न्यूयॉर्क और आस पास विदाई समारोह आयोजित कर रहे है। जायसवाल जल्द ही दिल्ली के लिए रवाना होंगे और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता की अपनी नई भूमिका निभाएंगे। जायसवाल ने लॉन्ग आईलैंड मे समुदाय के सदस्यो हरीश ठक्कर और अजय पटेल द्वारा रविवार को आयोजित विदाई समारोह मे कहा कि महावाणिज्य दूत के तौर पर उन्होंने दुनिया को यही बताने का प्रयास किया कि भारत आज दुनिया के लिए क्या मायने रखता है। यह ऐसा देश है जो प्रगति कर रहा है, जो चांद पर पहुंच गया है। यह देश उन प्रौद्योगिकियो का विकास कर रहा है ।

## इमरान को भ्रष्टाचार के मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक जवाबदेही अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया और देश की भ्रष्टाचार रोधी संस्थान की इस गुज़ारिश को खारिज कर दिया कि उसे दी गई खान की रिमांड को बढ़ाया जाए। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने खबर दी है, इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई की। इसी जेल में खान बंद हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय प्रमुख विभिन्न मामलों में 26 सितंबर से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली जेल में बंद हैं। उच्च सुरक्षा वाली जेल में सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपी खान और उनकी 49 वर्षीय पत्नी बुशरा बीबी मौजूद थी। खबर में कहा गया है कि खान की बहनें अलीमा खानम और नोरीन खानम भी सुनवाई के दौरान मौजूद थीं। न्यायाधीश बशीर ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के इस आग्रह को खारिज कर दिया कि अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में उसे दी गई खान की रिमांड को बढ़ाया जाए। खबर के मुताबिक, न्यायाधीश ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एनएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने डॉन अखबार को बताया कि भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था की टीम ने रविवार को अडियाला जेल में पीटीआई प्रमुख से दो घंटे से ज्यादा वक्त तक पूछताछ की थी। मामले में खान की भूमिका की जांच के लिए जवाबदेही ब्यूरो के अधिकारी 15 नवंबर से अडियाला जेल का दौरा कर रहे हैं।

## उत्तरपश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में दो लोगों की मौत, 10 अन्य घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर पाकिस्तानी तालिबानी आतंकवादी संगठन के एक गुट द्वारा किए गए आत्मघाती बम हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को बताया कि रविवार को बन्नू छावनी में आजाद मंडी के पास सुरक्षा बलों के काफिले को विस्फोटकों से भरे एक दोपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। यह काफिला उत्तरी वजीरिस्तान जिले से बन्नू जा रहा था।इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में बताया कि इस आत्मघाती हमले में दो आम नागरिकों की मौत हो गई जबकि तीन सुरक्षा कर्मी एवं सात आम नागरिक घायल हो गए। आईएसपीआर के अनुसार, घायलों को बन्नू के कम्बाइंड मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चीन ने म्यांमा में संघर्ष विराम का आह्वान किया लेकिन सीमा पर चीनी सैन्य अभ्यास रहेंगे जारी



**बीजिंग।** चीन के साथ लगती म्यांमा की सीमा के पास जातीय लड़ाकों के गठबंधन द्वारा पिछले महीने कई क्षेत्रों पर कब्जा कर लेने के बीच बीजिंग ने वहां संघर्ष विराम का आह्वान किया है। चीनी सेना के समाचार पत्र पीएलए डेली ने रविवार को एक खबर में यह भी कहा कि चीन अपनी ओर की सीमा पर गोलीबारी का अभ्यास जारी रखेगा जिसका उद्देश्य सैन्य इकाइयों की गतिशीलता, सीमा नियंत्रण क्षमताओं और मारक क्षमता का परीक्षण करना है ताकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहे। म्यांमा विशेष रूप से निर्मित वस्तुओं के आयात और कृषि उत्पादों के निर्यात के लिए चीन के साथ व्यापार पर बहुत अधिक निर्भर है। म्यांमा के सीमा क्षेत्र में अशांति चीन के लिए लगातार परेशानी का कारण है। इसके बावजूद चीन ने म्यांमा में उन सैन्य नेताओं का समर्थन किया जिन्होंने 2021 में एक निर्वाचित सरकार से दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र में सत्ता छीन ली थी।चीन और म्यांमा की सीमा पर होने वाले संघर्षों के अलावा मादक पदार्थों एवं लोगों की तस्करी की घटनाएं भी समस्या बनी हुई हैं।

## फ्रांसीसी शिक्षक का सिर काटने में कथित भूमिका के लिए 6 नाबालिगों पर चलेगा मुकदमा

**पेरिस।** अपनी कक्षा मे इस्लाम के पैगंबर के व्यंग्य चित्र दिखाने वाले एक शिक्षक का सिर कलम करने मे कथित भूमिका के लिए छह नाबालिगो पर सोमवार को पेरिस मे मुकदमा चलेगा। इस हत्या के कारण अधिकारियों को फ्रांस के अभिव्यक्ति और धर्मनिरपेक्षता के पोषित अधिकारो की फिर से पुष्टि करनी पड़ी। इतिहास और भूगोल के शिक्षक सैमुअल पैटी की 16 अक्टूबर 2020 को उत्तर पश्चिमी पेरिस उपनगर में उनके स्कूल के पास चेचेन मूल के एक 18 वर्षीय लड़के द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह लड़का कट्टरपंथी बन गया था जिसके बाद हमलावर को पुलिस ने मार गिराया।कक्षा में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के मुद्दे पर एक बहस के दौरान पैटी ने व्यंग्यात्मक समाचार पत्र चार्ली आब्दो द्वारा प्रकाशित कैरिकेचर (व्यंग्य चित्र) दिखाए थे। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनके नाम का खुलासा किया गया।नाबालिगों के संबंध में फ्रांसीसी कानून के अनुसार पेरिस किशोर अदालत में सभी सुनवाई मीडिया की गैर मौजूदगी मे आयोजित की जानी है।जिन पर मुकदमा चलना है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री निर्दोष कुमार ने ग्राम युसुफपुर चकशाहबेरी, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित एक प्लॉट एरिया परिमाप 40 वर्ग गज यानी 33.44 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 236ख का समावेश, बिक्री विलेख दिनांक 26.06.2014 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधु देवी और श्री धर्मेंद्र तिवारी, सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण ले रहे हैं। श्री निर्दोष कुमार ने बिक्री विलेख को खो दिया है जिसकी सूचना श्रीमती मधु ने 27.11.2023 को यूपी पुलिस को दी है एलआर नंबर 2023000792784 है और यदि किसी व्यक्ति को यह दस्तावेज मिले या उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)

एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014 ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 8130200837

Public Notice

This is to inform the general public that Sh. Charanjeet Singh is the unequivocal owner of Property Bearing No. 5/114 area measuring 100 Sq. yds., Situated at Tehar No. I, Subhash Nagar, New Delhi. This legal ownership was established through two Relinquishment Deed namely Relinquishment Deed dated 27.02.2012 vide doc. No.22455 executed by Smt. Daljeet Kaur 2. Smt. Manmohan Kaur 3. Smt. Swarn Kaur 4. S. Kanwalpreet Singh 5. S. Jagpreet Singh 6. Smt. Suminder Kaurand Relinquishment Deed dated 17.09.2012 vide Doc. No. 22423, executed bySh. Gurbachan Singh. Sh. Charanjeet Singh intends to transferthe ownership by way of Sale Deed of the aforementioned property to Aarti Anand. Subsequently, Aarti Anandis in the process of mortgaging the said property with Bajaj Housing Finance Ltd. (Our Client). Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 7 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 7-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 7-day period by contacting Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;Landline(s):+910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in

## यादों को सहेज कर रखते हैं जीवाणु और पीढ़ियों को आगे बढ़ाते हैं : अध्ययन

भाषा। ह्यूस्टन



**बैक्टीरिया** यानि जीवाणु ऐसी यादों की रचना कर सकते हैं कि कब ऐसी रणनीतियां बनाई जाएं, जो लोगों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध जैसे खतरनाक संक्रमण पैदा कर सकती हैं। एक अध्ययन में यह पाया गया है।अमेरिका के ऑस्टिन में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के शोधकर्ताओं ने कहा कि ए रणनीतियां जीवाणु को एक ऐसी समूह की रचना में भी मदद करती हैं, जहां लाखों की तादाद में इस तरह के सूक्ष्मजीव एक साथ इकट्ठा हो जाते हैं।जर्नल प्रोसीडिंग ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रकाशित निष्कर्षों में बैक्टीरियाल संक्रमण से लड़ने व उन्हें रोकने और एंटीबायोटिक प्रतिरोधी बैक्टीरिया की समस्या को हल करने की क्षमता दिखाई देती है।शोधकर्ताओं ने कहा कि यह खोज एक ऐसे सामान्य रासायनिक तत्व से जुड़ी हुई है, जिसका उपयोग जीवाणु कोशिकाएं यादों को बनाने और भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए कर सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि ई. कोली नाम का जीवाणु अलग-अलग व्यवहारों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिए आयरन के स्तर को एक तरीके के रूप में उपयोग करते हैं, जो कुछ विशिष्ट प्रकार की उत्तेजना होने पर सक्रिय हो जाते हैं।अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता सौविक भट्टाचार्य ने कहा, जीवाणु का दिमाग नहीं होता लेकिन वे अपने अनुकूल माहौल से जानकारी इकठ्ठा कर सकते हैं और अगर वे बार-बार उस माहौल के संपर्क में आते रहेंगे तो वे जानकारियां संग्रहित कर सकते हैं और अपने फायदे के लिए बाद में उस तक आसानी से पहुंच बना सकते हैं। शोधकर्ताओं ने चिन्हित किया कि इन सबकी वजह आयरन ही है, जो पृथ्वी पर प्रचुर मात्रा में मौजूद तत्वों में से एक है। हर बैक्टीरिया में आयरन का स्तर अलग-अलग होता है। उन्होंने पाया कि जिन जीवाणु में आयरन का स्तर निम्न था उनमें समूह में रहने की प्रवृति दूसरे जीवाणुओं के मुकाबले ज्यादा बेहतर थी।

## आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच को बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया

**लंदन।** आयरलैंड के लेखक पॉल लिंच को उनके उपन्यास प्रॉफेट सॉन्ग के लिए लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में बुकर पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। लिंच ने लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की लेखिका चेतना मारू के पहले उपन्यास वेस्टर्न लेन को पछाड़कर यह पुरस्कार अपने नाम किया। लिंच (46) ने प्रॉफेट सॉन्ग में निरंकुशता की चपेट वाले आयरलैंड की तस्वीर पेश की है। यह उपन्यास एक परिवार की कहानी बताता है जो एक ऐसी भयानक नई दुनिया से जूझ रहा है जिसमें वे लोकतांत्रिक मानदंड गायब होने लगते हैं, जिनका वह आदी है। लिंच ने 50,000 पाउंड इनामी राशि वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने के बाद कहा, मैं आधुनिक अराजकता को देखने की कोशिश कर रहा था। मैंने पश्चिमी लोकतंत्रों में अशांति को देखने की कोशिश की।

सार टेलीवेंचर लिमिटेड
(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड)
सीआईएन : यू45202एचआर2019पीएलसी080514
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नंबर 346 ए, द्वितीय तल, उद्योग विहार, फेज-4, गुरूग्राम-122016, हरियाणा
सम्पर्क : +91-8587050050, ई-मेल : info@sarteleventure.com

30-09-2023 को समाप्त अर्द्ध-वर्ष हेतु समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | 6 माह समाप्त 30-09-2023 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 30-09-2022 अलेखापरीक्षित | 6 माह समाप्त 31-03-2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3581.49 | 320.91 | 2619.97 | 3251.63 | 475.34 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व#) | 419.03 | 20.03 | 376.26 | 427.32 | 2.73 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पूर्व (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 419.03 | 20.03 | 376.26 | 427.32 | 2.73 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात#) | 405.88 | 13.98 | 343.34 | 388.36 | 3.71 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 405.88 | 13.98 | 343.34 | 388.36 | 3.71 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 210 | 4.18 | 65.29 | 65.29 | 4.18 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | 3344.48 | 11.89 | 1.11 | 1.11 | 11.89 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रत्येक) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | |
| | 1. मूल | 5.09 | 6.7 | 53.21 | 91.08 | 1.78 |
| | 2. तनुकृत | 5.09 | 6.7 | 53.21 | 91.08 | 1.78 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए अर्द्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। अर्द्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है। ये परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.sarteleventure.com पर भी उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणामों का सम्यक् पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा उनकी 27-11-2023 को आयोजित बैठक में किया गया है।

वास्ते सार टेलीवेंचर लिमिटेड
(पूर्वतः सार टेलीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध)
(राहुल सचदेव)
प्रबंध निदेशक

तिथि : 27-11-2023
स्थान : हरियाणा

# ऑगर मशीन के हिस्से बाहर निकाले गए

● लंबवत ड्रिलिंग 36 मीटर तक पहुंची, प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव पीके मिश्र ने सिलक्यारा में बचाव कार्यों का जायजा लिया

● सुरंग हादसाः

भाषा। उत्तरकाशी



**उत्तराखंड** की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव अभियान के 16वें दिन सोमवार को मलबे में फंसी अमेरिकी ऑगर मशीन के हिस्से बाहर निकाल लिए गए हैं जबकि सुरंग के ऊपर से की जा रही लंबवत ड्रिलिंग 36 मीटर तक पहुंच गई है। चाव कार्यों में सहयोग के लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने सिलक्यारा में मीडिया को बताया कि तड़के तक मलबे के अंदर फंसी ऑगर मशीन के हिस्सों को काटकर निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि ऑगर मशीन का हेड (सिरा) भी पाइप के अंदर फंसा हुआ था और अब उसे भी हटा दिया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मशीन के हेड को निकालने के लिए कुल 1.9 मीटर पाइप को भी काटना पड़ा। खैरवाल ने बताया कि उसके बाद सुरंग के मलबे के अंदर बारी-बारी से 220 मिमी, 500 मिमी और 200 मिमी लंबी यानी कुल 0.9 मीटर लंबी पाइप डाली गई। खैरवाल ने कहा कि ऑगर मशीन के हिस्से निकालने के बाद हाथ से काम शुरू हो गया है, लेकिन इसके पूरा होने की समयसीमा नहीं बताई जा सकती। उन्होंने कहा कि भगवान से प्रार्थना है कि कठिनाइयां न आएं ताकि जल्द से जल्द श्रमिकों तक पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि रैट माइनिंग तकनीक से हाथ से मलबा साफ किया जाएगा, लेकिन अगर कहीं सरिया या गर्डर या अन्य प्रकार की मुश्किलें आईं तो मशीन से उसे काटा जाएगा और फिर मशीन से पाइपों को अंदर डाला जाएगा। सुरंग बना रही राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद ने कहा कि मलबे में 0.9 मीटर लंबी पाइप डाली जा चुकी है जबकि एक मीटर पाइप और डालकर पहले वाली लंबाई प्राप्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद मलबे में छह मीटर लंबी पाइप डालना कठिन और चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है और सभी प्रकार के जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं ताकि जल्द से जल्द मलबे को पार किया जा सके। सुरंग के सिलक्यारा छोर से श्रमिकों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाने के लिए 25 टन वजनी ऑगर मशीन से की जा रही क्षैतिज ड्रिलिंग में शुक्रवार शाम को तब अवरोध आ गया था जब उसके हिस्से मलबे में फंस गए थे। ड्रिलिंग रुकने के समय श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 10-12 मीटर तक एकत्र मलबे को भेदा जाना शेष था। क्षैतिज ड्रिलिंग में आए व्यवधान के बाद रविवार को बचाव दलों ने वैकल्पिक रास्ता बनाने के लिए सुरंग के ऊपर से लंबवत ड्रिलिंग शुरू की जो 36 मीटर तक पहुंच गई। सतलुज जलविद्युत निगम द्वारा सुरंग के शीर्ष से की जा रही लंबवत ड्रिलिंग का काम बहुत अच्छे से चल रहा है और अब तक 36 मीटर ड्रिलिंग हो चुकी है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों तक पहुंचने के लिए कुल 86 मीटर तक ड्रिलिंग की जानी है जिसमें से 50 मीटर तक ड्रिलिंग करना शेष है। एक अधिकारी ने बताया कि इसके तहत 1.2 मीटर व्यास के पाइपों को लंबवत तरीके से सुरंग के शीर्ष से नीचे की ओर डाला जाएगा। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्र ने सोमवार को सिलक्यारा पहुंचकर पिछले दो सप्ताह से फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्यों का जायजा लिया।

# गुजरात में बिजली गिरने से 27 लोगों की मौत

● बेमौसम बारिश के दौरान हुई घटना

भाषा। अहमदाबाद

**गुजरात के** विभिन्न हिस्सों में हुई बेमौसम बारिश के दौरान बिजली गिरने से 27 लोगों की मौत हो गई है। बारिश से घरों और खड़ी फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिजली गिरने से संबंधित मौतें रविवार सुबह से लेकर 24 घंटों के अंतराल में हुईं। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, गुजरात के विभिन्न हिस्सों में बेमौसम बारिश के दौरान बिजली गिरने से अब तक 27 लोगों की मौत की खबर मिली है। इसने कहा कि सबसे ज्यादा मौत दाहोद, तापी, डांग, अमरेली, सुरेंद्रनगर, बोटाद, मेहसाणा, खेड़ा, पंचमहल, साबरकांठा, अहमदाबाद, भरूच और देवभूमि द्वारका जिलों में हुईं। अधिकारियों के अनुसार, बिजली गिरने से जानवरों की भी मौत हुई है। तूफान और ओलावृष्टि के साथ हुई असामयिक बारिश से घरों और खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है जिसका आकलन किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिजली गिरने से लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा है। शाह ने रविवार रात सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गुजरात के विभिन्न शहरों में खराब मौसम और बिजली गिरने से कई लोगों की मौत होने की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है। इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों को जो अपूरणीय क्षति हुई, उसके लिए मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। स्थानीय प्रशासन राहत कार्य में जुटा हुआ है।

# जम्मू-कश्मीरः आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में सात छात्र गिरफ्तार

भाषा। श्रीनगर

**आपत्तिजनक** नारे लगाने और विश्व कप फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की हार का जश्न मनाने के आरोप में यहां एक कृषि विश्वविद्यालय के सात छात्रों को गैरकानूनी गतिविधियां निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी)-कश्मीर के छात्र हैं। पुलिस ने एक छात्र की शिकायत की जांच शुरू करने के बाद छात्रों को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके कॉलेज के साथियों ने उसे परेशान किया था और फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद आपत्तिजनक नारे लगाए थे। अधिकारियों ने कहा कि छात्रों के खिलाफ यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## क्विक न्यूज

### भारत, अमेरिका अगले साल एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन सौदे को दे सकते हैं अंतिम रूप

**नई दिल्ली।** भारत अंतर-सरकारी ढांचे के तहत मार्च तक अमेरिका से 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन खरीदने को लेकर एक ऐतिहासिक सौदे पर विचार कर रहा है और अमेरिकी कांग्रेस से अगले कुछ हफ्तों में आपूर्ति को मंजूरी मिल जाने की उम्मीद है। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमेरिका की प्रमुख रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से ड्रोन के अधिग्रहण के लिए भारत के अनुरोध पत्र (एलओआर) पर वाशिंगटन की प्रतिक्रिया के बाद अमेरिका और भारत के अधिकारी खरीद पर बातचीत की अंतिम कड़ी आयोजित करेंगे। भारत सशस्त्र बलों के निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लंबे समय तक चलने वाले हंटर-किलर ड्रोन खरीद रहा है। हालांकि ड्रोन की कीमत को बातचीत के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा, लेकिन अनुमान है कि खरीद पर लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर का खर्च आएगा। संबंधित सूत्र ने बताया कि भारत और अमेरिका लागत एवं अन्य बारीकियों को अंतिम रूप देने सहित सौदे को पक्का करने के वास्ते अपनी-अपनी टीम नियुक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि अगले साल मार्च तक सौदे पर मुहर लग जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, समझौता भारत सरकार और अमेरिकी अधिकारियों के बीच होगा और पेंटागन भारतीय सशस्त्र बलों की आवश्यकता के बारे मे जनरल एटॉमिक्स को बताएगा।समझा जाता है कि भारत द्वारा ड्रोन की प्रस्तावित खरीद का मुद्दा इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन की बातचीत के दौरान उठा था। यह पूछे जाने पर कि खरीद को कब अंतिम रूप दिया जाएगा, ऑस्टिन ने एक मीडिया ब्रीफिंग मे कहा था कि इसकी घोषणा सही समय पर की जाएगी। वर्ष 2020 मे, भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर में निगरानी के लिए जनरल एटॉमिक्स से दो एमक्यू-9बी सी-गार्जियन ड्रोन एक साल की अवधि के लिए पट्टे पर लिए थे। बाद मे लीज अवधि बढ़ा दी गई थी।

### प्रशांत किशोर के जन सुराज से जुड़ीं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह

**पटना।** भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि वह राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की ओर से एक साल पहले शुरू किए गए अभियान जन सुराज मे शामिल हो गई है। प्रशांत किशोर ने अपने गृह राज्य बिहार मे राजनीतिक बदलाव लाने का प्रण लिया है। पटना स्थित जन सुराज कार्यालय में सिंह ने खुद को बिहार की बेटी बताते हुए कहा कि उन्होंने जन सुराज को इसलिए चुना क्योंकि यह एक आंदोलन है, न कि कोई आम राजनीतिक पार्टी। सिंह ने कहा, अगर मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा होती, अगर मै चुनाव लड़ना चाहती तो मै अपने शुभचिंतकों, जो विभिन्न राजनीतिक दलों में बहुत अधिक संख्या में हैं, से संपर्क कर सकती थी। लेकिन मेरा सपना बिहार को एक विकसित प्रदेश के तौर पर उभरते हुए देखना है। इसलिए मै प्रशांत किशोर के साथ जुड़ी जो इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए अथक प्रयास कर रहे है। केंद्रीय मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष नितिन गडकरी के साथ हालिया मुलाकात, जिसके बाद उनके भाजपा मे शामिल होने की अटकलें लगाई जाने लगी थी, के बारे मे पूछे जाने पर सिंह ने दो-टूक अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, नितिन सर मेरे पिता तुल्य हैं। जब भी हम मिलते है, तो वह मुझ पर स्नेह बरसाते है। मै हाल ही मे मंच पर प्रस्तुति देन के लिए नागपुर मे थी जहां कार्यक्रम से इतर मेरी उनसे मुलाकात हुई। मै अनुरोध करती हूं कि मेरी उनसे मुलाकात का कोई राजनीतिक मतलब नही निकाला जाए। आईपीएसी के संस्थापक किशोर जो अपनी राज्यव्यापी पदयात्रा के तहत वर्तमान मे उत्तर बिहार मे है, पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव मे नरेन्द्र मोदी के सफल चुनावी अभियान को संभालने के लिए प्रसिद्ध हुए थे। उन्होंने 2021 मे पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव मे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए काम किया और उनकी सत्ता को बरकरार रखने मे अहम भूमिका निभाई। किशोर ने कहा कि एक बार जब वह बिहार का दौरा पूरा कर लेंगे तो जन सुराज एक राजनीतिक पार्टी मे तब्दील हो सकता है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह संगठन का ना तो नेतृत्व करेंगे और ना ही खुद चुनाव लड़ेंगे।

### सिद्धरमैया ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं, भाजपा ने छलावा बताया

बेंगलुरु। कर्नाटक के विभिन्न हिस्सों से हजारों लोग सोमवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के आवास कार्यालय कृष्णा में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। सभी सरकारी विभागो के अधिकारी जनता की समस्याओ को सुनने और उनका समाधान करने के लिए वहां उपस्थित थे। हासन, चिक्कमगलुरु, कालाबुर्गी, मैसुरू, बेलगावी, हावेरी और तुमकुरु जैसे राज्य के सुदूर क्षेत्रों के लोग भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राजधानी बेंगलुरु पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी लोगो की समस्याओं को सुना, उनकी लिखित शिकायते प्राप्त की और उन्हे संबंधित विभागो तथा अधिकारियो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए सौंप दिया। इस दौरान कुछ फेरी वालो ने बेंगलुरु के पुलिस अधिकारियों और निगम अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की तो कुछ वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था पेंशन के मुद्दे को लेकर सिद्धरमैया के सामने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनो गुर्दे की बीमारी से जूझ रहे वेंकट राज नामक व्यक्ति को एक लाख रुपए की सहायता मंजूर की थी। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार सिद्धरमैया को कुल 1,805 याचिकाएं मिली, जिनमे से 37 मामलो मे कार्वाई की गई और 1,768 आवेदन लंबित है। जनता दर्शन के अंत मे मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि जिन शिकायतो का निवारण जिला स्तर पर हो जाना चाहिए, वे बेंगलुरु नही आनी चाहिए। इस बीच विपक्षी भाजपा ने जनता दर्शन को छलावा मात्र करार दिया। कर्नाटक विधानसभा मे विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा, जनता दर्शन की कोई जरूरत नही थी। यह छलावा है। अगर अकेले वह (सिद्धरमैया) इसका आयोजन करते है तो कुछ हासिल नही होगा। सभी मंत्रियों को ऐसा आयोजन करना चाहिए। उन्हें अपने मंत्रियों से पूछना चाहिए कि उन्होंने अपने-अपने जिलो मे यह आयोजन क्यो नही किया।

### यूटेलसैट वनवेब को इंडियन स्पेस रेगुलेटर से मंजूरी

नई दिल्ली। वनवेब इंडिया को भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं लॉन्च करने के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से आवश्यक अधिकार प्राप्त हो गए हैं। वनवेब इंडिया यह अधिकार प्राप्त करने वाला पहला संगठन है। लोअर्थ ऑर्बिट एलईओऑपरेटर, यूटेलसैट वनवेब, यूटेलसैट ग्रुप का हिस्सा है। इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर भारत सरकार की एक एजेंसी है, जो देश में अंतरिक्ष गतिविधियों को विनियमित करने और इनके संचालन के लिए अधिकार देने के लिए जिम्मेदार है। उपरोक्त मंजूरी का मतलब है कि यूटेलसैट वनवेब सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन होते ही सेवाएं शुरू करने में सक्षम है। भारती ग्रुप के चेयरमैन और यूटेलसैट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के वाइस प्रेजिडेंट कोचेयर सुनील भारती मित्तल ने कहा कि हमें भारत में यूटेलसैट वनवेब उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं को लॉन्च करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष नियामक से हरी झंडी पाकर अत्यंत खुशी हो रही है। यह सभी के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने की भारत की महत्वाकांक्षा को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करेगा

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मथुरा पहुंचे

● आज करेंगे एशिया के सबसे बड़े गौ अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण

भाषा। मथुरा (उप्र)

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत सोमवार देर शाम मथुरा के फरह क्षेत्र में स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली नगला चंद्रभान (दीनदयाल धाम) पहुंचे। वह धाम के विश्राम गृह में ही रात गुजारेंगे एवं मंगलवार को परखम गांव में 200 करोड़ रुपए की लागत वाले दीनदयाल गौ-विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रथम चरण में पूर्ण हुए 20 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। ब्रज प्रांत के सह प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार ने बताया कि संघ प्रमुख डॉ0 मोहन भागवत मंगलवार को दोपहर दो बजे 20 करोड़ की लागत से सर्वप्रथम निर्मित दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रशासनिक भवन, क्लास रूम और बायोगैस जनरेटर चलित बुनकर केंद्र का लोकार्पण करेंगे। कुमार के अनुसार संघ प्रमुख इस अवसर पर आयुष पशु चिकित्सा संस्थान का शिलान्यास, पाठ्य पुस्तक विमोचन, गाय के आधार पर बनी फिल्म गोदान के पोस्टर का भी विमोचन करेंगे। इस अवसर पर वात्सल्य ग्राम संस्थापक साध्वी ऋतम्भरा एवं हंस फाउण्डेशन की मंगल माता अपने आशीर्वचन देंगी और आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य शंकर लाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। संघ प्रमुख के स्वागत के लिए दीनदयाल गऊ ग्राम परखम सजधज कर तैयार हो गया है। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए हैं। गांव के मुख्य मार्ग से लेकर लोकार्पण स्थल तक परखम रोड के दोनों ओर भगवा पताकाएं लहरा रही हैं। कार और बस से आने वाले स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के लिए सभा स्थल तक पहुंचने के अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। पार्किंग भी अलग-अलग रहेगी। दीनदयाल धाम की दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के निदेशक सोनपाल सिंह ने बताया कि मथुरा के परखम गांव में गौ-विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रशिक्षक केंद्र में आगामी दो वर्ष में दो सौ करोड़ की लागत से 15 अन्य प्रशिक्षण केंद्र और प्रकल्प स्थापित किए जाएंगे। उनका कहना था कि इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। यह ऐसा अनूठा केन्द्र होगा, जहाँ गौवंश नस्ल सुधार, पंचगव्य की गुणवत्ता सुधार पर विश्वस्तरीय अनुसंधान कार्य किए जाएंगे। उनके अनुसार गौ-विज्ञान, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र गाय से संबंधित विभिन्न विषयों पर अनुसंधान कार्य करेगा और गव्य उद्यमिता विकसित करने के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। यह विश्वपटल पर गाय से मनुष्यों के संवर्धन का उच्चतम मानक स्थापित करेगा तथा यहां विभिन्न विश्वस्तरीय प्रयोगशालाओं जैसे ट्रॉसलेशनल रिसर्च सेन्टर , मौलिक्यूलर बायोलॉजिकल टेस्टिंग लैब और एनिमल लैब का निर्माण किया जाएगा।

# मणिपुर को तोड़ने की कोशिश कर रही कुछ ताकतेंः बीरेन सिंह

भाषा। इंफाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि राज्य की मौजूदा स्थिति का समाधान खोजने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट रहना चाहिए। यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें राज्य को विघटित करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन लोगों को एकजुट रहना चाहिए। सिंह ने कहा, राजनीतिक मतभेदों को राजनीतिक ही रहने दें, लेकिन जब मुद्दा राष्ट्रीय या राज्य की एकता का हो तो सभी मतभेदों को खारिज कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह आपस में झगड़ने का समय नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी रचनात्मक आलोचनाओं, सलाहों और सुझावों का स्वागत करती है। सिंह ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की एकता पर कोई खतरा या यहां रहने वाले करीब 34 समुदायों के विघटन की इजाजत नहीं दे सकती।

# तमिलनाडु में पांच जिलाधिकारियों को ईडी का समन, उच्च न्यायालय का मंगलवार को आएगा आदेश

भाषा। चेन्नई

**मद्रास उच्च न्या**यालय तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को चुनौती देने संबंधी राज्य सरकार और पांच जिलाधिकारियों की याचिका पर मंगलवार को आदेश जारी करेगा। न्यायमूर्ति एस एस सुदंर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने अरियालुर, वेल्लोर, तंजौर, करूर और तिरूचिरापल्ली के जिलाधिकारियों की ओर से राज्य के लोक विभाग सचिव के. नंदकुमार की ओर से दायर याचिका पर आदेश सोमवार को 28 नवंबर के लिए सुरक्षित रख लिया। याचिका में, ईडी द्वारा जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। समन में, ईडी ने इन जिलाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में रेत खनन के आंकड़ों के साथ विभिन्न तारीखों पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा है। पीठ ने राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे और ईडी की ओर से उपस्थित हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरसन की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। नंदकुमार ने अदालत में दायर की गई याचिका में दलील दी है कि जांच की आड़ में ईडी ने विभिन्न जिलाधिकारियों को समन जारी कर उनके जिलों में रेत खनन पर जानकारी मांगी है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कथित तौर पर जांच करने के लिए उन्हें विभिन्न तारीखों पर एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

# पटनायक के निकट सहयोगी पांडियन बीजद में शामिल हुए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निकट सहयोगी एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी वी कार्तिकेयन पांडियन सोमवार को औपचारिक रूप से सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गए। पांडियन मुख्यमंत्री के आवास नवीन निवास में बीजद दल में शामिल हुए। वह मुख्यमंत्री, राज्य के अन्य मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ बीजद नेताओं की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने एक वीडियो संदेश में कहा, मैं पांडियन का बीजद में स्वागत करता हूं। वह पार्टी और ओडिशा के लोगों के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेंगे। पटनायक ने एक अन्य बयान में पांडियन के बारे में कहा, वह राज्य के लिए कई वर्षों से बहुत मेहनत कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने लोगों का सम्मान कमाया है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। पांडियन ने कहा, मैं भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के मार्गदर्शन में पार्टी और ओडिशा के लोगों के लिए पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करूंगा। पार्टी में शामिल होने से पहले पांडियन ने पुरी का दौरा किया और सुबह भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। बीजद नेता एवं पुरी से सांसद पिनाकी मिश्रा ने संवाददाताओं से कहा कि पांडियन ने मुख्यमंत्री के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया और पटनायक ने विश्वास जताया कि पांडियन पार्टी को भी उसी तरह सफलता दिलाएंगे, जैसी सफलता उन्होंने प्रशासन को दिलाई। मिश्रा ने कहा कि पांडियन का प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव पार्टी के लिए बड़ी पूंजी होगी। पांडियन 2000 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उनका नाम कई विवादों से जुड़ा रहा है और उन पर सेवा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगा था। उन्होंने इस साल 23 अक्टूबर को सरकारी सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। बाद में उन्हें कैबिनेट मंत्री का रैंक देते हुए राज्य की प्रमुख 5 टी (परिवर्तनकारी पहल) और नवीन ओडिशा योजना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है : पुलिस प्रमुख

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आर. आर. स्वैन ने सोमवार को यहां कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है और इसे अंजाम तक पहुंचाए बिना पीछे नहीं हटा जाएगा। गुरु पर्व के अवसर पर श्रीनगर के छठी पादशाही गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद स्वैन ने पत्रकारों से कहा, जैसा कि मैंने पहले भी कहा है कि यह लड़ाई अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। लड़ाई तभी खत्म होगी जब अन्य पक्ष यह स्वीकार कर ले कि इसमें कोई लाभ नहीं है और यह कदम उसे सिवाय खून-खराबे के कहीं और नहीं ले जाएगा। जम्मू क्षेत्र के राजौरी इलाके में हाल में दो अधिकारियों सहित पांच सैन्यकर्मियों की शहादत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जहां तक हमारी लड़ाई का संबंध है तो यह हकीकत है कि क्षति होती है लेकिन इस नुकसान को झेलते हुए हमें आगे बढ़ना होता है। इस युद्ध से पीछे नहीं हट सकते।



तेलंगाना में एक जनसभा के दौरान नेताओं का अभिवादन स्वीकारते पीएम मोदी

# अवैध रूप से घुसने के आरोप में छह बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में ली गईं

भाषा। जम्मू

**भारत में** अवैध रूप से घुसने के आरोप में छह बांग्लादेशी महिलाओं व लड़कियों को पुलिस ने यहां दो अलग-अलग जगहों से हिरासत में लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि हिरासत में ली गई महिलाओं में से पांच एक दलाल की मदद से जम्मू पहुंची थीं और कश्मीर जा रही थीं कि तभी उन्हें बठिंडी से हिरासत में ले लिया गया।अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य बांग्लादेशी महिला को गांधी नगर से हिरासत में लिया गया, जिसकी शादी जम्मू के रामबन जिले में हुई थी।अधिकारियों ने बताया कि उसे (बांग्लादेशी महिला) अन्य महिलाओं और लड़कियों के साथ कश्मीर जाना था। हिरासत में ली गईं महिलाओं की उम्र 14 से 60 वर्ष के बीच है।

# बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की जरूरतः मुर्मू

भाषा। पारादीप (ओडिशा)



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मू ने सोमवार को कहा कि देश में बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने तथा उनकी दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। मुर्मू ने यहां पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण द्वारा आयोजित बोइता बंदना (नाव पूजा) समारोह में यह बात कही। बोइता बंदना ओडिशा में मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है, जो राज्य की प्राचीन समुद्री गौरव गाथा की याद दिलाता है, जिसे पहले कलिंग के नाम से जाना जाता था। मुर्मू ने कहा कि सरकार का सागरमाला कार्यक्रम बंदरगाह गतिविधियों को मजबूत करने के लिए एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार समृद्धि के लिए बंदरगाह और प्रगति के लिए बंदरगाह के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्री व्यापार देश के व्यापार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि भारत के कुल व्यापार का मात्रा के हिसाब से 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से 65 प्रतिशत व्यापार समुद्री परिवहन के माध्यम से होता है। भारत के बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप अधिक दक्षता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मुर्मू ने कहा, इसीलिए भारतीय बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने और उनकी दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता है। ऐतिहासिक बालीयात्रा जावा, सुमात्रा और बाली द्वीपों के लिए व्यापारियों की एक प्रतीकात्मक नाव यात्रा है। बालीयात्रा ओडिशा के गौरवशाली अतीत की याद में मनाया जाने वाला एक अनोखा उत्सव है। मुर्मू ने कहा, प्राचीन काल से मनाया जाने वाला यह उत्सव ओडिशा के समुद्री व्यापार की समृद्धि का प्रतीक है। यह ओडिशा के लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक चेतना को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि समुद्र भारत के व्यापार, वाणिज्य और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने का एक प्रमुख साधन रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि समुद्र पर आधारित साहित्य ने भी भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। मुर्मू ने कहा कि ओडिशा और अन्य तटीय राज्यों में नौसैनिक वाणिज्य की एक लंबी और समृद्ध परंपरा है। राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार और वाणिज्य के अलावा, उन व्यापारियों ने विदेशों में भारतीय कला और संस्कृति को फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि पारादीप बंदरगाह की कार्गो प्रबंधन क्षमता पिछले दशक में दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि यह पूर्वी तट पर सबसे बड़ा बंदरगाह बनने की ओर अग्रसर है और इसे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट-2023 में पोर्ट ऑफ ऑपरेशनल एक्सीलेंस अवार्ड भी मिला है। मुर्मू ने मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का भी उद्घाटन किया, जिससे उम्मीद है कि यह व्यापार के पारदर्शी विकास को एक नई दिशा देगा।

# भुजबल ने मराठाओं को कुनबी प्रमाणपत्र देने पर रोक लगाने की मांग की

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने कुनबी जाति के प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक की और मराठा आरक्षण मुद्दे पर गठित न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संदीप शिंदे समिति को भंग करने की मांग की। भुजबल ने कहा कि वह मराठाओं को अलग से आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन फर्जी या जाली दस्तावेज जमा करके कुनबी (जाति) प्रमाणपत्र प्राप्त करने के तरीके के खिलाफ हैं। राज्य सरकार ने मराठा समुदाय के उन लोगों को कुनबी प्रमाणपत्र देने के लिए विशेष परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय करने के लिहाज से न्यायमूर्ति शिंदे की अध्यक्षता में पांच सदस्ईय समिति बनाई थी, जिन्हें निजाम कालीन दस्तावेजों में कुनबी कहा गया है। कुनबी (खेती से जुड़ा समुदाय) को महाराष्ट्र में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में रखा गया है। राज्य सरकार ने 31 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों से मराठा समुदाय के पात्र सदस्यों को कुनबी जाति का ताजा प्रमाणपत्र जारी करने को कहा था। भुजबल ने कहा कि मराठाओं को आरक्षण देते समय ओबीसी के लिए मौजूदा आरक्षण को कम नहीं किया जाना चाहिए। भुजबल ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्वतंत्रता पूर्व काल में निजाम शासन से कुनबी समुदाय की संबद्धता का पता लगाने के लिए समिति बनाई थी। उन्होंने कहा, मुझे इस प्रक्रिया से कोई आपत्ति नहीं है। मैं राज्य के अन्य क्षेत्रों के लोगों के विरुद्ध हूं जो कुनबी प्रमाणपत्र पाने के लिए झूठे दावे कर रहे हैं ताकि वे शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मौजूदा लाभ उठा सकें। भुजबल राज्य के प्रमुख ओबीसी नेता हैं। उन्होंने कहा, शिंदे समिति को मराठवाड़ा क्षेत्र में पर्याप्त प्रमाण मिले हैं। मराठवाड़ा के पात्र लोगों को प्रमाणपत्र मिलने चाहिए। उसका काम पूरा हो गया है और अब इसे भंग किया जाना चाहिए। उन्होंने रविवार को हिंगोली जिले में ओबीसी समुदायों की एक रैली में भी इसी तरह की बात कही थी। उन्होंने समुदाय के सदस्यों से एकजुट होने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने को भी कहा था।

